दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 28 | जयपुर | शनिवार, 30 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## महाराष्ट्र में बस हादसा, 12 की मौत, 16 घायल

### बाइक सवार को बचाने के दौरान बस रेलिंग से टकराकर पलटी, 30 से ज्यादा यात्री सवार थे



बढ़ता राजस्थान

**गोंदिया ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के गोदिंया में शुक्रवार दोपहर बस हादसे में 12 यात्रियों की मौत हो गई। 16 से ज्यादा यात्री घायल हैं। इनमें 10 की हालत गंभीर बताई गई है। दरअसल, महाराष्ट्र राज्य परिवहन महामंडल की शिवशाही बस भंडारा से गोदिंया आ रही थी। हादसा गोंदिया से 30 किमी पहले खजरी गांव के पास हुआ। लोगों के मुताबिक घटना 12.30 बजे के करीब की है। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस ड्राइवर से बस अनकंट्रोल हुई और सड़क किनारे की रेलिंग से टकराने के बाद पलट गई। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर मौके से भाग निकला। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया।

**बाइक को बचाने के चक्कर में बड़ा हादसा**

जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य परिवहन महामंडल की बस भंडारा से साकोली लखानी होते हुए गोंदिया जा रही थी। इस दौरान शिवशाही बस के सामने अचानक बाइक आ गई, बाइक को बचाने की चक्कर में बस चालक ने कट मार दिया। जिसके चलते बस बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में अब तक 12 यात्रियों की मौत खबर सामने आई है। हादसे में 16 यात्री गंभीर घायल हैं।


**हादसे के बाद बस चालक फरार**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महामंडल की शिवशाही बस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद बस चालक मौके से भाग निकला। इस के बाद लोगों ने तुरंत बस पलटने की सूचना पुलिस और एंबुलेंस सेवा को दी। सूचना के बाद पुलिस, जिला प्रशासन की टीम एंबुलेंस मौके पर पहुंची, घायलों को बस से निकालकर गोंदिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। फिलहाल पुलिस हादसे को लेकर जांच कर रही है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को जान से मारने की धमकी

### फोन करके कहा- बहुत उछल-कूद कर रहा है, गोली मार दूंगा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले व्यक्ति ने मदन राठौड़ को शुक्रवार सुबह कॉल किया। फोन उठाते ही सामने वाले व्यक्ति ने मदन राठौड़ को अपशब्द कहना शुरू कर दिए। कॉल करने वाले व्यक्ति ने राठौड़ को कहा- तू बहुत उछल-कूद कर रहा है। तुझे गोली मार दूंगा। राज्यसभा में इसलिए भेजा है क्या? मदन राठौड़ ने फोन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। पुलिस ने फोन करने वाले व्यक्ति को ट्रेस किया तो सिम अनूपगढ़ के व्यक्ति के नाम निकली। दोपहर बाद पुलिस ने धमकी देने वाले को डिटेन कर लिया।

घटना के बाद सीएम भजनलाल शर्मा, बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल सहित भाजपा के कई नेताओं ने फोन करके मदन राठौड़ से घटना की जानकारी ली।

**कभी बिहार तो कभी अनूपगढ़ का बताया**

धमकी देने वाले व्यक्ति को जब फिर से मदन राठौड़ के स्टाफ की ओर से फोन किया गया तो उसने पहले खुद को बिहार का रहने वाला बताया। फिर कहा कि वो अनूपगढ़ से बोल रहा है। जब उससे पूछा गया कि उसने मदन राठौड़ को धमकी क्यों दी, तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। उसके बाद उसे कई बार फोन किए गए। लेकिन, उसने फोन रिसीव ही नहीं किया। घटना के बाद मीडिया से बात करते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि मैंने ऐसा कोई काम ही नहीं किया, जिससे कोई व्यक्ति मुझे धमकी दे। मैंने तो फोन करने वाले व्यक्ति के अपशब्द कहने के बाद भी उससे पूछा कि भाई तुम्हें तकलीफ क्या है? क्यों इस तरह से बोल रहे हो?

**एक दिन पहले अजमेर दरगाह मामले में दिया था बयान**

मदन राठौड़ ने गुरुवार को दिल्ली से बयान जारी करके कहा था कि अजमेर दरगाह शरीफ का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे में उस संबंध में किसी प्रकार की टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। लेकिन, इतिहास गवाह है मुगलों ने भारत में आकर लूट मचाई। धार्मिक स्थलों को क्षतिग्रस्त किया और हमारे धार्मिक स्थलों पर कब्जा तक कर लिया। ऐसे में इतिहास का अध्ययन सभी को करना चाहिए और उसके अनुसार स्वयं को आगे बढ़कर ऐसा निर्णय करना चाहिए, जिससे समाज में सद्भाव बना रहे और हर वर्ग में भाईचारा कायम रहे।

## शिवसेना ने सीएम के बदले गृह और वित्त मंत्रालय मांगा...!

### भाजपा देना नहीं चाहती, इसलिए मुंबई में होने वाली महायुति की बैठक टली

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में नई सरकार बनाने को लेकर पेच फंस गया है। सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना मुख्यमंत्री पद के बदले गृह और वित्त मंत्रालय मांग रही है। इसलिए मुंबई में शुक्रवार को होने वाली महायुति (भाजपा+शिवसेना शिंदे गुट+एनसीपी अजित पवार) की अहम बैठक टाल दी गई। सूत्रों के मुताबिक कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अचानक सातारा चले गए हैं। अब महायुति की बैठक 1 दिसंबर रविवार को होने के आसार हैं। रविवार सुबह तक भाजपा के 2 पर्यवेक्षक दिल्ली से मुंबई आएंगे। इनकी मौजूदगी में भाजपा विधायक दल की मीटिंग होगी। इसमें 2 ऑब्जर्वर्स की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किया जाएगा। भाजपा मराठा चेहरे पर भी विचार कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, उसके बाद 5 दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। शिंदे के अचानक गांव जाने की वजह सूत्रों के मुताबिक, शिंदे पोर्टफोलियो बंटवारे की लिस्ट अमित शाह को सौंप चुके हैं। अब शिंदे भाजपा को फैसला लेने के लिए वक्त देना चाहते हैं इसीलिए वे गांव रवाना हुए हैं। उधर, शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा कि अगर एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम का पद स्वीकार नहीं करते हैं तो पार्टी से ही दूसरा चेहरा ये पद संभालेगा। मुझे नहीं लगता कि वे डिप्टी सीएम का पद स्वीकार करेंगे।



**एक दिन पहले फड़णवीस, अजित-शिंदे ढाई घंटे शाह से मिले**

एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने गुरुवार की रात दिल्ली में करीब ढाई घंटे तक गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ मीटिंग की। शिंदे ने आधे घंटे तक शाह से अकेले मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि हाईकमान ने शिंदे को डिप्टी सीएम या केंद्र में मंत्री पद का ऑफर किया है। शिंदे केंद्रीय मंत्री बनने का मन बनाते हैं तो उनके गुट से किसी अन्य नेता को डिप्टी सीएम बनाया जा सकता है।

भाजपा मराठा नेताओं पर भी विचार कर रही माना जा रहा है कि सीएम चुनने में जातीय गणित की बड़ी भूमिका हो सकती है, क्योंकि 288 सीटों की विधानसभा में मराठा समुदाय के विधायक बड़ी संख्या में हैं। देवेंद्र फडणवीस ब्राह्मण हैं। ऐसे में भाजपा नेतृत्व सीएम के लिए कुछ मराठा नेताओं पर भी विचार कर रहा है। हालांकि, सूत्रों की मानें तो आरएसएस ने दबाव बढ़ाया तो फडणवीस के सीएम बनने की संभावना ज्यादा है।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करते पकड़ा गया भारतीय

### ओखा, द्वारका, जामनगर से भारतीय सैनिकों की जानकारियां पाकिस्तान भेज रहा था

बढ़ता राजस्थान

**पोरबंदर।** गुजरात एटीएस ने एक बार फिर भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की जासूसी करने के आरोप में एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओखा बीच पर एक निजी कंपनी में एजेंट की नौकरी करता था। इसी की आड़ में ओखा, द्वारका, जामनगर से भारतीय सैनिकों से जुड़ी जानकारियां पाकिस्तान भेजता था। गुजरात एटीएस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ समय से भारतीय तटरक्षक बल और समुद्री सीमा के बारे में कुछ अहम जानकारियां पाकिस्तान तक पहुंच रही थीं। इस पूरे मामले में गुजरात एटीएस की टीम कई दिनों से ओखा के एक शख्स को ट्रैक कर रही थी। इसका नाम दिनेश गोहिल बताया गया है। जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया, तो पता चला कि उसने तटरक्षक बल की काफी जानकारियां पाकिस्तान पहुंचाई हैं।

**सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आया था**

प्रारंभिक पूछताछ में दिनेश गोहिल ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए वह पाकिस्तान के कुछ लोगों के संपर्क में आया था। पैसों के लिए उसने भारतीय तटरक्षक बलों और भारतीय समुद्री सीमा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण तस्वीरें पाकिस्तान भेजीं। पुलिस ने दिनेश के संपर्क में रहने वालों की भी जांच शुरू कर दी है।

**एक महीने पहले पोरबंदर से पकड़ा गया था जासूस**

गौरतलब है कि करीब एक महीने पहले ही पोरबंदर से पंकज कोटिया नाम के एक शख्स को जासूसी करते पकड़ा गया था। यह शख्स भारतीय कोस्ट गार्ड की लोकेशन और अन्य कई खुफिया जानकारी पाकिस्तान पहुंचा रहा था। पंकज भी पैसों के लालच में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के एजेंट्स के संपर्क में आया था।

## नगरीय विकास विभाग की समीक्षा बैठक

### नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार, बजटीय घोषणाओं को समय से करें पूरा : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शहरी बुनियादी ढ़ांचे को विश्व स्तरीय बनाने एवं जनसुविधाओं को सशक्त, समावेशी बनाने की प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को दी जा रही सेवाओं के स्तर को बेहतर बनाया जाए तथा नगरीय विकास के लिए नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया जाए, ताकि शहरी विकास के नए आयाम स्थापित हो सके। मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित नगरीय विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बजट में विभागीय घोषणाओं की समीक्षा कर उनकी कार्यप्रगति की जानकारी ली तथा उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की अधिक जरूरत वाले स्थानों पर संसाधनों का पहले प्रयोग किया जाए, ताकि जनता को शीघ्र राहत मिल सके।

**जयपुर को ट्रेफिक से निजात दिलाने के लिए बनाएं प्रभावी कार्ययोजना**

शर्मा ने कहा कि बढ़ती आबादी के चलते जयपुर में यातायात भार लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में क्षेत्र का ट्रेफिक प्रबंधन बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को ट्रेफिक जाम से निजात दिलाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जयपुर कलेक्ट्रेट सर्किल एवं गांधीनगर मोड़ पर बढ़ रहे यातायात भार के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रेफिक डाइवर्जन के लिए वैकल्पिक मार्गों का भी विकास किया जाए। मुख्यमंत्री ने रिद्धी-सिद्धी फ्लाईओवर, इमलीफाटक फ्लाईओवर, सांगानेर फ्लाईओवर से चौरड़िया पेट्रोल पम्प तक एलिवेटेड रोड़, सिविल लाइन्स आरओबी, रामबाग गोल्फ क्लब पार्किंग की प्रगति की जानकारी ली तथा इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने द्रव्यवती नदी का सौन्दर्यीकरण, आई.पी.डी. टावर के निर्माण, जयपुर मेट्रो के विस्तार, रिंग रोड़ के निर्माण, आरओबी, आरयूबी, सेक्टर रोड़, ऐलिवेटेड रोड़ सहित विभिन्न विकास कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**हाउसिंग बोर्ड की संपत्तियों का विवरण हो ऑनलाइन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड का मुख्य काम आमजन को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में मण्डल अपनी आवासीय योजनाओं की गति में तेजी लाए। साथ ही, मण्डल की सभी सम्पत्तियों का विवरण ऑनलाइन हो, ताकि लोगों को इनकी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि नई आवासीय योजनाओं में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए, साथ ही ऑनलाइन आवेदन तथा ई-नीलामी की प्रक्रिया को अधिक प्रभावशाली बनाया जाए।

**रिक्त पदों पर शीघ्र करें भर्ती**

शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान आवासन मण्डल, मुख्य नगर नियोजक सहित नगरीय विकास विभाग के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास विभाग द्वारा जल्द से जल्द अपने अभियान्त्रिकी संवर्ग के सेवा नियम बनाए जाएं, जिससे राजस्थान लोक सेवा आयोग के माध्यम से शीघ्र नवीन पदों पर भर्ती की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विभागों में लम्बे समय से एक स्थान पर कार्यरत कार्मिकों को बदला जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।







सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित




# टोंक इन्वेस्टर मीट में रामाज रिसोर्ट के मालिक मोहित ने किया एमओयू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/टोंक।** टोंक इन्वेस्टर मीट में रामाज रिसोर्ट के मालिक मोहित ने भाग लिया और एक एमओयू साइन किया। रामाज रिसोर्ट जयपुर-टोंक बॉर्डर पर स्थित है और यह टोंक ज़िले की शान है। यहाँ 90 कमरे, 3 गार्डन, 2 बैंक्वेट हॉल और 10,000 लोगों तक के विवाह समारोह के लिए स्थान उपलब्ध है। इसके अलावा, मुस्कान रेस्टोरेंट में शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसा जाता है, जहाँ आप विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

# राजस्थान के 350 बिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के रोडमैप पर चर्चा

## जयपुरिया, जयपुर और पीएचडीसीसीआई ने आयोजित किया सेमिनार

बढ़ता राजस्थान

### विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया उद्घाटन

**जयपुर( का.स. )।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर में 'विकसित राजस्थान-350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर' विषय पर राजस्थान विकास संवाद-2024 के 8 वें वार्षिक सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की उपस्थिति में आयोजित सेमिनार में खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में राजस्थान की समृद्ध विरासत, तकनीकी प्रगति और उद्यमशीलता की भावना की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया गया। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के सहयोग से आयोजित सेमिनार में वासुदेव देवनानी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे ये विकास रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रहे हैं और राजस्थान के आर्थिक सशक्तिकरण को उत्प्रेरित कर रहे हैं।

पीएचडीसीसीआई राजस्थान चैप्टर के रेजिडेंट डायरेक्टर डॉ. आरके. गुप्ता ने राष्ट्रीय विकास में राजस्थान के उद्यमियों के योगदान की सराहना की। मुख्य अर्थशास्त्री और पीएचडीसीसीआई के उप महासचिव, एस.पी. शर्मा ने 104 ट्रिलियन डॉलर की वैश्विक अर्थव्यवस्था के भीतर राजस्थान की आर्थिक क्षमता का संदर्भ दिया जिसमें भारत का योगदान 3.9 ट्रिलियन डॉलर है। उन्होंने भारत के आर्थिक भविष्य में इसके बढ़ते महत्व को रेखांकित करते हुए, 2030 तक राजस्थान के अधिशेष अर्थव्यवस्था में विकसित होने की भविष्यवाणी की।

जयपुरिया के डायरेक्टर डॉ. प्रभात पंकज ने पीएचडीसीसीआई के साथ अपने सहयोग, अनुसंधान, सामाजिक प्रभाव और छात्रों के लिए वैश्विक प्रदर्शन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता पर अंतर्दृष्टि साझा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्वेत पत्र रिपोर्ट 2024 का विमोचन था, जिसे पीएचडीसीसीआई के साथ साझेदारी में प्रथम वर्ष के छात्रों ने तैयार किया था। प्रारंभ में संयोजक डॉ. वरुण चोटिया ने संगोष्ठी विषय से परिचित कराया। सेमिनार में नौ उच्च-प्रभावशाली पैनल चर्चाएँ आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न दृष्टिकोणों और विशेषज्ञता को प्रदर्शित किया गया। युवा नेताओं को सशक्त बनाने पर आधारित सत्र में गौरंग सिंघल, सीईओ, नेचर विंडोज, राघव काबरा, सीओओ,




राघव प्रोडक्टिविटी एन्हैंसर्स लिमिटेड, आयुष्मान फलौद, निदेशक, ब्लैकस्टोन फूडक्राफ्ट, और परेश गुप्ता, संस्थापक और सीईओ, जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन जैसे इनोवेटर्स ने भाग लिया। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रणनीतियों पर चर्चाओं में वी.एस. शेखावत, सचिव, एडीटीओआई, जितेंद्र सिंह राठौड़, सीएमडी, रॉयल डेजर्ट सफारीज़ प्रा. लि., और बालेंदु सिंह, मालिक, होटल देव विलास जैसे प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। निवेश और व्यापार के अवसरों को खोलने पर आधारित सत्र में राजेंद्र भानावत, पूर्व एमडी, रीको और नागेश शर्मा, जीएम (आर), ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन जैसे प्रमुख वक्ताओं ने भाग लिया। अंततः, फिनटेक इनोवेशन पर आधारित सत्र का नेतृत्व संजय सिंह राजावत, सीईओ, वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड और अभिजीत सक्सेना, सीईओ, मायरुपया ने किया, जिन्होंने उद्योग के भविष्य पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि दी। सेमिनार का समापन एक वैलिडिक्टरी सत्र के साथ हुआ, जिसमें विमल कटियार, पार्टनर, वीके प्लास्ट, कार्यकारी सदस्य, लघु उद्योग भारती जयपुर, राजस्थान, और डॉ. शुभम सिंघानिया, सह-संयोजक, ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# बाल विवाह मुक्त भारत हम सभी की ज़िम्मेदारी, मिलकर करना होगा इस कुप्रथा का अंत : भुवन ऋभु

## तारपुरा ग्राम पंचायत में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आगाज,

### ज़िले में हुए विभिन्न आयोजन, ग्रामीणों ने निकाली मशाल रैली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** राष्ट्रव्यापी अभियान को हमे मिलकर ज़िम्मेदारी से उठाना होगा । सभी के सामूहिक प्रयास से ही इस कुप्रथा को समाप्त किया जा सकता है । उक्त विचार सीकर ज़िले में भारत सरकार के महिला एवम् बाल विकास मंत्रालय के आह्वान के समर्थन में ज़िले की पिपराली पंचायत के तारपुरा ग्राम पंचायत में गायत्री सेवा संस्थान, उदयपुर एवम् जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलाइंस के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के आगाज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन (जेआरसी) के संस्थापक भुवन ऋभु ने ऑनलाइन व्यक्त किए । इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्थानीय सरपंच संतरा देवी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुआ कहा कि नन्ही उम्र खेलने, पढ़ने और आगे बढ़ने का समय है । बचपन में बच्चों को बाल विवाह के दलदल में डालना किसी पाप से कम नहीं । बाल विवाह समाज पर कलंक है हमे सभी को मिलकर इसे मिटाना होगा । इस अवसर पर गायत्री सेवा संस्थान के जिला समन्वयक नरेश कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित इस अभियान से निश्चित ही बाल विवाह की रोकथाम एवम् जन-जागरूकता में काफ़ी सहायता मिलेगी द्य आज पूरे राष्ट्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर बाल विवाह मुक्त समाज हेतु स्थानीय जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को शपथ दिलवाने की भारत सरकार की अपील में सहयोगी बनकर सीकर ज़िले की पहल सराहनीय है द्य जल्द ही ज़िला प्रशासन के साथ मिलकर ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने हेतु प्रयास किया जाएगा । सैनी ने बताया कि ज़िले में ज़िला प्रशासन के साथ मिलकर प्रातः 10 बजे से शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिसमे प्रातः ज़िले के चयनित राजकीय बालिका स्कूल दौलतपुरा में दिल्ली में चल रहे कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया और बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलवाई गई एवम् शाम को समापन तारपुरा ग्राम पंचायत में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम् मशाल यात्रा निकालकर किया गया इस अवसर पर स्थानीय सरपंच संतरा देवी,कैलाश नारायण शर्मा हरलाल कड़वासरा नेमीचंद खेडड सुदर्शन शर्मा,नंदलाल सेन बाबूलाल चायल लक्ष्मण सिंह शेखावत ताराचंद भगत बजरंग लाल जांगिड़ भगवती देवी भंवरलाल पंच मनीष जांगिड़ समाजसेवी रघुवीर मील, बनवारी लाल पंकज कुमारी ने भी विचार प्रकट किए । कार्यक्रम के अंत में सरपंच सहित स्थानीय ग्रामीणों, बच्चों और गायत्री सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहते हुए गाँव में बाल विवाह मुक्त समाज का संदेश देते हुए मशाल यात्रा निकाली और बाल विवाह नहीं करवाने की शपथ ली ।

# बाइकर बडी-3 का पच्चीस दिसम्बर को होगा शुभारंभ

## सुरक्षित राइडिंग और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने का देंगे संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** हर साल की तरह इस साल भी बहुप्रतीक्षित बाइकर बडी-3 का आयोजन पूरे उत्साह के साथ लॉन्च किया गया। यह बाइकर बडी-3 का पच्चीस दिसम्बर को शुभारंभ होगा। जिसमें रैली, म्यूजिकल नाईट सहित अवार्ड कार्यक्रम रहेगा। जिसके चलते इस आयोजन का पोस्टर विमोचन प्रवीण व्यास, इमरान जाफर और तन्वी खान ने टीम के संस्थापकों ताहिर और कहानवी के साथ किया। जर्संस्थापक ताहिर और कहानवी ने बताया कि बाइकर बडी अपने तीसरे संस्करण में मोटरबाइकिंग के जुनून को सामाजिक उद्देश्यों जैसे युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य समर्थन और पर्यावरण जागरूकता से जोड़ने की अनोखी पहल है। इस साल का संस्करण राइडर्स और समुदाय के लिए और भी उत्साहजनक गतिविधियों के साथ आ रहा है। इस कार्यक्रम की खास बात थी दुनिया के पहले बाइकर अवेयरनेस कैलेंडर का विमोचन। यह अनोखा कैलेंडर उन राइडर्स को सराहता है। जिन्होंने सुरक्षित राइडिंग प्रथाओं और हरे-भरे पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह




पहल न केवल उनके प्रयासों का सम्मान करती है बल्कि अन्य लोगों को भी जिम्मेदारी से राइड करने और पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान देने के लिए प्रेरित करती है।

# एईएसएल की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे 2024 में 2 हजार 600 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने दौसा में राष्ट्रीय स्कॉलरशिप परीक्षा, आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 24 नवंबर और 25 नवंबर आयोजन किया। इस परीक्षा में दौसा संभाग के 14 केंद्रों से लगभग 2 हजार 600 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दौसा जिले में मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले राष्ट्रीय स्तर की संस्था, आकाश इंस्टीट्यूट, ने अपनी शाखा खोलते ही एंथे परीक्षा के माध्यम से छात्र-छात्राओं को एक बड़ी सौगात दी। अब नीट व जेईई के छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने के लिए दौसा से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए अब आकाश इंस्टीट्यूट की शाखा दौसा में ही राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रदान करेगी। कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थी, और मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले विद्यार्थी अब यहां एडमिशन ले सकते हैं।

गौरतलब है कि एंथे 2024 को राज्य में स्कूल समुदाय और अभिभावकों से भारी समर्थन और प्रशंसा मिली। जिसमें लगभग 10 लाख छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। (एंथे ) दो चरणों में ऑनलाइन और ऑफलाइन आयोजित की गई थी। पहले चरण की ऑनलाइन परीक्षा 19 अक्टूबर, 2024 को जबकि ऑफलाइन परीक्षा 20 अक्टूबर, 2024 को हुई थी।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के एमडी एवं सीईओ, दीपक मेहरोत्रा ने कहा, फ्रएंथे को पिछले एक दशक में मिली प्रतिक्रिया से हम अभिभूत हैं, और इस वर्ष तो विशेष रूप से। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का स्कॉलरशिप प्रोग्राम आज देश में स्कूल के छात्रों के लिए मेडिकल या आईआईटी के सपनों को पूरा करने का सबसे बड़ा द्वार




है।फ्र एंथे छात्रों को मेडिकल (नीट), इंजीनियरिंग (जेईई) और फाउंडेशन क्लासरूम पाठ्यक्रमों पर 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त करने का अवसर देती है। इसके अलावा, टॉप स्कोरर छात्र देशभर में नकद पुरस्कार के लिए योग्य होंगे। इसके अतिरिक्त, टॉप 5 छात्र फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर में 5 दिन की यात्रा जीतने का अवसर मिलेगा।

# 68वीं स्कूली राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता अंडर-17 कैटेगरी में राजस्थान टीम को मिला रजत पदक

## एसएआई जयपुर सेंटर से विशाल चौधरी ने कोच को दिया जीत को श्रेय

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** 68वीं स्कूली राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता अंडर-17 कैटेगरी में राजस्थान टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में आयोजित प्रतियोगिता में राजस्थान कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल में महाराष्ट्र को 9 अंकों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसके बाद फाइनल में हरियाणा और राजस्थान के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। हालांकि हरियाणा ने 13 अंकों से राजस्थान को हरा दिया लेकिन राजस्थान टीम के खिलाड़ियों ने मैच को अंत तक रोमांचक बनाए रखा। प्री क्वार्टर में राजस्थान टीम ने केवीएस को तीन अंको से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इसके बाद केरला टीम को 32 अंकों की बडी शिकस्त दी और सेमीफाइनल में जगह बनाई। राजस्थान कबड्डी टीम में विशाल चौधरी, मुकेश, बीरबल, आशीष, मोहित,वीरेंद्र ने शानदार प्रदर्शन किया। राजस्थान टीम से खिलाड़ी



विशाल चौधरी ने अपनी जीत का श्रेय भारतीय खेल प्राधिकरण जयपुर की सहायक निदेशक प्रज्ञा सैनी और कबड्डी कोच राहुल कुमार को दिया। एसएआई एसटीसी जयपुर सेंटर के कबड्डी कोच राहुल कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए टीम भावना और खेल भावना ज़रूरी है।

# फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर टूर्नामेंट 30 नवंबर से

## तीन दिसंबर तक चलने वाला यह चार दिवसीय टूर्नामेंट जयपुरिया क्रिकेट अकादमी में खेला जायेगा

### इस टूर्नामेंट में देश भर के 56 शीर्ष दिव्यांग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे

### 4 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में 6 लीग मैच के साथ एक फाइनल मैच खेला जायेगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** राजस्थान डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) पैट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से जयपुर के प्रसिद्ध जयपुरिया क्रिकेट अकादमी में 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक प्रतिष्ठित फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर टूर्नामेंट 2024 की मेजबानी करेगा। राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से हो रहे इस नेशनल लेवल के टूर्नामेंट में देश भर के 56 शीर्ष दिव्यांग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जो 20 सदस्यीय इंडियन नेशनल फिजिकली डिसेबल्ड क्रिकेट टीम में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे। चयनित टीम 14 जनवरी 2025 से श्रीलंका में आयोजित होने वाली बहुप्रतीक्षित फोर नेशंस




क्वाड्रीलेटरल सीरीज़ में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। जिसमें भारत, यूके, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें शामिल होंगी।

यह टूर्नामेंट एडोर, सरस और गायत्री इंडस्ट्रीज द्वारा पावर्ड बाय है और इसके सपोर्टिव पार्टनर्स सेल्मोर, रोस्टवे फूड्स, एसईपीएल इंफ्रा, आंगन चाइल्ड क्लीनिक, हुनर क्रिएटिव, जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी और देवांशी ज्वैलर्स है। राजस्थान डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) की अध्यक्ष ज्योत्सना चौधरी ने बताया कि यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के तत्वावधान में डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) और फिजिकली चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीसीसीएआई) द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें आरडीसीए मेजबान संघ है।

# जयपुर बेस्ड एक्ट्रेस प्रोड्यूसर इति आचार्य बनीं 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का हिस्सा

## बॉलीवुड फिल्म द मेहता बॉयज़ के प्रीमियर के लिए रेड कार्पेट पर चलने का मिला मौका

बढ़ता राजस्थान

### फेस्ट के दौरान गुनीत मोंगा, मुकेश छाबड़ा, आशुतोष गोवारिकर, सुभाष घई, बोमन ईरानी, कृति सैनन, राजकुमार राव, भूमि पेडणेकर, नागार्जुन जैसे अन्य सितारों से की मुलाकात

**जयपुर( का.स. )।** अभी हाल ही में गोवा में आयोजित हुए 55 वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) गोवा में जयपुर बेस्ड एक्ट्रेस प्रोड्यूसर इति आचार्य ने हिस्सा लिया। इति ने इस फिल्म फेस्ट के ही एक दूसरे पार्ट फिल्म बाजार में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इति ने यहां भारतीय सिनेमा, अभिनय, फिल्म मेकिंग, इंडस्ट्री की वर्तमान स्थिति जैसे अन्य विषयों पर चर्चा की और अपने विचार साझा किए। इस दौरान इति की मुलाकात बॉलीवुड, टॉलीवुड और हॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर के साथ भी हुई। इति ने इस फिल्म फेस्टिवल के अनुभवों के बारे में बात करते हुए बताया कि मुझे गर्व है कि मुझे 55 वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) गोवा और इसके एक महत्वपूर्ण हिस्से फिल्म बाजार का हिस्सा बनने का अवसर मिला। आईएफएफआई के उद्घाटन और समापन समारोह में भाग लेने के साथ-साथ, मुझे बॉलीवुड फिल्म द मेहता बॉयज़ के प्रीमियर के लिए रेड कार्पेट पर चलने का भी मौका मिला। यह फिल्म बोमन ईरानी द्वारा निर्देशित और अभिनीत है। वह अपनी हाल ही में बनी हिंदी फिल्म का भी प्रचार कर रही है, जो अगले साल रिलीज़ के लिए तैयार है। इस फिल्म में इनामुल हक, फैसल रशीद और वह खुद मुख्य भूमिकाओं में हैं। आईएफएफआई के दौरान मुझे



एक नई मलयालम फिल्म का ऑफर भी मिला और वह जल्द ही इस प्रोजेक्ट की टीम से जुड़ी जानकारी साझा करेगी।

# जिला बार एसोसिएशन के चुनावो मे कोषाध्यक्ष पद पर बलवन्त सिंह चोहान निर्विरोध निर्वाचित, शेष अन्य पदो पर सीधी टक्कर



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला बार ऐसोसिएशन संस्था ब्यावर के वार्षिक चुनाव 2024-25 पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार 29 नवम्बर 2024 को मुख्य चुनाव अधिकारी चन्द्रविजय सिंह के नेतृत्व में सहायक चुनाव अधिकारी मोहम्मद अशफाक, बालकिशन गोठवाल, हनुमान सिंह राठौड, नितेश वर्मा की मौजूदगी में नामांकन पत्रों की जांच की गई। सहायक चुनाव अधिकारी एडवोकेट बालकिशन गोठवाल ने जानकारी देते हुये बताया कि प्राप्त नामांकन पत्रों के दावेदारों में अध्यक्ष पद के लिये प्रत्याशी दिलीप सिंह गोरा, लक्ष्मण सिंह पंवार व संजय नाहर है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद हेतु तुषार दुबे, मगन कुमार सोलंकी, रीषिराज सिंह चौहान एवं श्याम प्रताप सिंह तथा सचिव पद हेतु भरत सांखला एवं नरेन्द्र कुमार शर्मा तथा सहसचिव पद हेतु विजय कुमार फूलवारी व पवन बाघमार, एवं पुस्तकालय अध्यक्ष पद हेतु शम्भू सिंह यादव, इन्द्रराज प्रजापत एवं पंकज अरोडा के नामांकन पत्र सही पाये गये है। आगामी 30 नवम्बर 2024 से 2 दिसम्बर 2024 तक नामांकन वापसी का समय तय किया गया। नामांकन वापसी के पश्चात बार चुनाव के मुकाबलों की स्थिति साफ हो पायेगी।

कोषाध्यक्ष पद हेतु एक ही नामांकन बलवंत सिंह चौहान का नामांकन प्राप्त हुआ जो निर्विरोध निर्वाचित हुए। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य हेतु कुल 7 नामांकन प्राप्त हुए जिन्हें भी निर्विरोध निर्वाचित किया गया। जिनमें विकास चौहान, रहमत काठात, महेन्द्र सिंह रावत, अविनाश खाटवा, विजय पारीक, कमल किशोर एवं मुकेश जटिया चुने गये। जिला बार एसोसिएशन संस्था ब्यावर द्वारा उपखण्ड अधिकारी के विरूद्ध चलाया जा रहा धरना लगातार जारी तथा समस्त राजस्व न्यायालयों का बहिष्कार भी जारी है।

# ट्रेन में चढ़ते समय यात्रियों के बैग से गोल्ड चुराने वाली दो महिलाओं सहित तीन बदमाशों को पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जीआरपी थाना पुलिस ने ट्रेनों में चढ़ने के दौरान उनके बैग्स से गोल्ड ज्वैलरी चुराने वाली तीन दो महिलाओं सहित तीन बदमाशों को पकड़ा है। उनके पास से पुलिस ने तेरह लाख रुपए से अधिक की गोल्ड ज्वैलरी बरामद की है। पुलिस ने रेलवे स्टेशन की तरफ आने वाले रास्तों के और अन्य भवनों के सीसीटीवी की मदद से बदमाशों को पकड़ा है। थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि ट्रेनों में बढ़ती चोरी की वारदातों को रोकने के लिए एक एक्शन प्लान बनाया गया। इसी के तहत पूर्व में दर्ज मामलों की जांच करते हुए बदमाशों की खोज शुरू की गई। 28 नवम्बर को पूजा कंवर निवासी गोगामेडी ने मामला दर्ज करवाया कि था कि ट्रेन में चढ़ने के दौरान किसी ने उसके बैग् से सोने के जेवरात पार कर लिए। चढ़ने के दौरान एक महिला मुझे संदिग्ध काम करती नजर आई थी। इस आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। उसके पर्स में करीब तेरह लाख रुपए के जेवरात रखे थे। घटना ढेहर के बालाजी रेलवे स्टेशन की है। थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया इस मामले में मूलतः गुजरात हाल हरमाडा निवासी तीस वर्षीय किरण उर्फ बबलू पत्नी रवी उर्फ सूरज, भैरु जी का मंदिर रैगर कॉलोनी बैनाड निवासी तीस वर्षीय भारती और बापू नगर कच्ची बस्ती विद्याधर नगर निवासी नवीन को गिरफ्तार किया गया है। दोनों महिलाएं मूलतः गुजरात की रहने वाली है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# पटवारी छह हजार की रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) भीलवाड़ा-प्रथम ने शाहपुरा में कार्रवाई करते हुए ग्राम रीठ अतिरिक्त चार्ज साखड़ा तहसील कोटड़ी जिला शाहपुरा के पटवारी अनिल कुमार को परिवादी से छह हजार की रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की भीलवाड़ा-प्रथम टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि कृषि भूमि पर थ्री फेस कनेक्शन की फाइल पर हस्ताक्षर करने एवं राजस्व रिकार्ड में कुआं का इन्द्राज करने की एवज में पटवारी अनिल कुमार दस हजार की रुपये रिश्वत मांग रहा है।जिस पर एसीबी भीलवाड़ा-प्रथम की पुलिस निरीक्षक कल्पना की ओर से ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी अनिल कुमार को छह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि पटवारी की ओर से रिश्वत लेनदेन के समय दिये गये 8 हजार रुपये रिश्वत राशि में से 2 हजार रुपये परिवादी को मौके पर वापस लौटा दिये थे।

# लापरवाही या दुस्साहस : नौनिहालों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं निजी स्कूल संचालक

## शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों की अवहेलना, ठंड में नन्हे बच्चों को हो रही है परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( लालचंद माली )।** शहर की भगत सिंह कॉलोनी स्थित टिंकल बैल पब्लिक स्कूल, दीनदयाल कॉलोनी स्थित ईम्मानुअल स्कूल, वनस्थली मोड रीको स्थित के एन मोदी ग्लोबल स्कूल सहित कई निजी स्कूल संचालक शिक्षा विभाग के शिविरा पंचांग की खुल्लेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं । छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बालकों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं ,सर्दी से किसी बालक का स्वास्थ्य खराब होने पर उसका जिम्मेदार कौन होगा ? इसे दुस्साहस नहीं तो और क्या कहेंगे ? शिक्षा विभाग की ओर से सर्दी से बचाव के लिए स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जाता है जिसके आधार पर ही स्कूलों का संचालन होता है लेकिन निजी स्कूलों के संचालक अपनी हटधर्मिता के कारण सरकारी नियमों का पालन नहीं कर अपनी मनमानी से समय तय करते हैं जिससे नौनिहालों को ठिठुरती सर्दी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है । सर्दी में ठिठुरते हुए स्कूल जाते हैं इसे देखते हुए शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को शिविरा पंचांग के अनुसार ही संचालित करने के आदेश जारी किए हैं ।

जानकारी के अनुसार आदेश में यह भी लिखा हुआ है कि अगर किसी स्कूल संचालक ने आदेश की अवहेलना की तो, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी । शीतकाल में सरकारी एवं निजी स्कूलों का संचालन एक पारी में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगा इसके साथ ही दूसरी पारी विद्यालय का संचालन सुबह 7.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक होगा।

क्षेत्र में संचालित अधिकांश गैर सरकारी विद्यालय वर्तमान में शिविरा कैलेंडर की पूर्णत : पालना नहीं कर रहे हैं । सर्दी बढ़ने के बाद भी विद्यालय का संचालन पूर्व की तरह ही किया जा रहा है जबकि शिक्षा विभाग की ओर से सभी गैर सरकारी विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं की विद्यालय का संचालन शिविरा पंचांग के अनुसार ही हो ।जानकारी के अनुसार अगर आदेश की अवहेलना करते हैं तो मान्यता एवं क्रमोन्नति प्रत्याहित की जा सकती है । उधर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इसके बारे में बताया तो उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के डायरेक्टर की गाइडलाइन का सौ प्रतिशत पालन करवाया जाएगा।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपिका सेमुअल का कहना है कि जिन गैर सरकारी विद्यालयों द्वारा शिविरा पंचांग का पालन नहीं किया जा रहा है उनको नोटिस देकर शिक्षा विभाग के डायरेक्टर से मिली गाइडलाइन का पालन करवाया जाएगा।







# युवाओं के बेहतर भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा सीआईआई का सेंटर -राठौड़

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, गौरीशंकर मंडावेवाला ने लोहिया कॉलेज में किया सीआईआई मॉडल कैरियर सेंटर का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया कॉलेज में गौरीशंकर एवं निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन की पहल पर देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) की ओर से स्थापित मॉडल कैरियर सेंटर का उद्घाटन शुक्रवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने किया।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्किल्ड युवाओं के दम पर देश को विकसित देश बनाने का स्वप्न देख रहे हैं। इसी सपने को साकार करने की दिशा में चूरू का यह मॉडल कैरियर सेंटर यहां के युवाओं के लिए महत्त्वपूर्ण साबित होगा। सेंटर भावी पीढ़ी को सही राह दिखाने की दिशा में काम करेगा और युवाओं के भावी जीवन को तराशने के लिए युवाओं के मजबूत कदम उठेंगे। उन्होंने भारत सरकार की योजनाओं और राइजिंग राजस्थान की चर्चा करते हुए इस सेंटर को स्थापित करने के लिए गौरीशंकर एवं निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन के संरक्षक गौरीशंकर मंडावेवाला और सीआईआई के नेशनल हैड सौरभ मिश्रा का आभार जताया ।

विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि गौरीशंकर एवं निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन की ओर से यह अभूतपूर्व पहल की गई है जो चूरू के युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि सेंटर द्वारा हर साल एक हजार युवाओं को स्किल्ड बनाने और रोजगार देने का संकल्प बड़ी सराहनीय बात है। जिला क्रिकेट एशोसिएशन के अध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ ने युवाओं को कामयाबी



के लिए जरूरी टिप्स दिए और कहा कि अपने सपने को साकार करने के लिए आपको दिन-रात एक करना होता है तथा पूरी एकाग्रता से मेहनत करनी होती है।

फाउंडेशन के संरक्षण गौरीशंकर मंडावेवाला ने कहा कि शेखावाटी के वाशिंदों ने अपनी काबिलियत और मेहनत से पूरी दुनिया में छाप छोड़ी है। हमारी यह सोच है कि जब यहां का युवा योग्य है तो उसे समुचित मार्गदर्शन और आगे बढ़ने के समुचित अवसर मिलने ही चाहिए।

अध्यक्षता करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ मंजु शर्मा ने सेंटर के लिए फाउंडेशन तथा सीआईआई का आभार जताया तथा कॉलेज में संसाधनों के विकास के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ तथा विधायक हरलाल सहारण का आभार जताया। उन्होंने पूर्व नेता प्रतिपक्ष तथा विधायक के समक्ष कॉलेज की जरूरतों को रखा, जिस पर दोनों ने आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

फाउंडेशन के वेणुगोपाल अग्रवाल ने इस सेंटर के स्थापना के पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी प्रोफेशनल लाइफ में यह महसूस किया कि चूरू के युवाओं के लिए अवसरों की कमी है। इस लिहाज से चूरू के युवाओं में कौशल विकसित करने और उन्हें रोजगार के अवसर दिलाने के लिए यह सेंटर स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेंटर में युवाओं के लिए संसाधनों की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

इस दौरान स्वामी गोपालदास बालिका महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सीएल वर्मा, बसंत शर्मा, पूर्व सभापति विजय शर्मा, प्रो. सरोज हारित, सुरेश सारस्वत, चंद्रप्रकाश शर्मा, प्रो. सुरेंद्र डी सोनी, लॉयन्स क्लब के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, शेरू गोयनका, डॉ सुनील ढाका, श्रीराम पीपलवा, दिनेश शर्मा, डॉ एल एन आर्य, प्रो. उम्मेद गोठवाल, संतलाल धेतरवाल, हरदत्त सहारण, केसी सोनी, डॉ बीएल मेहरा, डॉ मूलचंद, डॉ रविंद्र बुडानिया, रूपा शेखावत, डॉ एमएम शेख, पवन बगड़िया सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कॉलेज शिक्षक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# 47 दिवसीय सिल्क प्रदर्शनी प्रारम्भ, 80 स्टालों पर जनता कर रही खरीदारी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** श्रीकृष्णा आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट द्वारा शुक्रवार से तीसरी सिल्क ऑफ इंडिया प्रदर्शनी प्रारम्भ की गई। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न स्थानों की 80 स्टॉलें लगायी गई। श्रीकृष्णा आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट के निदेशक योगेन्द्रसिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में कलकत्ता की साड़ी,आसमा सिल्क,भगालपुरी सिल्क व ड्रेस मटेरियल,मेरठ खादी के कुर्ते व शर्ट,खेकड़ा की बेडशीट,मुबंई की फैशन ज्वैलरी, मधुबनी पेन्टिंग,बनारसी सिल्क साड़ियां,दिल्ली के कॉटन सूट, कश्मीर आर्ट,कश्मीर सिल्क, कश्मीर के ड्रायफ्रूट, राजस्थानी बांधनी साड़ी, बगरू कॉटन शर्ट,सहारनपुर का फर्नीचर,खुरजा की क्राकरी आदि की स्टॉलें लगायी गई है। श्याम सिंह नरूका ने बताया कि प्रदर्शनी में 1000 से अधिक उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। प्रदर्शनी में बुनकरों ने भी अपने उत्पादों की स्टॉल लगायी है। प्रदर्शनी में पटोला सिल्क की 50 हजार रूपयें की साड़ी सहित सिर्फ सिल्क की ही 12 स्टॉलें लगायी गई है। प्रति वर्ष संस्था की ओर से 8 प्रदर्शनी लगायी जाती है।

**In The Court Of XIX Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Gwalior**

**Presiding Officer: धीरेन्द्र सिंह परिहार**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु

(MACC/0000516/2023)

अनीता......... वादी

VS

मनीष मीणा................प्रतिवादी

**Process Id-/2023 पेशी दिनांक- 06/12/2024**

**प्रेषिती-**

(1) मनीष मीणा पिता गोविंद नारायण मीणा पता ग्राम बस्ती थान बस्ती,जयपुर (राजस्थान)

यह कि प्रार्थी अनीता ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लगे सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख-21 नवम्बर 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**धीरेन्द्र सिंह परिहार**
**सदस्य उन्नीसवे मोटर**
**दुर्घटना दावा अधिकरण**
**ग्वालियर ( म.प्र. )**

# 'हर साल 23 मार्च को मनाया जाएगा इंटरनेशनल बिज़नेसमैन डे व्यापारियों के योगदान को करेंगे याद'

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** व्यापारियों और उद्यमियों के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से हर साल 23 मार्च को इंटरनेशनल बिज़नेसमैन डे मनाया जाएगा। यह दिन उन व्यापारियों के संघर्ष, मेहनत और उपलब्धियों को समर्पित होगा, जिन्होंने समाज और देश की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर व्यापारियों को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वे अपनी समस्याओं को साझा कर सकेंगे और बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

बिजनेस सर्कल इंडिया के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि इस दिन को चुनने का खास कारण यह है कि इसी दिन बिज़नेस सर्कल इंडिया की स्थापना हुई थी। यह संगठन व्यापारियों को एक मंच पर लाने, उन्हें प्रेरित करने और उनके लिए नए अवसर पैदा करने का काम करता है। इंटरनेशनल बिज़नेसमैन डे व्यापारिक जगत की उपलब्धियों का प्रतीक बनेगा और इसे एक नई पहचान देगा।

### 'व्यापारियों के योगदान को मिलेगा सम्मान-

व्यापारी किसी भी समाज और देश की रीढ़ होते हैं। उनके योगदान के बिना विकास की कल्पना अधूरी है। इंटरनेशनल बिज़नेसमैन डे के माध्यम से उनके संघर्ष, मेहनत और आर्थिक योगदान को सराहा जाएगा। यह दिन व्यापारियों को प्रेरित करेगा कि वे न केवल सफलता की ऊंचाईयों को छुएं, बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा भी बनें।




### दिनभर होंगे विशेष कार्यक्रम'-

इस मौके पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सम्मान समारोह का भी आयोजन होगा जिसमें देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यापारियों को विशेष पुरस्कार और सम्मान दिया जाएगा।

व्यापारियों को नई ऊर्जा देगा यह दिन- बिजनेस सर्कल इंडिया के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि, व्यापार हमारे समाज का आधार है और व्यापारी हमारे समाज की रीढ़ है। इंटरनेशनल बिज़नेसमैन डे मनाने का उद्देश्य उन व्यापारियों को सम्मानित करना है, जो अपनी मेहनत और लगन से समाज की प्रगति में योगदान देते हैं। हमारा प्रयास है कि इस दिन के जरिए व्यापारियों को नई ऊर्जा मिले और वे अपने क्षेत्र में और बेहतर काम कर सकें। उन्होंने कहा कि इस पहल से व्यापारियों को प्रेरणा और पहचान मिलेगी, जिससे वे समाज और देश की आर्थिक प्रगति में अपने योगदान को और मजबूत कर पाएंगे।

### एवीवीएनएल का कनिष्ठ अभियंता डेढ हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की सीकर टीम ने कार्रवाई करते हुए कार्यालय एवीवीएनएल गुहाला कैंप चला जिला नीमकाथाना के कनिष्ठ अभियंता संजय चौधरी को परिवादी से 1 हजार 500 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की सीकर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी कि उसका मीटर बदलने की रिपोर्ट करने की एवज में एवीवीएनएल का कनिष्ठ अभियंता संजय चौधरी की ओर से 1 हजार 500 रुपये रिश्वत मांग कर रहा है।

**कार्यालय प्रधानाचर्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बनस्थली (टोंक)**

क्रमांक : राउमावि/वनस्थली/2024/922 दिनाक 29/11/2024

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण विशेषकर कबाड व्यवसायियो को सूचित किया जाता है कि रा.उ.मा.वि. बनस्थली में कार्यालय भण्डार के नाकारा सामान व रददी के अनुपयोगी एवं अप्रचलित होने के कारण जिनका क्रय मूल्य 2 लाख है। जिनकी निलामी स्थानीय विद्यालय परिसर में दिनांक 16/12/2024 को प्रातः 11.00 बजे रखी जावेगी । उक्त सामग्री को क्रय हेतू इच्छुक रजिस्टर्ड फर्म अमानत राशि 3500रु रूप्ये जमा कराकर एवं कार्यालय समय में नीलामी की शर्ते ध्यान पूर्वक पढ़कर भाग ले सकते है । इच्छुक रजिस्टर्ड फर्म नीलामी में अपना जीएसटी रजिस्टेशन फार्म व आधार कार्ड साथ लावे ।

**प्रधानाचार्य रा.उ.मा.वि. बनस्थली**

## सम्पादकीय

# अकेली पड़ती कांग्रेस, अदाणी मुद्दे पर ममता बनर्जी का किनारा

**ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। तृणमूल कांग्रेस के इस रवैये का कारण कुछ भी हो, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इसी साल जून में अदाणी समूह को कोलकाता बंदरगाह के रखरखाव और संचालन का अनुबंध मिला था।**

संसद में एक और दिन अदाणी प्रकरण के साथ कुछ अन्य मामलों को लेकर हंगामा हुआ और फिर वह दिन भर होता ही रहा। इस पर आश्चर्य नहीं कि हंगामा करने में कांग्रेस सबसे आगे रही। वह और विशेष रूप से उसके नेता राहुल गांधी न जाने कब से अदाणी समूह को कोस रहे हैं। एक अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद वह हाथ धोकर इस समूह के पीछे पड़ गए हैं, लेकिन शायद वह यह देखने से इन्कार कर रहे हैं कि आइएनडीआइए के सभी घटक कांग्रेस के रवैये से सहमत नहीं। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। इस तथ्य को भी ओझल नहीं किया जाना चाहिए कि तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी।

यदि राहुल गांधी को यह लगता है कि अदाणी समूह दागदार है तो वह अपनी सरकारों को उससे कोई नाता न रखने के लिए क्यों नहीं कह पा रहे हैं? यह समझना भी कठिन है कि कांग्रेस अमेरिकी अदालत के आकलन को अंतिम सत्य की तरह क्यों ले रही है और वह भी तब, जब उसने रिश्वत के कथित लेन-देन के कोई प्रमाण नहीं पेश किए हैं? इससे इन्कार नहीं कि अमेरिकी अदालत की कार्रवाई से जो सवाल उठे हैं, उनके जवाब सामने आने चाहिए, लेकिन इसका भी कोई मतलब नहीं कि जैसा राहुल गांधी चाह रहे हैं, वैसा हो। वह चाह रहे हैं कि अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी की तुरंत गिरफ्तारी हो। क्या यह विचित्र नहीं कि यह चाहत उन राहुल गांधी की है, जो खुद नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर चल रहे हैं? यह भी विचित्र है कि संयुक्त अरब अमीरात, तंजानिया और श्रीलंका तो अदाणी समूह पर अमेरिकी अदालत की टिप्पणी को महत्व नहीं दे रहे हैं, लेकिन भारत में कांग्रेस के नेता और कुछ अन्य लोग उसे बिनी किसी जांच-पड़ताल दंडित करने को उतावले हैं। यह उतावलापन इसलिए भी ठीक नहीं, क्योंकि निवेशक अदाणी समूह पर भरोसा जता रहे हैं और इसी कारण उसके शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है।

# राहुल गांधी को राजनीति के कुछ सबक सीखने होंगे

**कांग्रेस की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। महाराष्ट्र के नतीजे इसी बात को रेखांकित कर रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस न तो भारतीय जनता पार्टी को टक्कर दे पा रही है और न ही देशहित के प्रभावी मुद्दे उठा पा रही है। देश में कॉर्पोरेट विरोधी जो एकसूत्री एजेंडा राहुल ने अपनाया है, या संविधान-रक्षा एवं धर्म-निरपेक्षता के नाम पर एक सम्प्रदाय-विशेष की जो राजनीति वह कर रहे हैं, उसके सकारात्मक परिणाम नहीं आ रहे हैं, उनके इन मुद्दों के पक्ष में वोट नहीं मिले हैं।**

ललित गर्ग



निश्चित ही राष्ट्रीय राजनीति में अगर कोई एक चीज है, जो नहीं बदली है, तो वह है भाजपा को मात देने में कांग्रेस की अक्षमता। भाजपा से सीधी टक्कर में कांग्रेस की हार का औसत प्रतिशत बढ़ता ही जा रहे हैं। अब तो कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोग दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। कांग्रेस के लिये जटिल से जटिलतर होते हालातों में केरल के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश हो सकता है। निश्चित रूप से प्रियंका के राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व पर लगा अक्षमता एवं अपरिपक्व राजनीति का दाग इससे कैसे कम हो सकता है?

राहुल गांधी संसद के बाहर और भीतर दोनों जगह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर पूरी तरह हमलावर रहते हैं, वे गैर-जरूरी मुद्दों को लेकर अक्सर संसद की कार्रवाई को बाधित करते हैं। अडाणी एवं कॉर्पोरेट विरोधी उनका एजेंडा देश की अर्थ-व्यवस्था के लिये कितना नुकसानदायी साबित होता रहा है, देश की जनता ने इसे महसूस किया है। राहुल दस साल से यह गलती कर रहे हैं और उनकी पार्टी इसकी कीमत चुका रही है। कांग्रेस और विशेष रूप से उसके नेता राहुल गांधी न जाने कब से अदाणी समूह को कोस रहे हैं। एक अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद वह हाथ धोकर इस समूह के पीछे पड़ गए हैं, लेकिन शायद वह यह देखने से इन्कार कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल कांग्रेस के इस रवैये से सहमत नहीं है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे ऐसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं।

ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी। आखिर राहुल गांधी इन स्थितियों को क्यों नहीं समझ एवं देख रहे हैं? यदि राहुल गांधी को यह लगता है कि अदाणी समूह दागदार है तो वह अपनी सरकारों को उससे कोई नाता न रखने के लिए क्यों नहीं कह पा रहे हैं? यह समझना भी कठिन है कि कांग्रेस अमेरिकी अदालत के आकलन को अंतिम सत्य की तरह क्यों ले रही है और वह भी तब, जब उसने रिश्वत के कथित लेन-देन के कोई प्रमाण नहीं पेश किए हैं?

नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर चल रहे राहुल गांधी अपनी इस आक्रामकता से हासिल क्या करना चाहते हैं। विडम्बना देखिये कि संयुक्त अरब अमीरात, तंजानिया और श्रीलंका जैसे देश अदाणी समूह पर अमेरिकी अदालत की टिप्पणी को महत्व नहीं दे रहे हैं, लेकिन भारत में कांग्रेस के नेता और कुछ अन्य लोग उसे बिनी किसी जांच-पड़ताल दंडित करने को उतावले हैं। यह उतावलापन इसलिए भी ठीक नहीं, क्योंकि निवेशक अदाणी समूह पर भरोसा जता रहे हैं और इसी कारण उसके शेयरों में तथाकथित अमेरीकी कार्रवाई से भारी गिरावट के बाद पुन: तेजी देखने को मिल रही है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। हर जगह कांग्रेस अपने मजबूत सहयोगियों के बूते सीटें जीतने में कामयाब रही है। ओडिशा में कांग्रेस का वजूद खत्म हो चुका है। एक वक्त में पूर्वोत्तर के राज्यों में कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन अब वहां भाजपा छाई हुई है। जबकि इन राज्यों की डेमोग्राफी कांग्रेस के पक्ष में हैं, लेकिन सरकारें भाजपा की है। कांग्रेस मुद्दे नहीं तय कर पा रही है। बीजेपी हर राज्य के हिसाब से मुद्दे तय करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर सीट के हिसाब के मुद्दों के हिसाब से बोलते हैं। वहां के इतिहास, भूगोल, राजनीतिक परिस्थितियां सबको ध्यान में रख कर बोलते हैं। लेकिन कांग्रेस इसके हिसाब से मुद्दे और रणनीति तय नहीं कर पाती। बड़ा सवाल ये है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित दिख रही कांग्रेस इसके बाद एक भी राज्य का चुनाव क्यों नहीं जीत पाई। आखिर उसकी रणनीति में कहां खामी है और वो बार-बार कहां चूक रही है?

लगभग जीत के मुहाने पर खड़ी कांग्रेस को हरियाणा में हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के साथ यही किस्सा अब राजनीतिक तौर पर देश के दूसरे बड़े अहम राज्य महाराष्ट्र में भी दोहराया गया। झारखंड में पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुआई वाले गठबंधन में शामिल थी और वो 2019 में जीती 16 सीटों में एक भी सीट का इजाफा नहीं कर पाई। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस बुरी तरह नाकाम रही। कांग्रेस 90 में से छह सीटें ही जीत पाईं और नेशनल कॉन्फ्रेंस की जूनियर पार्टनर बन कर किसी तरह अपनी नाक बचा पाई। भाजपा ने महाराष्ट्र में हिंदू मतदाताओं के रुझान का ख्याल रखा। इसी के हिसाब से नारे गढ़े। लाडकी बहिन जैसी लाभार्थी योजना, आरक्षण के सवालों और महाराष्ट्र के किसानों के मुद्दों के इर्द-गिर्द अपनी रणनीति बनाई। लेकिन राहुल गांधी ऐसे चुनावी मुद्दों को गढ़ने में क्यों असफल रहे? आखिर कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी इन स्थितियों पर गंभीर मंथन क्यों नहीं करते?

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुस्लिम तुष्टीकरण का राग अलापते हुए देश में मुस्लिमों का तो पक्ष लेते हैं लेकिन बांग्लादेश एवं पाकिस्तान में हिन्दुओं पर हो अत्याचारों पर मौन साध लेते हैं। उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। राहुल गांधी बेतुकी आक्रामकता से उपरत क्यों नहीं हो रहे हैं? वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं। आखिर वह जो कुछ मोदी सरकार से चाह रहे हैं, उसे कांग्रेस संगठन और साथ ही अपने दल द्वारा शासित राज्य सरकारों में क्यों लागू नहीं कर रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक रखा है? लोकसभा की कार्रवाई कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों के वाक आउट, हंगामे, अनर्गल बहस की भेंट चढ़ रही है। विपक्षी दल अपनी सार्थक भूमिका का निवर्हन करने की बजाय लगातार सत्तापक्ष को घेरने एवं आरोप-प्रत्यारोप की घटिया राजनीति में लगा है। देश भी इन त्रासद घटनाओं से कुछ हासिल नहीं कर पा रहा है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



रविकान्त शारदा, सहायक निदेशक
(जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, अलवर)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं रविकान्त जोकि सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, अलवर के पद को सुशोभित कर रहे हैं। बेहद मिलनसार और शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं रविकान्त। इनका जन्म 12 अगस्त 1990 को ग्राम माजरीकलॉं, तहसील नीमराना में हुआ। वर्ष 2012 में तृतीय श्रेणी अध्यापक के रूप में चयनित हुए। प्रथम प्रयास में वर्ष 2015 मेंआयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में जेआरएफ की उपलब्धि हासिल की।

समसामयिक विषयों पर लेखन एवं कविता लेखन इनकी रूचि के विषय हैं। आरएएस भर्ती परीक्षा 2013 के द्वारा इनकी नियुक्ति वर्ष 2017 में बालविकास परियोजना अधिकारी मुण्डावर के पद पर हुई। इस दौरान विषेश प्रयास करके अधिकांष आंगनबाडी केन्द्रों पर एकल स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पोषाहार की गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शीअदायगी सुनिश्चित की गई। परिणाम स्वरूप समेकित बाल विकास सेवाओं से जुडे लाभार्थियों को बडे पैमाने पर लाभ पहुंचा जिसकी काफी सराहना हुई। पुन: राजस्थान प्रशासनिक एवं अधीनस्थ संयुक्त भर्ती परीक्षा 2016में सफलता हासिल कर जिला समाज कल्याण अधिकारी के रूप में जुलाई 2019 में नियुक्त हुए एवं प्रथम पदस्थापन सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग प्रतापगढ के पद पर हुआ।अक्टूबर 2019 में इनका पदस्थापन सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवंअधिकारिता विभाग, अलवर के पद पर हुआ जहां समाज के सभी तबकों एवं जरूरतमंद लोगों के लिए कार्य सपादन किया। वर्ष 2020 एवं 2021 में कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण उत्पन्न विषम परिस्थितियों में जिले में ऑक्सीजन प्रबंधन, एक्सग्रेसियाग्रान्ट के वितरण एवं कोरोना सहायता योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन किया। इनके द्वारा राजकीय कर्तव्यों का पूर्णनिष्ठा एवं ईमानदारी से नियमानुसार निर्वहन किया है। जिला प्रशासनअलवर, संभागीय आयुक्त, जयपुर, सामाजिकन्याय एवंअधिकारिताविभाग, राजस्थान, जयपुर, निदेशालय विशेष योग्य जन राजस्थान जयपुर, एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारतसरकार द्वारा अनेक अवसरों पर इनको सम्मानित किया गया है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है। इनकी विशेष उपल्बिध सीवर/सेप्टिक टैंक सफाई में मृत व्यक्तियों के परिवारों को न्याय दिलवाया। जिले में सीवर या सेप्टिक टैंक में मृत्यु के छह प्रकरण जो 2009 से लंबित थे एवं जिनका विवरण भी उपलब्ध नही था जिसमें विशेष प्रयास करके इन छह परिवारों को दस लाख रूपये प्रति परिवार की आर्थिक सहायता राज्य सरकार से वर्ष 2022 में जारी करवाई ये सच में साधुवाद के पात्र हैं।

*-रूपक शर्मा*

## आज का इतिहास

- 1731 – बीजिंग में भूकंप से लगभग एक लाख लोग मरे।
- 1759 – दिल्ली के सम्राट आलमगिर द्वितीय की उनके मंत्री ने हत्या की।
- 1939 – तत्कालीन सोवियत रूस ने सीमा विवाद को लेकर फिनलैंड पर आक्रमण किया।
- 1961 – तत्कालीन सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिये कुवैत के आवेदन का विरोध किया।
- 1965 – गुड़ियों का संग्रहालय दिल्ली की स्थापना मशहूर कार्टूनिस्ट के. शंकर पिल्लई ने की थी।
- 1997 – भारत-बांग्लादेश विवादित सीमा क्षेत्र में यथास्थिति बनाये रखने पर सहमत।
- 1999 – सं.रा. अमेरिका के उत्तर पश्चिम सिएटल में विश्व व्यापार संगठन का तीसरा अधिवेशन प्रारम्भ।
- विश्व के बड़े मीटर वेव रेडियो टेलीस्कोप का पुणे के समीप नारायण गांव में उदघाटन।
- 2000 – अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव मामले में अल गोर ने पुनर्मतगणना की अपील की।
- प्रियंका चोपड़ा मिस वर्ल्ड बनीं।
- 2001 – विश्व प्रसिद्ध पॉप गायक जार्ज हैरीसन का निधन।
- 2002 – आईसीसी ने जिम्बाब्वे में न खेलने वाले देशों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की चेतावनी दी।
- 2004 – बांग्लादेश की संसद में महिलाओं के लिए 45 प्रतिशत सीटों वाला विधेयक पारित।
- 2008- मुम्बई में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार ने संघीय जाँच एजेंसी के गठन की घोषणा की। सरकार ने एसएटी रिजवी वेतन समिति का कार्यकाल बढ़ाने का निर्णय लिया।

### 30 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- 1989 – भक्ति शर्मा – भारतीय तैराक हैं।
- 1945 – वाणी जयराम- प्रसिद्ध भारतीय पार्श्वगायिका थीं। उन्हें आधुनिक भारत की मीरा भी कहा जाता है।
- 1944 – मैत्रेयी पुष्पा – हिंदी की प्रसिद्ध साहित्यकार हैं।
- 1936 – सुधा मल्होत्रा – हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका।
- 1931 – रोमिला थापर, भारतीय इतिहासकार।
- 1888 – गेंदालाल दीक्षित – भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे।
- 1858 – प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस
- 1835 – प्रसिद्ध लेखक मार्क ट्वेन।

### 30 नवंबर को हुए निधन

- 2015 – वी. के. नायर – भूतपूर्व भारतीय सैन्य अधिकारी थे।
- 2014 – जारबोम गारलिन – भारतीय राजनीतिज्ञ और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे।
- 2010 – राजीव दीक्षित – भारतीय वैज्ञानिक और स्वदेशी आंदोलन प्रणेता।
- 2012- इन्द्र कुमार गुजराल – भारत के बारहवें प्रधानमंत्री
- 1915- गुरुजाडा अप्पाराव- प्रसिद्ध तेलुगु साहित्यकार
- 1909 – रमेश चन्द्र दत्त – अंग्रेज़ी और बंगला भाषा के प्रसिद्ध लेखक, ये धन के बहिर्गमन की विचारधारा के प्रवर्तक तथा महान् शिक्षाशास्त्री थे।

## महाकुंभ विशेष

# प्रयागराज में 13 जनवरी 2025 को होगा शुभारंभ सांस्कृतिक और सामाजिक समागम का पर्व है ' महाकुंभ '

राकेश शर्मा



मां गंगा के भक्तों को महाकुंभ का इंतजार बड़ी ही बेसब्री से होता है। इस बार 13 जनवरी 2025 से उत्तर प्रदेश (यूपी) के प्रयागराज में महाकुंभ का शुभारंभ होने जा रहा है। लगभग एक दशक के इंतजार के बाद आयोजित होने वाला यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक समागम का पर्व भी है। जी हां, इसका जहां हर 'देशभक्त' बेसब्री से इंतजार कर रहा है तो वहीं यूपी की योगी सरकार इस आयोजन को भव्य और यादगार बनाने में जुटी हुई है। आपको बताते चलें कि महाकुंभ देश में सिर्फ चार जगहों पर लगभग एक दशक के अंतराल में लगता है। ये चार शहर हैं हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक। इसी वजह से इन शहरों को कुंभनगरी कहकर संबोधित किया जाता है। शास्त्रों के मुताबिक कि महाकुंभ का उल्लेख प्राचीन हिंदू शास्त्रों और पुराणों में भी मिलता है, समुद्र मंथन की कहानी कुंभ जुड़ी हुई है।

### समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश निकला था

प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री (अध्यक्ष मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान, खेरदा, सवाई माधोपुर) का कहना है कि शास्त्रों के मुताबिक समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश निकला था, जिसे पाने के लिए देवताओं ओर असुरों में होड़ मच गई थी तब भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया और असुरों को छलकर अमृत केवल देवताओं को ही पिलाया था लेकिन इस दौरान कलश के अमृत की कुछ बूंदें छलककर धरती पर जा गिरी थी! ये बूंदें चार स्थलों में गिरी थीं और चार स्थान थे हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक और इसी वजह से इन्हीं चार स्थलों महाकुंभ का आयोजन होता है।

### कुंभ मेले का यह भी महत्वपूर्ण कारण

पंडित ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि इसके पीछे कारण ये है कि अमृत के लिए असुरों और देवताओं में जो युद्ध चला था, वो 12 दिव्य दिनों का था और ये 12 दिव्य दिन 12 साल के बराबर हैं और इसी कारण महाकुंभ का आयोजन पूरे 12 साल के अंतर पर होता है।

आचार्य शास्त्री का कहना है कि एक मान्यता यह भी है कि कुंभ मेले में स्नान करने से मोक्ष मिलता है और इंसान के सारे पापों का अंत हो जाता है। महाकुंभ न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत प्रदर्शन भी है। यहां विभिन्न परंपराएं, रीति-रिवाज और लोक कलाएं एक साथ देखने को मिलती हैं। गंगा किनारे लगने वाला महाकुंभ इस बार 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक रहेगा।

### शाही स्नान है प्रमुख आकर्षण

ज्योतिष आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि कुंभ मेले का मुख्य आकर्षण शाही स्नान है, जिसमें अखाड़ों के साधु-संत अपने अनुयायियों के साथ गंगा में डुबकी लगाते हैं। खास तौर पर इसमों गा साधु, उर्ध्वबाहु साधु, और अन्य धार्मिक सम्प्रदायों के संत कुंभ मेले की शोभा बढ़ाते हैं!

### कुंभ पर्व स्नान महिमा

- 'माहात्म्यम-अश्वमेघ सहस्राणि वाजपेयशतानि च। लक्षं प्रदक्षिणा भूमे: कुंभस्नाने हि तत् फलम।'
- आचार्य शास्त्री बताते हैं कि ईस्वी सन् 2025, संवत् 2081 शक 1946 माघ माह में प्रयागराज में कुम्भ महापर्व का योग बन रहा है। इस महापर्व में स्नान की मुख्य तिथियां निम्नानुसार रहेंगी-
- पूर्णिमा स्नान -पौष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा सोमवार, दिनांक 13.01.2025
- मकर संक्रांति शाही स्नान – माघ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा मंगलवार, दिनांक 14.01.2025
- षट्तिला एकादशी स्नान – माघ कृष्ण पक्ष एकादशी शनिवार, दिनांक 25.01.2025
- प्रदोष एवं मास शिवरात्रि स्नान-माघ कृष्ण पक्ष तेरस सोमवार, दिनांक 27.01.2025
- मौनी अमावस्या शाही स्नान- माघ कृष्ण पक्ष अमावस्या बुधवार, दिनांक 29.01.2025
- बसंत पंचमी शाही स्नान- माघ शुक्ल पक्ष चतुर्थी रविवार, दिनांक 02.02.2025
- जया एकादशी स्नान- माघ शुक्ल पक्ष एकादशी शनिवार, दिनांक 08.02.2025
- माघी पूर्णिमा स्नान- माघ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा बुधवार, दिनांक 12.02.2025
- महाशिवरात्रि पर्व- फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी बुधवार, दिनांक 26.02.2025 आचार्य शास्त्री के अनुसार इन खास तिथियों पर स्नान करने का एक बहुत बड़ा महत्व माना गया है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी। नौकरी-धंधे में उच्च अधिकारी या भागीदार के क्रोध का शिकार बनना पड़ेगा।

**वृष**
विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान के अध्ययन या अन्य मामलों के पीछे धन खर्च या पूंजी निवेश होगी। कलाकारों तथा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का उत्तम समय है। सरकार से लाभ होने की संभावना है।

**मिथुन**
किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण खराब हो सकता है। अत्यधिक धन खर्च होगा। भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे।

**कर्क**
कोर्ट-कचहरी का कामों को आज टाल देना हितकर है। आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**सिंह**
पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा। मन आनंदित रहेगा। फिर भी स्वभाव में उग्रता का असर आपकी वाणी पर न पड़े, इसका ध्यान रखें। वैवाहिक जीवन में प्रेम बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी मामूली शिकायत रहेगी।

**कन्या**
आप पूरे दिन शारीरिक और मानसिक थकान महसूस करेंगे। परिश्रम की अपेक्षा कम सफलता मिलने से निराशा रह सकती है। नौकरी और व्यापार के संबंध में थोड़ा चिंतित रहेंगे। काम की भागदौड़ में परिवार की तरफ ध्यान नहीं दे पाएंगे।

**तुला**
आज यात्रा को टालना हित में होगा। पाचन तंत्र संबंधी कोई तकलीफ हो सकती है। आपके व्यवहार से किसी को हानि न पहुंचे, इसका ध्यान रखें। आज आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे।

**वृश्चिक**
लंबे प्रवास का आयोजन संभव होगा। विरोधियों से विजय प्राप्त करेंगे। दिन के दौरान आकस्मिक घटनाओं में व्यस्त रहेंगे। आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे।

**धनु**
गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी-व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा। धन लाभ होगा। व्यापारियों को उधार दिया पैसा मिलेगा। संतान की प्रगति से मन खुश रहेगा।

**मकर**
शारीरिक स्वास्थ्य बना रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से लाभ होगा। शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

**कुंभ**
गृहस्थ जीवन में सुख- शांति का अनुभव होगा। मित्रों से मुलाकात होगी। आय में वृद्धि होगी। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी। अविवाहितों का रिश्ता पक्का होने की संभावना बनी रहेगी। आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे।

**मीन**
विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान के अध्ययन या अन्य मामलों के पीछे धन खर्च या पूंजी निवेश होगी। कलाकारों तथा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का उत्तम समय है। सरकार से लाभ होने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया आश्रय स्थलों का निरीक्षण

### लिया व्यवस्थाओं का लिया जायजा



राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर सचिव समीक्षा गौतम ने नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा जिला मुख्यालय पर संचालित पुरुष एवं महिला आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान बजरिया स्थित पुरुष आश्रय स्थल में ठेकेदार पृथ्वीराज मीणा मौके पर उपस्थित पाए गए। आश्रय स्थल में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए थे, आश्रितों के लिए उपलब्ध रजाई-गद्दे गंदे पाए गए तथा पलंग भी टूटे हुए पड़े थे। आश्रय स्थल पर आश्रितों के लिए ना ही पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध है, ना ही आश्रितों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सक द्वारा विजिट किया जाता है। आश्रय स्थल में सर्दी से बचाव के लिए हीटर की भी कोई व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा आश्रय स्थल के ठेकेदार पृथ्वीराज मीणा एवं केयरटेकर को आश्रय स्थल में आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि यहां रुकने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

बजरिया स्थित महिला आश्रय स्थल एवं शहर स्थित आश्रय स्थल के निरीक्षण के दौरान आश्रय स्थल की साफ-सफाई एवं आश्रितो को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाएं संतोषजनक पाई गई। आश्रितों के लिए पर्याप्त मात्रा में पलंग उपलब्ध पाए गए। साथ ही उन्हें उपलब्ध करवाए जा रहे कंबल, रजाई एवं गद्दे साफ पाए गए। आश्रितो के लिए फर्स्ट एड बॉक्स की सुविधा भी उपलब्ध पाई गई। परन्तु सर्दी से बचाव के लिए हीटर की व्यवस्था नहीं पाई गई, इस संबंध में हीटर की व्यवस्था करवाने के निर्देश प्रदान किए।

# पूरा अतिक्रमण नहीं हटाने से ग्रामीणों में नाराजगी

### खिरनी कस्बे में देलवारजी की ढाणी का मामला

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** बौली उपखंड के खिरनी कस्बे में देलवार जी की ढाणी से आधा-अधूरा अतिक्रमण हटाने से ग्रामीणों में रोष है। इस संबंध में दो दर्जन से अधिक ग्रामीण कलक्ट्रेट पहुंचे और विरोध-प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला कलक्टर से मिलकर कस्बे में आम रास्ते से पूरा अतिक्रमण हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के देलवार बाबा मंदिर रास्ते में विवादित अतिक्रमण को गत बुधवार को प्रशासन ने सीमा ज्ञान कर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हटाया था, लेकिन खसरा नंबर 4356, 4342, 4321, 4323, 4344, 4341, 4343 गैर मुमकिन रास्ता पर हो रहे अतिक्रमण को छोड़ दिया और अतिक्रमण नहीं हटाया। रास्ता पूर्ण रूप से बंद होने से लोगों में रोष है। ज्ञापन के बाद कलक्टर ने शीघ्र रिपोर्ट लेकर अतिक्रमण को हटाने का आश्वासन दिया। इस दौरान कमलेश, रामप्रसाद, मोहनलाल, मुकेश आदि मौजूद थे।

# रेलवे स्टेशनों पर स्टाल संचालन की अवधि 90 दिनों तक बढ़ाई

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी( नि.स. )।** रेलवे की 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्टालें स्थापित की गई है। जिसमें न केवल स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि दूर दराज के रेल यात्री भी इससे लाभांवित हो रहे हैं। ऐसे में लोगों की ओर मिल रहे रेस्पॉन्स के बाद रेलवे ने इन स्टालों के संचालन की अवधि को अब 90 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। योजना के तहत स्थानीय गंगापुरसिटी स्टेशन पर संचालित खीरमोहन की स्टाल के अलावा भरतपुर में सरसों तेल व शहद, बयाना में मलाई लड्डू, हिण्डौनसिटी में लाख की चूड़ी, श्रीमहावीरजी में जैन साहित्य, सवाईमाधोपुर में टाइगर पेंटिंग व हस्त शिल्प उत्पाद समेत 19 रेलवे स्टेशनों पर 22 स्टालों के संचालन की अवधि को बढ़ाया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय के अनुसार योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पाद व छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहन देना है।

# विजयवर्गीय सेवा सदन में आज आयोजित होगा कवि सम्मेलन

### जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी होगें मुख्य अतिथि

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** अभिनव सृजन संस्थान मालपुरा के तत्वावधान में 30 नवम्बर शनिवार को शाम सात बजे से विजयवर्गीय सेवा सदन में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

संस्थान अध्यक्ष कैलाश सोनी व मंत्री संदीप चौधरी ने बताया कि कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र के विधायक प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी होगें। वहीं कार्यक्रम के सम्मानीय अतिथि उप पुलिस अधीक्षक आशिष प्रजापत, तहसीलदार पवन मातवा, भारत विकास परिषद मालपुरा के अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा व समाजसेवी सुखलाल डोकरिया होगें। उन्होंने ने बताया कि कवि सम्मेलन में हास्य रस के बाबूलाल डांगिया, गीतकार आर.एल.दीपक, हास्य एवं वीर रस के सोहनलाल चारण, श्रृंगार रस के कमलेश कोकिला, हास्य रस के रमेश घायल, गीतकार जयनारायण जय, गजलकार महबूब अली, गीत व गजल गायिका ममता मंजूला व कवि हनुमान बदाम सहित अन्य कई कवि अपनी प्रस्तुतीया देगें।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में टोंक में आयोजित हुआ जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट

# राइजिंग टोंक इन्वेस्टर मीट में साकार हुई औद्योगिक विकास की संकल्पना

**राइजिंग टोंक इन्वेस्टर मीट में निवेशकों ने उत्साह से किए 2525.63 करोड़ के 82 एमओयू**

## जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने ईआरसीपी परियोजना को राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया





बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जयपुर में 9 से 11 दिसंबर 2024 तक प्रस्तावित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 की कड़ी में शुक्रवार को जिला स्तरीय राइजिंग टोंक इन्वेस्टर मीट का समारोहपूर्वक आयोजन कृषि ऑडिटोरियम में हुआ। इस दौरान जिले के औद्योगिक विकास की संकल्पना साकार हुई। कार्यक्रम में निवेशकों ने उत्साह से 2525.63 करोड़ रुपए के 82 एमओयू किये, जिससे हज़ारों लोगो को रोजगार मिलेगा। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिले के औद्योगिक परिवेश और उद्योग व्यापार पर आधारित डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने अपने उद्बोधन में निवेशकों और उद्यमियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट के लिए 82 एमओयू के प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इनसे 2525 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आएगा। लगभग 7 हजार से अधिक लोगो को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुसार यह मीट जिले में औद्योगिक वातावरण को तैयार कर युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान करने में सहायक होगा।

नागर ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का लक्ष्य राजस्थान को औद्योगिक दृष्टि से देश का अग्रणी राज्य बनाना है। इसलिए राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के प्रथम वर्ष में ही औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ा दिये है। राज्य स्तर पर हर एमओयू की मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि निवेशकों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इंडस्ट्री को चलाने के लिए सबसे अधिक आवश्यकता ऊर्जा की होती है। राज्य सरकार सौर ऊर्जा एवं अक्षय ऊर्जा में देश में प्रथम पायदान पर है। साथ ही, राज्य को ऊर्जा की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी सरकार ने कई निर्णय लिए है।

कार्यक्रम में जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि किसी भी देश एवं राज्य की तरक्की में इंडस्ट्री का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने कहा कि राइजिंग टोंक इन्वेस्टर मीट के माध्यम से राज्य सरकार की मंशानुरूप निवेशकों एवं उद्यमियों को व्यापार के अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवाकर समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। उद्यमियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी।

रीको औद्योगिक संघ टोंक के अध्यक्ष लोकेश जैन ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार हर जिले में औद्योगिक वातावरण तैयार करने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहन एवं सुविधाएं मुहैया करा रही है।

कार्यक्रम में मंच संचालन कवि प्रदीप पंवार ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

कार्यक्रम में देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला प्रभारी सचिव अर्चना सिंह, पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, पूर्व विधायक अजित मेहता, रीको जीएम सीताराम मीणा, रीको औद्योगिक संघ निवाई के अध्यक्ष पारस जैन, रीको औद्योगिक संघ देवली के कृष्ण कुमार गोयल समेत औद्योगिक संघों के पदाधिकारी, स्थानीय निवेशक, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सहित उद्योग से जुड़े गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### स्टॉल और प्रदर्शनी ने किया आकर्षित

**इस दौरान सेंड स्टोन, हैंडीक्राफ्ट, ऑयल एवं राजीविका के उत्पाद सहित विभिन्न इकाइयों की स्टॉल प्रदर्शनी भी लगाई गई। स्टॉल और प्रदर्शनी ने कार्यक्रम में पहुंचे जनप्रतिनिधियों, निवेशकों, उद्यमियों, गणमान्य जनों को खूब आकर्षित किया। अतिथियों ने भी स्टॉल्स का अवलोकन करते हुए उपलब्ध उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला उद्योग अधिकारी ने उत्पादों की जानकारी दी।**

# ग्रामीणों ने पकड़ी बजरी से भरी अवैध ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

## सरपंच और ग्रामीणों का पुलिस पर मिली भगत व सूचना के बाद भी नहीं पहुंचने का आरोप

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** पुलिस के लाख दावों के बीच जिले में अवैध बजरी खनन व परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। मलारना डूंगर, चौथ का बरवाड़ा में पुलिस की नाक के नीचे धड़ल्ले से अवैध रूप से बजरी परिवहन हो रहा है। बौंली उपखंड क्षेत्र के ग्रामीणों की मानें तो क्षेत्र में इन दिनों बनास नदी से बजरी खनन व परिवहन धड़ल्ले से हो रहा है। गांवों में लगे बजरी के ढेर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के हादसे इसकी गवाही दे रहे हैं। इसके बावजूद भी जिले की पुलिस बजरी परिवहन को रोकने के नाम पर एक-दो कार्रवाई कर इतिश्री कर ले रही हैं।

### फिर भी नहीं पहुंची पुलिस

अवैध बजरी परिवहन से नाराज जयलाल पुरा के ग्रामीणों ने गुरुवार को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोक लिया। आरोप है कि इस दौरान इन्हें रोककर पुलिस को सूचना भी दी, लेकिन पुलिस दो घंटे इंतजार करने के बाद भी नहीं पहुंची। हारकर ग्रामीणों को इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छोड़ना पड़ा।

हो जाते हैं जाम के हालात

(कलर बोक्स

मालूम हो कि बौली थाना, खिरनी चौकी क्षेत्र बनास नदी से बजरी भरकर सैंकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पीपलवाड़ा के बीच बाजार से होकर गांव बंधावल,गोलपुर से पुलिस नाका शिशोलाव के पास से निकल रही हैं। इससे गांवों में जाम के हालात बने रहते है। ये अवैध बजरी माफिया इस बजरी को जयलालपुरा गांव में ढेर कर रहे हैं। यहां से डंपर व केंटरा पिकअप से भरकर यह बजरी दूसरे जिलों में भेजी जा रही है। इससे कई गांवों के लोगों को परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत कोलाडा में भी अवैध माफिया ने बजरी के जगह-जगह ढेर लगा रखे हैं। इसके चलते ग्रामीण आक्रोशित हैं। गांव जयलालपुरा में तो बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉलियों के चलते पुरुष व महिलाओं को घर से निकलने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण हुए नाराज

इससे आक्रोशित गांव के सरपंच भवरसिंह जलालपुरा, हरिप्रसाद शर्मा, गंगाधर मीणा,कालुराम मीणा ,देवनारायण गुर्जर,हरलाल गुर्जर सहित अन्य ग्रामीणों ने गुरुवार को जयलालपुरा में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोक भी लिया और करीब 11 बजे बजरी से भरे सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोककर पुलिस को सूचना दी। लेकिन पुलिस दो घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं पहुंची। इससे ग्रामीणों का मनोबल टूट गया और उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छोड़ना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि बौंली पुलिस बजरी माफिया से मिली हुई है।



नहीं मिली ट्रैक्टर ट्राली

**पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थी, लेकिन वहां कोई ट्रैक्टर ट्राली नहीं मिली और आरोप निराधार है ।**

**-राधा रमन गुप्ता, थाना प्रभारी**

# क्रेडिट कार्ड से काटी गई अनुचित राशि ब्याज व क्षतिपूर्ति सहित लौटाने के आदेश

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एक परिवाद में पीड़ित उपभोक्ता को राहत देते हुए अवैध तरीके से वसूल गई राशि मय ब्याज व क्षतिपूर्ति सहित देने के आदेश दिए हैं। आयोग ने मुम्बई व दिल्ली के एसबीआई क्रेडिट कार्डस पेमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक को आदेश जारी कर कहा है कि वह पीड़ित उपभोक्ता को अवैध व मनमानी तरीके से वसूली गई राशि को ब्याज व क्षतिपूर्ति सहित लौटाए।

अधिवक्ता हरिप्रसाद योगी ने बताया कि परिवादी पुलिस कांस्टेबल बाबूलाल गुर्जर निवासी खिरनी सरकारी सेवा में कार्यरत है। इनका प्रतिमाह वेतन कलक्ट्रेट परिसर के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में आता है। इन्होंने एसबीआई से एक क्रेडिट कार्ड लिया था। इन्होंने क्रेडिट कार्ड से मार्च 2021 तक खरीदारी की थी। इस दौरान वेतन आने पर इनके क्रेडिट कार्ड का पेमेंट ऑटो डेबिट होने के कारण एसबीआइ बैंक से काट लिया गया। इसके बावजूद भी एसबीआइ क्रेडिट कार्ड ने मनमानी व अनुचित तरीके से बकाया राशि बताकर 29 नवम्बर 2022 को 91348 रुपए व 25 दिसम्बर 2022 को 17972 व 7 जनवरी 2023 को 295 रुपए काट लिए। इस पर पीड़ित उपभोक्ता ने अपने खाते को मजबूर होकर होल्ड करवा दिया था। इसके बाद मामला जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के समक्ष पेश किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की अध्यक्ष कीर्ति जैन एवं सदस्य हनुमान मीणा व अर्पणा पाराशर ने सुनवाई करते हुए इस मामले में निर्णय सुनाया और बैंक को परिवादी को कुल काटी गई राशि 109615 रुपए एवं परिवाद प्रस्तुत करने की दिनांक से अदायगी तक नौ प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज सहित अदा करने व क्षतिपूर्ति के 4 हजार रुपए व परिवाद व्यय के तीन हजार रुपए परिवादी को दो माह के भीतर अदा करने के आदेश दिए हैं।

# विधिक चेतना एवं जागरूकता शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** तालुका विधिक सहायता समिति के तत्वावधान में अदालत परिसर मालपुरा में मेघा विधिक चेतना एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

समिति सचिव रवि कुमार जांगीड़ ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अय्यूब खान के निर्देशानुसार शुक्रवार को 22 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए प्री काउंसलिंग व डॉर स्टेप काउंसलिंग शिविर के साथ साथ मेघा विधिक चेतना एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पेनल अधिवक्ता अनीस जैन व पीएलवी रामप्रसाद वर्मा ने राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के बारे में जानकारी देकर पक्षकारो के प्रकरणो को राजीनामेएवं समझोते से निस्तारण करवाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देकर इनका लाभ लेने के प्रेरित किया। शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा उपस्थित आमजन पक्षकारान के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन कर जांच शिविर का भी आयोजन किया।

# हिन्दू प्रताड़ना के विरोध में सौंपा ज्ञापन

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** मालपुरा शहर के वरिष्ठ नागरिको के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति नायब तहसीलदार मालपुरा को सौंप कर बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारो एवं दुराचारो को तुरन्त प्रभाव से रोके जाने की मांग की गई है।

शुक्रवार को शहर के वरिष्ठ नागरिक चन्द्रमोहन उपायाय, मोतीलाल कारवाल, चम्पालाल जैन, दिशेश कान्त पाण्डेय, बालूराम गुर्जर, चन्द्रप्रकाश शर्मा, अमरचन्द मेन्दवास्या, कवि आर.एल.दीपक, महावीर प्रसाद जैन, ज्ञानेन्द्र दत्त शर्मा, रामकिशन शर्मा, गोविन्द नारायण विजय,सियाराम शर्मा व रूपचप्द बगड़ोलिया सहित कई वरिष्ठ नागरिको का प्रतिनिधिमंडल नायब तहसीलदार से मिलकर प्रधानमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति सौंपी। ज्ञापन में बताया गया कि बांग्लादेश में हिन्दुओं सहित अन्य अन्पसंख्को पर कट्टीपंथीयो द्वारा लगातार अत्याचारव दुराचार किए जा रहे हैं। जिससे बांग्लादेश के हिन्दुओं व अल्पसंख्यको में भय व्याप्त है। साथ ही ऐसे में इन लोगो का जीना भी दूभर हो गया है। बांग्लादेश में हिन्दुओं व अल्पसंख्यको को समाप्त करने के लिए कट्टरपथिंयो द्वारा हत्याऐं, लूट हिंसा सहित अन्य गंभीर घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। ये सभी घटनाऐं एक सोची समझी चाल के तहत हो रहे हैं। बांग्लादेश के कट्टरपंथी हिन्दुओं व अल्पसंख्यको को वहां से भगा कर उनकी सम्पति, व्यापार पर कब्जा जमाना चाहते हैं। ज्ञापन में



यह भी बताया कि इन घटनाओ के चलते बांग्लादेश से कई हिन्दु व अल्पसंख्यक परिवार पलायन तक को मजबूर हो चुके है। अल्पसंख्यको पर हो रहे अत्याचारो व हिंसा का विरोध करने पर इस्कॉन धर्म गुरू चिन्मय प्रभू को केद कर लिया गया है। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिन्दुओं व अल्पसंख्याको पर हो रहे अत्याचारो व दुराचारो को तुरन्त प्रभाव से रोकने व संयुक्त राष्ट्र द्वारा हस्तक्षेप किए जाने की मांग की गई है।

# कोटपूतली शहर मे अतिक्रमण के खिलाफ नगर परिषद का चला पीला पंजा

## नगर परिषद प्रशासन दिखा सख्त, सड़क सीमा में हुये अस्थाई अतिक्रमण को हटाया

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** विगत मंगलवार 26 नवम्बर को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर कोटपूतली शहर में विभिन्न स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण के बारे में जानकारी लेते हुये उन पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। जिस पर शुक्रवार से नगर परिषद प्रशासन ने जेसीबी की सहायता से आम रास्तों में किये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी। कोटपूतली शहर में सडक् सीमा में किये गये अतिक्रमण के खिलाफ नगर परिषद प्रशासन सख्त दिखाई दिया। अभियान शुरू होते ही व्यापारियों में हडक्म्प मच गया। हालांकि इस दौरान कुछ स्थानों पर कार्यवाही का हल्का विरोध भी किया गया, लेकिन प्रशासन के आगे उनका विरोध काम नहीं आया। जानकारी के मुताबिक शहर के विभिन्न मार्गो पर लोगों ने अपनी दुकानों के बाहर टीनशेड, तिरपाल, चबूतरे आदि बनाकर सडक् सीमा में अतिक्रमण कर रखा था। रास्ते में किये गये अतिक्रमण से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। अभियान के तहत प्रशासन ने जेसीबी के साथ पहुंचकर सडक् सीमा पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान प्रशासन द्वारा दुकानों से बाहर निकल रहे टीनशेड़ को जेसीबी से तोड़ा गया। साथ ही अतिक्रमण करने वालों को पाबंद भी किया गया। वहीं पुन~ अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में सभी व्यापारी आगे बढकर् प्रशासन का साथ दें। जिससे कोटपूतली शहर में जाम की समस्या का स्थाई समाधान निकल सकें। इस दौरान एसडीएम बृजेश कुमार चौधरी, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, एक्सईएन दीपक मीणा, एईएन मुकेश सैनी, एसएचओ राजेश कुमार शर्मा समेत नगर परिषद कार्मिक व पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

# अधिशेष शिक्षकों के समायोजन को लेकर शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल की निदेशक से हुई वार्ता

## समायोजन प्रक्रिया होगी शिक्षक हित में



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंचल कुमार शर्मा व जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर बताया कि शुक्रवार को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल ने अधिशेष शिक्षकों के समायोजन को लेकर प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी से वार्ता की। संगठन के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि संगठन ने निदेशक महोदय को अधिशेष शिक्षकों के समायोजन निर्देशों से उत्पन्न भ्रांतियों से अवगत कराते हुए स्पष्टता की मांग की।इस पर निदेशक ने कहा कि सोशल मीडिया पर अधिशेष शिक्षकों के समायोजन को लेकर कई तरह की बाते चल रही है और इसी कारण शिक्षकों में भ्रांतियां उत्पन्न हो रही है।प्रदेश में मात्र 6000 से 7000 शिक्षक ही अधिशेष हो रहे हैं ।बहुत ज्यादा संख्या में अधिशेष नहीं है।किसी विद्यालय में कार्यरत शिक्षक से संबंधित विषयानुसार पद नहीं होने पर ही अधिशेष माना जाएगा। अन्य शिक्षक इससे प्रभावित नहीं होंगे।महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में संविदा शिक्षकों के कारण अधिशेष शिक्षकों पर पुनर्विचार कर उचित निर्णय लिया जाएगा।किसी भी शिक्षक को अपनी ग्राम पंचायत या ब्लॉक से बाहर नहीं भेजा जाएगा।

इसलिए शिक्षकों को इस प्रक्रिया से असहज महसूस नहीं करना चाहिए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने कहा कि निदेशक महोदय के साथ वार्ता सकारात्मक रही है।किसी भी शिक्षक का अहित नहीं होने देंगे और जरूरत पड़ने पर माननीय शिक्षा मंत्री जी से भी बात करेंगे। प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए परीक्षा दे चुके कार्मिकों के लिए भी निदेशक महोदय से चर्चा हुई है।इस पर भी शीघ्र निर्णय होना है। इस अवसर प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष संस्कृत शिक्षा अभय सिंह राठौड़ सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत पांचवे दिन की गई समझाईश एवं प्रवर्तन कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार हेतु जिला प्रशासन की ओर से दिनांक 25-11-2024 से 5-12-2024 तक सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त 11 दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न हितधारक विभाग पुलिस विभाग, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभागए चिकित्सा विभागए शिक्षा विभाग इत्यादि द्वारा विद्यार्थियों एवं आमजन में सड़क सुरक्षा एवं गुड सेमेरिटन नियमों का प्रचार-प्रसार, रिफ्लेक्टर टेप अभियान, सीट बेल्ट एवं हेलमेट के संबंध में समझाईश कार्यक्रमए अवैध पार्किंग ओवरलोड/क्षमता से अधिक सवारी/प्रदुषण मानकों का उल्लंघन कर संचालित वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के पांचवें दिन प्रादेशिक परिवहन अधिकारी एवं सीओ ;यातायात पुलिसद्ध की अध्यक्षता में एसएमडी राजकीय बालिका विद्यालयए अलवर में सेमिनार आयोजित कर लगभग 150 विधार्थियों को एवं जिले में लगभग 275 आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं गुड सेमेरिटन नियमों की जानकारी प्रदान की गई तथा 370 पम्पलेट्स भी वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त परिवहन विभाग द्वारा नवीन सीनियर सैकण्डरी स्कूल, मालाखेड़ा में सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उच्च माध्यमिक स्तर के 200 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया है। प्रवर्तन कार्यवाही के अन्तर्गत ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन उड़नदस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 350 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई तथा



प्रवर्तन कार्यवाही के अन्तर्गत बिना सीटबेल्ट के वाहन संचालन संबंधी 25 चालान, बिना हेलमेट के वाहन संचालन के 64 चालानए बिना वैध प्रदुषण प्रमाण पत्र संचालित वाहनों के 21 चालान, निर्धारित गति से अधिक वाहन संचालन के 81 चालान, ओवरलोड वाहनों के 02 चालान एवं नो पार्किंग संबंधी 13 चालान बनाये गये। इसके अतिरिक्त परिवहन विभाग द्वारा परमिट शर्तो का उल्लंघन कर संचालित पाए गए 04 वाहनों का परमिट निलम्बन किया गया तथा अन्य 02 वाहनों को नोटिस जारी किया गया। क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने एसएमड़ी स्कूल के बच्चों को यातायात के नियमों व सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी।

# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहडोली ने राष्ट्रीय बास्केटवाल में रजत पदक जीतकर रचा इतिहास

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहडोली में कार्यरत राष्ट्रीय कोच डॉ. दीपिका अरोडा व विद्यार्थी पायल कक्षा 11 की छात्रा ने 68 वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगता में रजत पदक जीत कर भारत वर्ष में इतिहास रचा। प्रधानाचार्य राजकुमार ने बताया कि राजस्थान अण्डर-19 छात्रा टीम में अलवर जिले से एकमात्र खिलाडी महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहडोली की छात्रा पायल ने शानदार प्रदर्शन करते हुये प्रशिक्षक डा. दीपिका अरोडा के सानिध्य में रजत पदक जीतकर अपने विद्यालय ने जिले में राज्य का नाम रोशन किया। पदक जीतकर लौटने के बाड प्रशिक्षक डॉ.दीपिका अरोडा व खिलाडी पायल का अलवर रेल्वे स्टेशन गांव में जूलूस निकाल कर जोर-शोर से स्वागत किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने पर



साहडोली विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने इनकी मेहनत और इसकी उपलब्धि पर जमकर सराहना की। यह उपलब्धि पूरे मेलाल क्षेत्र के लिये प्रेरणा दायक है और आने वाले समय में स्थानीय खिलाडियों के लिये मिशाल साबित होगी इस अवसर पर साहडोली सरपंच आसू खां, ठेजी का वास सरपंच, उपप्राचार्य भीम सिंह, गीता गुर्जर व्याख्याता, मंजू यादव, कुलदीप मीणा, हसन खां, रामवतार नरूका,कमला कुमारी, रज ?नी वर्मा,हेमेन्द्र जैन, घनश्याम शर्मा, संकल्प सक्सेना, फ्रह खान, सुरेश शमी,बनवारी चौधरी, गौरव शर्मा, सीताराम यादव, संचिता जैन, सचिन मीणा, रौनक बंसल, महिमा भातरा, प्रधानाचार्य राजकुमार सोनी एवं समस्त स्टाफ एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

# एसडीएम : ईओ ने पैदल घूम शहर की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

## दुकानदारों से डस्टबिन रखने की अपील, कचरा जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/ बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे में शुक्रवार सुबह एसडीएम दीपक मित्तल और नगर पालिका ईओ नायब तहसीलदार अंकुर जैन ने सफाई शाखा कर्मचारियों के साथ बाजारों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था और अस्थाई अतिक्रमणों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अफसरों ने दुकानों के सामने सड़क सीमा में सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी। एसडीएम ने कहा कि अगर जल्द ही अतिक्रमण स्वेच्छा से नहीं हटाए गए तो फिर चालान काटने और सामान जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फल और चाट विक्रेताओं से अपनी दुकान पर आवश्यक रूप से डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। इसके लिए दुकानों का कचरा निर्धारित कचरा संग्रहण वाहनों में डालने, पॉलीथिन प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने की नसीहत दी। कस्बे के लाल दरवाजा इलाके में एक व्यक्ति सड़क पर पड़े कचरे में आग लगाता दिखा तो एसडीएम ने उसमें जमकर फटकार लगाई और अपने सामने ही उसी व्यक्ति से ही पानी डलवा कर आग बुझवाई। हालांकि कई लोगों ने शिकायत करते हुए बताया कि खुद सफाई कर्मी भी कचरे में आग लगाते हैं। इससे वातावरण प्रदूषित होता है। कस्बे के सुभाष चौक सर्किल पर पार्षद कमल आर्य और पार्षद नरेश बारैठा ने एसडीएम का ध्यान पिछले करीब 10 महीने से टूटी पड़ी सुभाष चौक सर्किल की पत्थर जालियों की तरफ दिलाया। पार्षदो ने कहा कि इससे प्रमुख सर्किल का सौंदर्यीकरण खराब हो रहा है। इसके बाद एसडीएम ने दिन में जलती रोड लाइटों को लेकर नाराजगी जताते हुए दिन में लाइटों को बंद करने के लिए संविदा कर्मचारी तैनात करने



के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जितना मानदेय संविदा कर्मचारी पर खर्च होगा, उससे ज्यादा ऊर्जा की बचत होगी। एसडीएम ने बताया कि जल्द ही शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा जिसकी मॉनिटरिंग के लिए सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके साथ ही एसडीएम ने %आई लव बयाना% लिखे सेल्फी प्वाइंट बनाने के लिए स्थान चिन्हित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान सफाई इंस्पेक्टर पवन कुमार, जमादार कैलाश चंद्र, लक्ष्मण सिंह आदि भी मौजूद रहे।

# किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, किसान भवन की जमीन के आवंटन के बजाय पुनर्निर्माण कराने की मांग

## अधिकारियों पर खुर्द बुर्द करने के लगाए आरोप

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/ बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना में कृषि उपज मंडी समिति परिसर क्षेत्र में अनाज मंडी के पीछे स्थित जीर्ण शीर्ण किसान भवन की मरम्मत या उसे डिस्मेंटल कर फिर से नया बनवाने की मांग करते हुए किसान यूनियन ने संबंधित अधिकारियों पर अपने चहेतों के लाभ के लिए उसे खुर्द बुर्द करने के प्रयास करने के भी आरोप लगाए हैं और यूनियन की ओर से आंदोलन की भी चेतावनी दी है। भारतीय किसान यूनियन अंबावता के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र कंसाना के नेतृत्व में बयाना के एसडीएम दीपक मित्तल को मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित ज्ञापन सौंप कर बताया है कि यह किसान भवन अनाज मंडी में अनाज बेचने आने वाले किसानों व मजदूरों के ठहरने और विश्राम आदि सुविधाओं के लिए बनाया गया था किंतु अब संबंधित विभाग के कुछ संबंधित अधिकारी अपने चाहतों को लाभ पहुंचाने और अपने निजी लाभों के लिए इस



भवन को खुर्द बुर्द करने के प्रयास में लगे हुए हैं । जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । अगर ऐसा किया गया तो यूनियन की ओर से धरना प्रदर्शन व किसान आंदोलन किया जाएगा। वही खाद्य व्यापार संघ की ओर से भी अलग से सौंपे गए ज्ञापन में भी कृषि उपज मंडी समिति के अधिकारियों पर इस किसान भवन को खुर्द बुर्द कर उसे कुछ गिने-चुने अपने चहेते लोगों को गुपचुप तरीके से बेचान करने के प्रयास के आरोप लगाते हुए इसका बेचान खुली नीलामी से किए जाने की मांग की है। आपको बता दें कस्बे के बीचों बीच व अनाज मंडी से सटा हुआ यह विशाल किसान भवन करीब 1500 वर्ग गज क्षेत्र में बना हुआ बताया है। जिसे अपने चहेतों के लिए गुपचुप तरीके से बेचान करने की योजना बनाई गई बताई है। जिसका किसानों व व्यापारियों सहित अन्य लोगों की ओर से भी भारी विरोध किया जा रहा है। इस भूखंड की कई करोड़ रुपए कीमत बताई है।

# फसल में सिंचाई के लिए पानी को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, आपस में दोनों पक्षों के आठ लोग घायल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/ बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना पुलिस सर्किल के गढ़ीबाजना थाना इलाके के गांव खड़ैयापुरा में शुक्रवार शाम फसल की सिंचाई के दौरान जानबूझकर पंप सेट बंद करने की बात को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। झगड़े में चले लाठी-डंडों और पथराव में दोनों पक्षों के 8 लोग घायल हो गए। जिन्हें परिजनों ने बयाना सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से तीन घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इस दौरान अस्पताल परिसर में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

गढ़ीबाजना थाना एसएचओ हीरालाल मीना ने बताया कि गांव खड़ैयापुरा में एक ही परिवार के दो पक्षों रतन सिंह और जसवंत सिंह के खेत पास-पास हैं। दोनों पक्षों के पास खेत पर बने कुएं पर लगा संयुक्त पंपसेट है। जिससे दोनों पक्ष



बारी-बारी से अपनी फसलों की सिंचाई करते हैं। शुक्रवार दोपहर सूचना मिली कि फसलों की सिंचाई के टर्न को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी और दोनों पक्षों से समझाइश कर मामला शांत कराया था। लेकिन पुलिस के मौके से वापस लौट जाने के कुछ देर बाद शाम करीब 4 बजे एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष की फसलों की सिंचाई के दौरान पंपसेट बंद करने से झगड़ा हो गया। फिलहाल किसी भी पक्ष ने झगड़े को लेकर अभी कोई रिपोर्ट नहीं दी है। रिपोर्ट आने पर उसके अनुसार अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ये हुए घायल

अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार झगड़े में एक पक्ष के जसवंत सिंह गुर्जर (55), सौरभ (19), उदय सिंह (50) और शिशुपाल (26) घायल हुए हैं। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से हरिराम (22), विक्रम (35), विष्णु (22) और रतन सिंह (55) चोटिल हुए हैं।

# तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल पर पोषण भी पढ़ाई भी थीम के तहत ब्लॉक कोटपूतली में सीडीपीओ कीर्ति बालोरिया के नेतृत्व में विगत 27 नवम्बर से जारी आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन किया गया। शिविर का उद्धेश्य 0 से 6 वर्ष के बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास को प्रोत्साहन करना एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा देने और पोषण के साथ पढाई के प्रति रूचि विकसित करने के लिये नई तकनीकी दृष्टीकोणों पर प्रशिक्षित किया गया। मिशन बुनियाद कार्यक्रम में जिला समन्वयक भगवान सैनी, राजेन्द्र यादव ने आंगनवाड़ी केन्द्रों को अभिभावकों को जोडने् के लिये प्रशिक्षण दिया। प्रारम्भिक बाल अवस्था शिक्षा की जानकारी देते हुये नव चेतना व आधारशिला को समझाते हुये बच्चों को पोषण की जानकारी दी गई। ब्लॉक कोर्डिनेटर मनोज शर्मा ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण में पोषण के साथ सक्रियता से कार्य करने की जानकारी दी। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित गतिविधियों को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस दौरान महिला पर्यवेक्षक आशा शर्मा, संतरा यादव, दीपा चौधरी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रही।

# बानसूर के वरिष्ठ पत्रकार सुगन चंद मौर्य को मातृ शोक

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )** बानसूर के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार सुगन चंद मौर्य की माताजी व धीरज मौर्य की दादी जी कलावती देवी का स्वर्गवास शुक्रवार को हो गया है। स्वर्गीय कलावती देवी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी।

स्वर्गीय कलावती देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है। और वे 91 साल की थी। स्वर्गीय कलावती देवी के परिवार में दो बेटे व पांच पोते हैं।



# प्रदेश की 27 सड़कों के लिए केन्द्र ने 1154.47 करोड़ रूपये की दी मंजूरी

## कोटा के कालीसिंध नदी पर बनेगा हाई लेवल ब्रिज,70 करोड़ मंजूर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** प्रदेश की 27 सड़कों के विकास के लिए केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 1154.47 करोड़ रूपये की तथा श्रीगंगानगर में रेलवे अण्डर ब्रिज निर्माण के लिए 30 करोड़ रूपये स्वीकृति दी है। इस राशि से राज्य की 748.80 कि.मी की सड़कों का चौड़ाई करण एवं सुदृढीकरण तथा कोटा में कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रयासों से केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) से राज्य सड़कों के विकास के लिए तथा सेतु बंधन योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा यह राशि स्वीकृत की गई है। गौरतलब है कि प्रदेश की विभिन्न सड़कों एवं नवीन वृहद परियोजनाओं के विकास में सहयोग के लिए उप मुख्यमंत्री ने गुरूवार को केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है।उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के लिए यह महत्वपूर्ण सौगात है,केंद्र सरकार द्वारा 27 राज्य सड़कों के लिए 1154.47 करोड़ रुपये की मंजूरी मिलना, राज्य के बुनियादी ढांचे और विकास को गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से राजस्थान के कई क्षेत्रों को लाभ होगा। इससे न केवल परिवहन सुगम होगा बल्कि व्यापार, पर्यटन और कृषि क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही बेहतर सड़क नेटवर्क से राज्य में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसी प्रकार जालौर में 65 करोड़ की लागत से 49 कि.मी, झालावाड़ जिले में 149.97 करोड़ की लागत से 81.25 कि.मी,जोधपुर के फलौदी जिले में 55.65 करोड़ की लागत से 53 कि.मी,कोटा के बूंदी जिले में 80 करोड़ की लागत से 33 कि.मी तथा कोटा में 70 करोड़ की लागत से कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण,पाली के जोधपुर ग्रामीण में 98 करोड़ की लागत से 67 कि.मी,राजसमंद में 70 करोड़ की लागत से 58 कि.मी, टोंक में 58.50 करोड़ की लागत से 25.43 कि.मी तथा उदयपुर में 65.25 करोड़ की लागत से 39 कि.मी राज्य सड़कों का सुदृढीकरण एवं चौड़ाईकरण करवाया जाएगा।

### इन जिलों मे होगा सड़क निर्माण

प्रदेश के 15 लोकसभा क्षेत्रों के 17 जिलों में इस राशि से वृहद जिला सड़क (एमडीआर) तथा स्टेट हाईवे श्रेणी की 27 सड़क परियोजनाओं का चौड़ाई करण एवं सुदृढीकरण किया जाएगा। इस राशि से अलवर लोकसभा क्षेत्र के अलवर जिले में 24 करोड़ की लागत से 24 कि.मी,खैरथल-तिजारा जिले में 69 करोड़ की लागत से 51 कि.मी, कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 49.30 करोड़ की लागत से 28.62 कि.मी, बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र के बालोतरा जिले में 57.50 करोड़ की लागत से 49 कि.मी, भीलवाड़ा के शाहपुरा जिले में 74 करोड़ की लागत से 44 कि.मी, बीकानेर जिले में 73.30 करोड़ की लागत से 71.80 कि.मी, चित्तौडगढ के प्रतापगढ जिले में 20 करोड़ की लागत से 17 कि.मी,जयपुर ग्रामीण तथा सीकर लोकसभा क्षेत्र के जयपुर ग्रामीण में 65 करोड़ की लागत से 57.70 कि.मी सड़कों का निर्माण,चौड़ाईकरण एवम सुदृढ़ीकरण करवाया जाएगा।



# बूंदी जिले के नैनवा तहसील के बरसोली गांव के पटेल ग्यारशी लाल 55 वर्ष की आत्मा लेने आए बागरी समाज के लोग

## बूंदी जिला अस्पताल में एक बार फिर से अंधविश्वास का खेल देखा गया



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला अस्पताल में देई इलाके से बरसोली गांव निवासी मृतक ग्यारसी लाल जिसकी उम्र 55 वर्ष थी बीमारी के चलते जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में परिजनों ने उसे भर्ती करवाया था, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई ।2006 वह भी की बात है ,परिवार में गृह क्लेश और अशांति होने के चलते शुक्रवार को परिजन उसकी आत्मा को लेने लगभग 18 वर्ष बाद जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में पहुंचे ।जहां पर गाड़ी में सवार होकर आए परिजनों ने गीत गाते हुए मेडिकल वार्ड में प्रवेश किया और गाजे बाजे के साथ मेडिकल वार्ड पहुचे , वहां पाठ पूजा करते हुए मृतक ग्यारसी लाल जिसकी मौत इलाज के दौरान 2006 में जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में हुई थी ,उसकी आत्मा को एक दीपक के रूप में लेकर रवाना हुए ।अब परिजन घर जाकर, जागरण व अन्य पाठ पूजन करेंगे तथा,, सामूहिक भोज भी करेंगे। जिला अस्पताल में महिला पुरुष बच्चे सभी अपने पूर्वज 55 वर्षीय मृतक ग्यारसी लाल की आत्मा को लेने पहुंचे ।इस माहौल को देखकर जिला अस्पताल में हर कोई दंग था, लेकिन इन्हें जिला अस्पताल में पुलिस स्टाफ, सिक्योरिटी गार्ड और ,चिकित्सक सहित अस्पताल प्रशासन ने रोकने की हिम्मत तक नहीं दिखाई और और गांव से आए मृतक के परिजन गाजे बाजे के साथ अपने पूर्वज की आत्मा को राजी राजी एक दीपक में समाहित करके रवाना हो गए।

# विरासत और पर्यावरण की गंभीर चुनौतियों पर इंटेक की संगोष्ठी आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज इंटेक की ओर से शनिवार को शाम को 4 बजे जोहराबाई तालाब नान्ता स्थित सकस जी महाराज के आश्रम पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इंटेक कोटा चैप्टर के कन्वीनर निखिलेश सेठी ने बताया कि विरासत और पर्यावरण की गंभीर चुनौतियां विषय पर विभिन्न पर्यावरणविद विचार रखेंगे। इस दौरान नान्ता के ऐतिहासिक जवाहरबाई तालाब के जीर्णोद्धार की योजना बनाई जाएगी। को-कन्वीनर बहादुर सिंह हाड़ा ने बताया कि सरकारी उपेक्षाओं के दंश झेल रही विरासत, पर्यावरण और बदहाल जंगलों के संरक्षण और संवर्धन को सुनिश्चित करने के लिए इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज मुहिम शुरु करेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1789 में निर्मित इस बहुउद्देशीय तालाब के पुनरुद्धार के लिए इंटेक, पिछले एक वर्ष से विभिन्न स्तरों पर संघर्ष कर रहा है। कोटा थर्मल प्लांट ने इस तालाब के वैभव को 80 के दशक में राख से भर कर नष्ट कर दिया था। राख की बढ़ती उपयोगिता के चलते यह तालाब अब खाली हो गया, किन्तु इस दरमियान तालाब का सुंदर तटबंध पूर्णत: क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसकी मरम्मत के लिए कोटा थर्मल प्रशासन तथा ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर से मांग की गई है। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में शाहबाद के जंगलों में डेढ लाख हरे वृक्षों की निर्मम कटाई पर रोक व सरकार द्वारा पेड़ों की सही गिनती बताने पर जोर दिया जाएगा। साथ ही, मुकुंदरा टाइगर प्रोजेक्ट का पर्यटन की दृष्टि से समुचित विकास नहीं होने पर भी विचार किया जाएगा।

# डीपीएनजी पाइप लाईन बिछाने के कार्य की शुरुआत

## 5 हजार से अधिक परिवार होंगे लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** कोटा शहर के दादाबाड़ी व आसपास के क्षेत्र में राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम आरएसजीएल द्वारा पाइप लाईन से डीपीएनजी गैस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुक्रवार को पाइप लाईन बिछाने के कार्य का शुभारंभ कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने किया। श्री शर्मा ने कहा कि इससे क्षेत्र के निवासियों को घरेलू उपयोग के लिए पाइप लाईन से गैस सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि डीपीएनजी सुविधा से क्षेत्रवासियों को 24 घंटे गैस सुविधा उपलब्ध हो सकेगी और गैस बुक कराने एवं सिलेण्डर के लिए प्रतीक्षा नहीं करनी होगी। आरएसजीएल के एमडी रणवीर सिंह ने बताया कि डीपीएनजी सुविधा से पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिलने के साथ ही लागत में भी कमी आएगी। उन्होंने बताया कि कोटा शहर में सीएनजी और डीपीएनजी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम आरएसजीएल द्वारा पाइप लाईन बिछाने से लेकर आधारभूत सुविधा विकसित करने एवं घरेलू, व्यावसायिक व औद्योगिक कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

## समस्या समाधान शिविर

# शिक्षा मंत्री के निर्देश पर दिव्यांगों को मिला ऋण

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को सरकार आपके द्वार समस्या समाधान शिविर के तहत रामगंजमंडी क्षेत्र के ग्राम उण्डवा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जनसुनवाई की। शिविर में क्षेत्रवासी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे और शिक्षा मंत्री के निर्देश पर अधिकारियों ने उनकी समस्याओं का समाधान किया।

**तहसीलदार को दिए रास्ता खुलवाने के निर्देश :** ग्राम ऊंडवा निवासी खेमराज व मदन लाल ने शिकायत देकर मांग की कि उनके खाते व कब्जे की काश्त भूमि पर आने जाने का रास्ता कायम था जिस पर चतुर्भुज ने अतिक्रमण कर लिया और सरकारी खाते की ऊसर जमीन पर सोयाबीन की फसल जमीन पर बो दी। शिक्षा मंत्री सोमवार तक कार्यवाही कर फरियादी को राहत दिलाने के निर्देश तहसीलदार को दिए।

**दो दिव्यांगों को स्वरोजगार के लिए मिला ऋण :** समस्या समाधान शिविर में रोज़गार की आस लेकर पहुंचे दो दिव्यांगों को शिक्षा मंत्री ने तुरंत राहत देते हुए राजस्थान दिव्यांग वर्ग वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड, कोटा से आवेदन भरवा कर तुरंत ऋण स्वीकृत करवाया। दिव्यांग विकास पुत्र युधिष्ठिर के दिव्यांग सबल योजना में 2 लाख 20 हजार रुपए का ऋण ई-मित्र खोलने के लिए स्वीकृत हुए जिसमें 1 लाख 32 हजार रुपए तुरंत विकास के खाते में आ गए। विकास के दोनों हाथ नहीं है। इसी प्रकार मनोज कुमार को कच्ची घाणी व किराना की दुकान लगाने के लिए दिव्यांग सबल योजना में 2 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत हुए जिसमें से 1 लाख 32 हजार रुपए तुरंत उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। दोनों दिव्यांगों ने शिक्षा मंत्री का आभार प्रकट किया। शिक्षा मंत्री के निर्देश पर शिविर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम के अंतर्गत मौके पर ही बालमुकुंद तथा रोड़ी बाई को जॉब कार्ड बनवाकर दिए गए। शिक्षा मंत्री ने वृद्धा के बेटे पीरूलाल और उसकी पत्नी को बुलाकर समझाया कि ये तुम्हारी मां है, इसका सम्मान करो। इसने तुमको पैदा किया है, बचपन में तुम्हारी हर इच्छा पूरी की है और अब जब ये बूढ़ी और बेसहारा हो गई है तो बेटे का फर्ज है कि मां की सेवा करे। शिक्षा मंत्री ने उनसे हाथ जोड़ कर अनुरोध किया कि अपनी मां का अपमान मत करो, उनकी सेवा करो। समझाइश के बाद बेटा-बहू ने भरोसा दिलाया कि अब वे रूपा बाई की सेवा करेंगे।

### मंत्री ने कहा बूढ़ी मां का सम्मान करो

समस्या समाधान शिविर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से वृद्धा रूपा बाई ने फरियाद की कि उनका बेटा और बहू उनकी सेवा नहीं करते। उनके हिस्से की 2 बीघा जमीन भी हड़प ली है और रोटी भी नहीं दे रहे। पति की मृत्यु के बाद स्थिति बहुत खराब हो गई है। बेटा-बहू मुझे गाली देते हैं। मेरी बड़ी बेटी को मिलने भी नहीं आने देते। मेरा इलाज भी नहीं करवाते और विधवा पेंशन के 1100 रुपए आते हैं वो भी खुद रख लेते हैं।

# मेघवाल महासभा की विशेष बैठक का हुआ आयोजन, नवनियुक्त सदस्यों का किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी(महेश कुमार)।** मेघवाल महासभा के कोटा संभाग एवं उदयपुर संभाग के तत्वाधान में एक विशेष बैठक शहर के सुकेत रोड़ स्थित के. के. इंजीनियरिंग वर्कशॉप ऑफिस कुदायला में आयोजित की गई । बैठक में मेघवाल महासभा की कार्यकारिणी को लेकर विशेष चर्चा की गई इस दौरान कार्यकारिणी के नवनियुक्त सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत सम्मान भी किया गया। राजस्थान प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल बुरनखेड़ी ने बताया कि वर्तमान में राजस्थान भर में मेघवाल महासभा का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिससे लोग जुड़कर मेघवाल महासभा के तत्वाधान में समाज के लिए समाज हित के अनेक कार्य कर रहे हैं ।बैठक के अंत में कोटा जिला महामंत्री ओम प्रकाश करेलिया, झालावाड़ जिला अध्यक्ष सोनू केटर्स, चेचट पंचायत अध्यक्ष कमल करेलिया, का फूल मालाओं से स्वागत किया गया इस दौरान प्रदेश महामंत्री बाबूलाल मेघवाल, कोटा संभाग अध्यक्ष सांवरलाल मेघवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल बुरनखेड़ी, उदयपुर संभाग अध्यक्ष प्रहलाद मेघवाल, चित्तौड़ जिला अध्यक्ष राधाकिशन मेघवाल, कोटा जिला अध्यक्ष अशोक मेघवाल, झालावाड़ जिला अध्यक्ष सोनू केटर्स, कोटा जिला महामंत्री ओम प्रकाश करेलिया, रामगंज मंडी तहसील अध्यक्ष घनश्याम मेघवाल, चेचक तहसील अध्यक्ष दुर्गेश मेघवाल, चेचट पंचायत अध्यक्ष कमल करेलिया, धर्मराज मेघवाल आदि मौजूद रहे।

# राजस्थान प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल (बुरनखेड़ी) ने थैलेसीमिया बच्चों के लिए किया रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी(महेश कुमार)।** राजस्थान प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल (बुरनखेड़ी) ने थैलेसीमिया बच्चों के लिए रक्तदान किया साथ ही मेघवाल ने लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है और वर्तमान में झालावाड़ एस आर जी ब्लड बैंक में रक्त की कमी चल रही है। यह समय पुण्य कमाने का है । लोग रक्तदान कर थैलेसीमिया बच्चों की मदद कर पुण्य कमा सकते हैं। मेघवाल ने कहा कि सर्वप्रथम यह पुण्य का काम ब्लड बैंक के स्टाफ द्वारा किया गया जहां ब्लड बैंक इंचार्ज मनीष सामरिया की अपील पर स्टाप ने खुद रक्तदान किया इनके द्वारा रक्तदान की खबर देखकर ही मुझे भी प्रेरणा मिली और मैने भी रक्तदान किया मेघवाल के रक्तदान से प्रेरित होकर ब्लड बैंक स्टाफ गोविन्द ने भी रक्तदान किया इस दौरान ब्लड बैंक मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉक्टर मनीष सामरिया एवं ब्लड बैंक लैब टेक्नीशियन इंचार्ज पंकज मालव ने भी मेघवाल महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी का आभार जताया और कहा कि इस तरह सभी लोग थैलेसीमिया बच्चों के लिए रक्तदान करें तो बच्चों की मदद भी हो सकेगी और कभी उन्हें रक्त के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा इस दौरान ब्लड बैंक मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉक्टर मनीष सामरिया, ब्लड बैंक टेक्नीशियन इंचार्ज पंकज मालव, डॉ रईस खान, डॉ कार्तिकेय नागदा, पवित्र पारीक, वैभव शर्मा, महावीर, राजेश त्रिसुलिया, अब्दुल सलीम, रितिक राठौर, दीपक चक्रधारी, अमरीन, रिचा राजावत, गिर्राज कश्यप, राजेश मेघवाल, शैलेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# निजी स्कूलों में अवैध वाहन : बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़

## घटना पर घटना होने के बावजूद प्राइवेट स्कूल संचालकों ने लगा रखे अवैध बलवाहनी

बढ़ता राजस्थान



**अंता (शफीक मंसूरी)।** अंता क्षेत्र में निजी स्कूलों द्वारा बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने के लिए अवैध वाहन इस्तेमाल किए जा रहे हैं, जो बालवाहन के नाम पर चलाए जा रहे हैं। यह घटनाएं बार-बार होने के बावजूद स्कूल संचालक अपनी लापरवाही से बाज नहीं आ रहे हैं। बच्चों के अभिभावक उन्हें स्कूलों में सुरक्षित पहुंचाने के लिए स्कूलों पर भरोसा करते हैं, लेकिन इन अवैध वाहनों के कारण बच्चों की जान जोखिम में रहती है। जब अभिभावक निजी स्कूलों को मुंह मांगी फीस देते हैं, तो उन्हें बच्चों की सुरक्षा के इंतजामों की उम्मीद होती है। लेकिन स्कूल संचालक अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से विफल हो रहे हैं। इन अवैध वाहनों में ड्राइवर का लाइसेंस होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती, और बच्चों की जान चली जाती है। शिक्षा और परिवहन विभाग इस पर कोई सख्त कदम नहीं उठाते हैं। जब घटना घटित होती है, तब अभिभावक और समाज केवल धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने के अलावा कुछ नहीं कर पाते हैं, और अंत में मुआवजे और समझौतों पर स्थिति शांत होती है। निजी स्कूलों में बच्चों का एडमिशन कराने से पहले अभिभावकों को स्कूल का वातावरण, शिक्षक और स्कूल वाहनों की सुरक्षा मानकों की जांच करनी चाहिए। अंता क्षेत्र के निजी स्कूलों में सुरक्षा नियमों की गंभीर उल्लंघन हो रही है। इन स्कूलों में बच्चों को अवैध वाहनों में ठसाठस भरकर भेजा जा रहा है, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। प्रदेश सरकार ने स्कूली वाहनों के लिए सख्त नियम बनाए थे, जिसमें अब सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया गया है, लेकिन अधिकांश स्कूलों में इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के कारण बच्चों की सुरक्षा लगातार खतरे में है। जिला परिवहन अधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि किसी स्कूल में टाटा मैजिक जैसे अवैध वाहन पाए गए तो संबंधित स्कूल प्रबंधन और चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी, और वाहन का पंजीकरण व चालक का ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा। इसके अलावा, स्कूल की मान्यता को रद्द करने के लिए जिलाधिकारी को संस्तुति भेजी जाएगी। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने भी सभी निजी स्कूलों को लिखित आदेश दिए हैं कि बिना मानक के वाहन नहीं लगाए जाएं। वे इस मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दे रही हैं, लेकिन स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा की स्थिति बहुत गंभीर बनी हुई है।

### इनका कहना

हमने जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी को लिखित में दे रखा है कोई भी निजी स्कूल बिना मापदंडों के बलवाहनी नहीं चलाए फिर भी अवैध वाहन लगे हुए हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी ।

**जिला परिवहन अधिकारी जाट**

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मैंने सभी निजी स्कूलों को लिखित आदेश दे रखा है कोई भी बिना मापदंडों के वाहन नहीं लगाए मैं अभी परीक्षा में व्यस्त हूं मैं निश्चित तौर पर कार्रवाई करूंगी।

**ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अंता**

# संवेदक द्वारा खड़ी गेहूं की फसल पर चलाए बुलडोजर

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन(सुनील मेघवाल)।** केशोरायपाटन क्षेत्र के जयस्थल गांव के कुरेल नदी पर बन रही पुलिया पर रोड़ निकालने को लेकर 35 बीघा की 12 किसानों की फसल पर बिना नोटिस दिए गेहूं की खडी फसल पर जेसीबी चला दी। किसानों का आरोप है कि खेतों के पास सिवायचक भूमि है फिर भी जानबूझकर किसानों की फसल को बर्बाद किया और किसानों ने न्याय की गुहार लगाई। मौके पर जेईएन पटवारी के सामने ग्रामीणों ने नारेबाजी की । किसानों ने कहा कि हमारी समस्या का समाधान नहीं होता है तो कलेक्टर के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों को फोन किया गया लेकिन फोन नहीं उठाया गया।



# नगर पालिका द्वारा आयोजित 15 दिवसीय कार्तिक मेले का समापन

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन(सुनील मेघवाल)।** नगर पालिका केशोरायपाटन द्वारा आयोजित 15 दिवसीय कार्तिक मेले का शुक्रवार को समापन हुआ ।अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के माध्यम से हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका वाइस चेयरमैन राजविन्ता गोचर ने करते हुए मुख्य अतिथि का स्वागत सत्कार किया । मुख्य अतिथि व विभिन्न क्षेत्र से पधारे कवियों का स्वागत वार्ड पार्षद हरजीत केवट, पार्षद भोजराज , वंदना, श्यामा बाई ने किया भाजपा ओबीसी पूर्व जिला उपाध्यक्ष गणेश गुर्जर द्वारा मुख्य अतिथि विधायक संदीप शर्मा अन्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कवि व कवित्रियों द्वारा हास्य व श्रृंगार रस के माध्यम से श्रोताओं की सुबह 4.00 बजे तक काफी संख्या में भीड़ जुटी रही।

# सड़क हादसे में ऑटो ड्राइवर की मौत

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर के बाड़ी रोड पर शुक्रवार सुबह एक ऑटो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो ड्राइवर गंभीर घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। इसी बीच राहगीर ऑटो ड्राइवर को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने ऑटो ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना के बाद अस्पताल पहुंची सदर थाना पुलिस ने मृतक की पहचान कराई। जिसकी पहचान बाबू (26) पुत्र खिलौनी निवासी पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास थाना सदर के रूप में हुई। मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों को अस्पताल बुलाया। अस्पताल की मॉर्चुरी पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि सुबह के समय युवक बाबू रोज की तरह ऑटो को लेकर धौलपुर की ओर निकाला था। उन्होंने बताया कि धौलपुर में ऑटो चलाने के बाद युवक शाम को वापस घर लौटता था। सुबह ऑटो लेकर निकले युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। ऑटो ड्राइवर की मौत के बाद पुलिस ने उसके शव को अस्पताल की मॉर्चुरी में



रखवाया। पुलिस के मुताबिक परिजनों की रिपोर्ट पर शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। हादसे के बाद पुलिस मौके से फरार अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

# बिजली के निजीकरण का विरोध : कार्मिकों ने रैली निकाल कर जताया विरोध, मांग नहीं मानने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** जिले में राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। विद्युत निगम में बढ़ते निजीकरण के विरोध में विद्युत निगम के अभियंता, तकनीकी कर्मी और मंत्रालयिक कार्मिकों ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा है।

सीएम के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर विद्युत कर्मियों ने सरकार से बिजली निगम में निजीकरण रोकने की मांग की है। कार्मिकों ने मांगों पर अमल नहीं करने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी है। विरोध प्रदर्शन करते हुए विद्युत निगम के कार्मिकों ने बताया कि विभिन्न कामों के नाम पर निगम में लगातार निजीकरण बढ़ता जा रहा है। निजीकरण का कार्मिक लंबे समय से विरोध करते आ रहे हैं। निगम में बढ़ते निजीकरण के कारण कार्मिकों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। निजीकरण के विरोध में शुक्रवार को विद्युत निगम कार्मिकों ने विरोध प्रदर्शन किया है। कार्मिकों ने निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद कार्मिक रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। विरोध प्रदर्शन कर कार्मिकों ने विभाग में बढ़ते निजीकरण को रोकने, विद्युत ग्रिड के संचालक को ठेके पर नहीं देने, प्रदेश की पांचों विद्युत वितरण निगम में कार्यरत कार्मिकों को



ओपीएस की सुविधा का लाभ दिलाने सहित अन्य मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

कार्मिकों ने इस दौरान राज्य सरकार पर मांगों की लगातार अनदेखी के भी आरोप लगाए हैं। और प्रदर्शन करते हुए विद्युत निगम के कार्मिकों ने ज्ञापन सौंप कर अति शीघ्र कार्मिकों की मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई है। और मांग पूरी नहीं होने पर कार्मिकों ने उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

# संविधान देश की आत्मा, कुछ ताकते संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही : शास्त्री

## जिला कांग्रेस कमेटी संविधान के प्रति समर्पण के लिए 60 दिनों तक संविधान रक्षक अभियान चलाएगी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी पार्क में भारत संविधान सभा द्वारा हमारे संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज रहे। सम्माननीय अतिथि पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने की, मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता प्रभारी सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज ने सर्वप्रथम राष्ट्रपिता एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर को नमन करते हुए कहा कि संविधान देश की आत्मा है, उन्होंने आगे कहा कि 25 नवंबर 1949 को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर ने डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद को भारतीय संविधान का अन्तिम मसौदा सौंपा था, उन्होंने आगे कहा कि संसद से बड़ा संविधान है संविधान पर प्रकाश डालते हुए भूपेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि हमारे संविधान के प्रमुख तत्व लोकतांत्रिक व गणराज्य स्वरुप, धर्म निरपेक्ष चरित्र, संसदीय प्रणाली, शासन में शक्तियों का पृथक्करण, संघीय ढांचा, कल्याणकारी राज्य, समानता का सिद्धांत, निष्पक्ष चुनाव, स्वतन्त्र न्यायपालिका हमारे संविधान के मूल ढांचे के प्रमुख तत्व है। जो कि इसको विशेष बनाती है । उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान रक्षक अभियान 26 नवंबर से 26 जनवरी तक चलाया जाएगा। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री ने कहा कि कुछ ताकतें संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। संविधान देश की आत्मा है। उन्होंने कहा किराजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 26 नवम्बर से 26 जनवरी 2025 तक संविधान की रक्षा ओर इसके सिद्धांत के प्रति पार्टी के समर्पण के लिए 60 दिवसीय संविधान रक्षक अभियान चलाया जाएगा। रक्षक अभियान केअंतर्गत पांच प्रमुख विषयों पर दस दिवसीय कार्यक्रम आयोजित



होंगे। संचालन संगठन महासचिव धनेश जैन ने किया।

उपप्रधान प्रतिनिधि धीरा कषांना, सेवादल युवक कांग्रेसअध्यक्ष शिवा चौधरी, सेवा दल प्रभारी बांबी जगरिया, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शकील खान अनीस खान, प्रवक्ता जगन्नाथ कोली, सरपंच मन रुप मीणा, वैजयंती देवी आमिल खान, युवा कांग्रेस श्यामू पंडित, सचिव संजय बघेल, सरपंच दिनेश त्यागी, पुष्पेंद्र राना, जगदीश प्रसाद त्यागी, केशव चंद मीणा पंचायत समिति सदस्य, राजवीर मीना,, अभिषेक यादव, वैजयंती जाटव आदि मौजूद थे।

# राजाखेड़ा में बिना कनेक्शन 2 महीने का बिल : 4 महीने पहले युवक ने नल के लिए लगाई थी फाइल, सितंबर-अक्टूबर का बिल भेजा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** बिना कनेक्शन के ही जलदाय विभाग ने एक युवक को दो महीने के बिल भेज दिया। मामला धौलपुर जिले के राजाखेड़ा कस्बे का है। युवक ने करीब 3-4 महीने पहले ही पानी के कनेक्शन को लेकर फाइल लगाई थी। राजाखेड़ा कस्बे के वार्ड 8 निवासी भानु प्रताप ने बताया-उसने नल कनेक्शन लेने के लिए करीब तीन-चार महीने पहले राजाखेड़ा जलदाय विभाग में फाइल लगाई थी। जिसको लेकर 11 नवंबर 2024 को उसने 1466 रुपये की फीस भी जमा कर दी थी। विभाग ने इसकी उसे रसीद भी दी लेकिन तब से लेकर अब तक विभाग द्वारा उसके यहां पर नल कनेक्शन नहीं दिया गया है। भानु प्रताप ने बताया-गुरुवार को जलदाय विभाग द्वारा उसे 2 महीने सितंबर-अक्टूबर का 252 रुपए का पानी का बिल भेज दिया गया है। जिसमे आखिरी तारीख शुक्रवार 29 नवंबर अंकित है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि राजाखेड़ा में सैकड़ों की संख्या में फर्जी कनेक्शन हैं। जिनमें से रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है और सरकारी राजस्व को भी चपत लग रही ही। विभाग की उदासीनता के कारण फर्जी कनेक्शन धारी बिना कोई शुल्क अदा किए पेयजल का उपभोग कर रहे हैं।

**इनका ये कहना**

कनेक्शन के लिए उपभोक्ता द्वारा गड्ढा खुदवाया जाता है। विभाग का कर्मचारी फेरुल के द्वारा कनेक्शन करता है। बिल आने के क्या कारण रहे हैं इसको लेकर जांच कराई जाएगी।

**रामअवतार सिंह, जेईएन, जन जलदाय, विभाग राजाखेड़ा**



# पीएमश्री स्कूल शेरपुर में सामाजिक व शैक्षिक क्षेत्र में बालिकाओं के समक्ष चुनौतियों को लेकर विचार गोष्ठी

## स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के बारे में जागरूक करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर पीएम श्री महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल शेरपुर में मेंटर, मेंटी कार्यक्रम के तहत बालिका सुरक्षा एवं चुनौतियां को लेकर कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं की विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वार्ताकार के रूप में शिक्षाविद एवं पूर्व ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ. लाजपत शर्मा शामिल हुए, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में रागिनी त्रिवेदी व लक्ष्मी देवी मौजूद रही। शुरुआत में विद्यालय के संस्था प्रधान राजेश शर्मा व कंपोनेंट प्रभारी गजेंद्र सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। सेवानिवृत्त ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी व प्रमुख शिक्षाविद डॉ. लाजपत शर्मा ने बालिकाओं के समक्ष सामाजिक व शैक्षिक क्षेत्र में आने वाली चुनौतियां, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के बारे में जागरूक करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाते हुए कहा के नारी शक्ति स्वरूपा होती है। बस उसे अपनी शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है। इस से पूर्व संस्था प्रधान राजेश शर्मा की अध्यक्षता में बालिकाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियां, जेंडर समता को प्रोत्साहन, कैरियर गाइडेंस एवं कौशल विकास, सुरक्षा एवं जागरूकता, विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं आत्म प्रतिष्ठा का विकास व संवेगात्मक लर्निंग से विषयों पर विचार गोष्ठी हुई। प्रभारी अध्यापक गजेंद्र सिंह ने बताया कि इस दौरान इस दौरान निर्णायक के रूप में अमित कुमार शर्मा व रागिनी त्रिवेदी मौजूद रहे।

# नन्ही मुस्कान को मिली नई जिंदगी, 2 माह की बालिका का दत्तकग्रहण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (नि.स.)।** गुरुवार को राजकीय शिशु गृह (विशेषज्ञ दत्तकग्रहण एजेंसी) में प्रवेशित बालिका को नई जिंदगी तब मिली जब उसे दत्तकग्राही माता पिता द्वारा दत्तक ग्रहण हेतु फोस्टर केयर में लिया गया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि लगभग दो माह पूर्व राजकीय शिशु गृह, बाड़ी रोड धौलपुर स्थित पालना गृह में कोई अज्ञात व्यक्ति एक तीन दिन की बालिका को छोड़ गया था, जिसे केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार केयरिंग्स पोर्टल पर दर्ज किया गया। बालिका को विहित प्रक्रिया के अनुसार सीडब्ल्यूसी द्वारा दत्तक ग्रहण के लिए विधिक मुक्त किया गया। वही 2021 में केयरिंग्स पर आवेदन करने वाले दंपत्ति को इस बालिका का ऑनलाइन रेफरल प्राप्त होने पर इसे रिजर्व किया गया। गुरुवार को उक्त दंपत्ति द्वारा शिशु गृह धौलपुर में आकर विजिट की गई तब दत्तकग्रहण समिति द्वारा बैठक उपरांत बालिका को दत्तकग्रहण में लिए जाने की अभिशंसा की। जिस पर अधीक्षक द्वारा बालिका को दंपत्ति को दो माह के प्री एडॉप्शन फोस्टर केयर में दे दिया गया।

वही माता पिता की ओर से अधीक्षक द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से दत्तकग्रहण हेतु आवेदन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी को पेश किया, जिनके द्वारा डिक्री जारी होने पर बालिका दत्तक माता पिता की पूर्ण रूप से जैविक बालक की तरह दत्तक बालिका बन जाएगी। दत्तकग्राही माता पिता का एक जैविक बालक है एवं उन्होंने परिवार पूरा करने ले लिए बालिका को गोद लेना चाहा है। दंपत्ति सुशिक्षित एव राज्य से बाहर अच्छे पद कार्यरत है। इस बालिका की तरह अन्य बच्चे भी कारा द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत दत्तकग्रहण में जाकर नई जिंदगी प्राप्त करते है।

# अपर आईडी में स्टोर होगा स्कूली बच्चों का रिकॉर्ड

## स्कूल बदलने पर नहीं होगी परेशानी, 12 अंकों के नंबर में स्टोर होगा पूरा रिकॉर्ड

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा देश के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए 12 अंकों का एक विशेष नंबर देने को लेकर विद्यालयों में विद्यार्थियों की अपर आईडी जनरेट करने का काम किया जा रहा है। इस काम में आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान को लेकर शुक्रवार को बाड़ी ब्लॉक के समस्त निजी और सरकारी विद्यालयों के संस्था प्रधान एवं संचालकों की एक बैठक का आयोजन शहर के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय किया गया।

**अभिभावक की सहमति जरूरी :** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक के दौरान कार्यालय के आरपी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि सरकारी एवं निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों को अपर आईडी जनरेट करने की प्रक्रिया पूर्व में भी बताई गई थी। लेकिन फिर भी कुछ निजी और सरकारी विद्यालयों के सामने आईडी जनरेट करने के दौरान समस्याएं आ रही थी। जिसको निजी विद्यालयों फिर से आयोजित बैठक में सभी संस्था प्रधानों एवं संचालकों से



अध्यनरत विद्यार्थियों की शत प्रतिशत अपर आईडी जनरेट करने के निर्देश दिए है।उन्होंने बताया कि बच्चों अपर आईडी जनरेट करने में अभिभावक की सहमति भी जरूरी है। बैठक में निजी स्कूल के संचालक वीरेंद्र दीक्षित, राकेश दीक्षित, दारा सिंह पचोरी, शैलेंद्र सिंह, प्रेम नारायण शर्मा, सुभाष चंद्र बंसल, महेश पाराशर, अनिल शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# पार्वती बांध से किसानों को सिचाई के लिए मिलेगा पर्याप्त पानी : जिला कलक्टर

## 29 नवम्बर की रात्रि 9 बजे से नहर में छोड़ा जायेगा पानी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** पार्वती (आंगई) बांध जल वितरण समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में नहर कोठी बसेड़ी में आयोजित की गई। पार्वती सिंचाई परियोजना के चैयरमेन, जल उपयोक्ता संगमों के अध्यक्षों एवं किसानों के साथ हुई बैठक में पार्वती बांध परियोजना की मुख्य नहर को 29 नवम्बर शुक्रवार की रात्रि 9 बजे खोलने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में पार्वती बांध में 3902.56 एमसीएफटी पानी उपलब्ध है जिसमें से डेड-स्टोरेज 435.86 एमसीएफटी है एवं पेयजल हेतु 200 एमसीएफटी है जिसमें से सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी की मात्रा 3227.68 एमसीएफटी है। पार्वती बांध की मुख्य नहर को इसकी अधिकतम क्षमता पर संचालित करने पर नहर को कुल 106 दिनों के लिए चलाया जा सकेगा। पार्वती बांध के नहरी तंत्र की मुख्य नहर एवं 49 माईनरों के माध्यम से धौलपुर जिले की कुल 24667 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाएगी। जिला कलक्टर ने किसानों से पानी का सदुपयोग करने एवं कम पानी की पैदावार वाली फसलें करने की सलाह दी। उन्होंने नहर चलने के दौरान सम्बन्धित सहायक एवं कनिष्ठ अभियन्ता सिंचाई को निरन्तर मौके पर पहुंचकर जल वितरण की निगरानी के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों से जल वितरण व्यवस्था में सहयोग देकर नहरों के अन्तिम छोर तक के किसानों को पानी उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई सुरेश चन्द मीणा, अधिशाषी अभियन्ता राजकुमार सिंघल सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक बीएल कुशवाहा जेल से आए बाहर

## समर्थकों ने किया स्वागत, हत्या के मामले में काट रहे थे सजा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** हत्या के मामले में सजा काट रहे पूर्व विधायक बनवारी लाल कुशवाहा जेल से बाहर आ गए हैं। शुक्रवार को भरतपुर की सेवर जेल से रिहा होने के बाद पूर्व विधायक का उनकी पत्नी वर्तमान विधायक शोभा रानी कुशवाहा और उनके समर्थकों ने धौलपुर बॉर्डर पर स्वागत किया। साल 2012 में हुए नरेश कुशवाहा हत्याकांड के मामले में वर्ष 2016 में पूर्व विधायक बनवारी लाल कुशवाहा को धौलपुर की एडीजे कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पूर्व विधायक बनवारी लाल कुशवाहा पर हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप लगा था। जो भरतपुर की सेवर जेल में सजा काट रहे थे। आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व विधायक बनवारी लाल कुशवाहा को मार्च 2024 में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व विधायक को जमानत दे दी थी। पूर्व विधायक पर दूसरे प्रदेशों में दर्ज चिटफंड के मामलों के बाद उन्होंने जमानत नहीं ली थी। पूर्व विधायक पर दर्ज सभी मामलों की कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद शुक्रवार को उन्हें सेवर जेल से रिहा कर दिया गया है। पूर्व विधायक के जेल से रिहा होने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में उनके समर्थक भरतपुर की सेवर जेल पहुंचे। जेल से रिहा होने के बाद धौलपुर पहुंचने पर पूर्व विधायक का उनके समर्थकों ने स्वागत किया।



# बाड़ी नगर पालिका कार्यरत सहायक कर्मचारी चौथमल हुए सेवानिवृत्त

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( नि.स. )।** बाड़ी नगर पालिका में कार्यरत सहायक कर्मचारी चौथमल का शुक्रवार को रिटायरमेंट हुआ नगर पालिका के सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा ने बताया कि 1987 से 2022 तक राजस्थान राज्य सहकारी स्पिनिंग एवं जिनिंग मिल्स फैडरेशन के बाद 22/09/2022 को नगर पालिका बाड़ी में सहायक कर्मचारी के पद कार्यग्रहण किया था उसके बाद नगर पालिका बाड़ी में सहायक कर्मचारी के पद अपनी सेवा दे रहे उनका व्यवहार सरल सहज हंसमुख मृदभाषी सदैव अपने काम के प्रति तत्पर रहने वाले चौथमल का शुक्रवार को नगर पालिका बाड़ी के कार्मिकों ने भावभीनी विदाई के साथ नगर पालिका बाड़ी से रिटायरमेंट किया इस दौरान नगर पालिका चैयरमेन कमलेश देवी, एआरआई मांगीलाल गर्ग,सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा, वरिष्ठ लिपिक मजीद खान, वरिष्ठ लिपिक लोकेश गर्ग, कनिष्ठ लिपिक यादवेन्द्र सिंह तोमर, कनिष्ठ लिपिक सुनील यादव, कनिष्ठ लिपिक कामिनी श्रीवास्तव, अश्विनी कुमार पाराशर,सामुदायिक संगठक जोगेन्दर मीणा, कल्याण सिंह यादव, डीईओ सुमित तिवारी, डीईओ तपेश बिधूडी, मनु बिधूडी, शिवशंकर पचौरी,



गोविंद सिंह यादव,उमेश महेरा, अमित कुमार शुक्ला, बीरेंद्र विधौलिया,अनिल गर्ग, आशीष बंसल,रामकुमार कोली, अंकित कुमार, पुनीत कपरेला, मुकेश वर्मा, किशोरी भटेले, विष्णु पुरोहित, शुभम कौशिक,सहित नगर पालिका के समस्त कार्मिक एवं हनुमानगढ़ से आए उनके परिवारी जन मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं के समूह ने विद्यालय का किया भ्रमण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौराखेड़ा में गुरुवार कोसह शैक्षिक गतिविधियों के तहत ट्यूनिंग ऑफ स्कूलकार्यक्रम में प्रधानाचार्य स्टाफ सदस्य व विद्यार्थियों के समूह ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धौलपुर का भ्रमण किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा वहां की अनुशासन व्यवस्था, कक्षा कक्ष व्यवस्था, चिकित्सा कक्ष, भौतिक विज्ञान व रसायन विज्ञान प्रयोगशाला के बारे में जानकारी प्राप्त की। संगीत कक्ष में बच्चे वाद्य यंत्रों के साथ रियाज कर रहे थे।

कुछ बच्चे विद्यालय की बाउंड्री वॉल पर चित्रकारी कर रहे थे। केंद्रीय विद्यालय धौलपुर प्रधानाचार्य मन्मथ कुमार शर्मा के द्वारा हमारा भरपूर सहयोग किया गया तथा उन्होंने विद्यालय के नए प्रयोगों के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य के द्वारा स्टाफ और बच्चों के लिए स्वल्पाहार भी कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य यशोदा कुमारी, ऋषिकेश गुर्जर, पवन कुमार शर्मा, संतोष कुमार, रविंद्र कुमार शर्मा एवं विद्यालय के बच्चे शामिल हुए।

# विधायक आक्या ने किया हजारेश्वर महादेव के समीप निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने शुक्रवार को हजारेश्वर महादेव के पास से बुंदी रोड तक गंभीरी पदी पर निर्माणाधीन नई पुलिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। बताया कि विधायक आक्या के सतत प्रयासो से साढ़े 12 करोड़ की स्वीकृत लागत से निर्माणाधीन इस पुलिया का कार्य पूर्णता की ओर है तथा इस पर आवागमन शीघ्र ही आरम्भ होने वाला है।

विधायक आक्या ने नगर परिषद व यूआईटी के अधिकारियों के साथ पुलिया का निरीक्षण कर पुलिया के दोनो ओर विद्युत पोल लगाने, आवश्यक रंग रोगन कराने, पुलिया पर दोनों तरफ सुरक्षा की दृष्टि से जांलियां लगाने एवं अन्य आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए ताकि इस पुलिया को शीघ्र ही आमजन को समर्पित कर इस पर आवागमन सुव्यवस्थित रुप से प्रारंभ किया जा सके।

विधायक आक्या ने कुछ जगह सड़क की चैड़ाई को लेकर आ रही समस्या को देखते हुए संबंधित खातेदारो को बुलाकर उनसे समझाइश की, जिस पर सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए सहमति बनी। विधायक आक्या ने इसके साथ ही कूकड़ा रिसॉर्ट के पास से भोई खेड़ा लिंक सड़क का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान विधायक आक्या ने कहा कि जल्द ही आमजन इस पुलिया का उपयोग कर सके इस हेतु आगामी कुछ दिनो में धार्मिक गुरूओ व जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में विधि विधान के साथ पुलिया का उद्घाटन कराया जाएगा। विधायक आक्या ने कहा कि उनके द्वारा आगामी दो माह में पीडब्लुडी, युआईटी व नगर परिषद के सहयोग से चित्तौडगढ़ शहर को साफ, सुथरा व सुन्दर बनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये जायेगें।

इस अवसर पर पूर्व यूआईटी चेयरमेन सुरेश झंवर, पूर्व नगर परिषद सभापति सुशील शर्मा, पूर्व उप सभापति भरत जागेटिया, पूर्व पार्षद भोलाराम



प्रजापत, अनिल ईनाणी, शेलेन्द्र झंवर, यूआईटी सेक्रेटरी कैलाश गुर्जर, नगर परिषद के अधिशाषी अभियंता जितेन्द्र मीणा, नवीन पटवारी, बालकिशन भोई, राजन माली, गोपाल जाजू, राजकुमार तोलम्बिया, विनित तिवारी सहित यूआईटी व नगर परिषद के तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

## एएसआई सूरज कुमार का सर्व व्यापार मंडल निम्बाहेड़ा द्वारा अभिनन्दन





बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** निम्बाहेड़ा कोतवाली थाना में पदस्थापित चित्तौड़ी दरवाजा चौकी इंचार्ज एएसआई सूरज कुमार का सर्व व्यापार मंडल निम्बाहेड़ा द्वारा स्थानीय सांवरिया गौशाला में आयोजित स्वागत समारोह में मंडल के संरक्षक नानालाल भूतड़ा के नेतृत्व में अभिनंदन पत्र प्रदान कर व मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। व्यापार मंडल के प्रवक्ता अंकित जैन ने बताया कि निम्बाहेड़ा थाने में पुलिसींग सेवाएं प्रदान की गई वह अद्वितीय है आपके द्वारा विभिन्न (एच.एस) अपराधियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए पकड़ा गया एवं हमेशा विभिन्न अपराधों का आपकी टीम ने शिघ्र खुलासा किया। जिससे जिला पुलिस चित्तौड़गढ़ भी गौरवान्वीत हुई है आम जन में विश्वास व अपराधीयों में भय राजस्थान पुलिस के इस ध्येय वाक्य को भी चरीत्रार्थ किया है साथ ही निम्बाहेड़ा नगर में शान्ति व्यवस्था कायम करने में अनुकरणीय योगदान रहा है। इस बेहतरीन पुलिस एक्टिविटी के साथ समाज सेवा के कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहते है इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष पुष्कर सोनी, उपाध्यक्ष बंशीलाल जीवनानी, रामलाल चारण, एस. एस. बंसल (अग्रवाल), अम्मार हुसैन बोहरा, कुलदीप नाहर, राजेश बहरानी, अनिल पगारिया, अनुराग अग्रवाल, रमेश चंद्र सुथार, महामंत्री हर्ष आगार, कोषाध्यक्ष टीकम बाहेती, मंत्री कुशाल गोखरु, राजेश अग्रवाल, रमेश भराड़िया, अंकित लखारा ने स्वागत अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी।

## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा उद्योगों के लिए विशेष छूट योजना



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा उद्योगों, प्रतिष्ठानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष छूट योजना राज्य मण्डल के आदेश दिनांक 27 नवंबर की अनुपालना में प्रारभ की है। इस योजना के अनतर्गत वे उद्योग जो जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 व वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत पहले से स्थापित या संचालित है, लेकिन पहले स्थापना व संचालन सम्मति प्राप्त नहीं कर पाए है। योजना का उद्देश्य उन उद्योगों को प्रोत्साहित करना है, जो अब तक स्थापना व संचालन सम्मति प्राप्त किये बिना संचालित हैं। मण्डल द्वारा यह योजना 60 दिनों के लिए लागू की है यथा 1 दिसम्बर, 2024 से 29 जनवरी, 2025 तक लागू रहेगी।

योजना उन उद्योगों पर लागू होगी, जो राज्य बोर्ड की श्रेणीकरण के अनुसार लाल, नारंगी, व हरी श्रेणी में आते हैं जो पहली बार सम्मति प्राप्त करने के लिए आवेदन कर रहे हैं। योजना के अनुसार एक विशेष छूट के रूप में ईकाई को उन वर्षों के लिए पिछले शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा, जब राज्य मण्डल की बिना वैध सम्मति के संचालित थे। इन उद्योगों को जल अधिनियम, 1974 और वायु अधिनियम, 1981 के तहत निर्धारित प्रक्रिया शुल्क के अनुसार स्थापना और संचालन सम्मति के लिए उपरोक्त समय अवधि में आवेदन करना होगा। इस योजना का उद्देश्य उद्योगों को स्वीकृति प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है एवं पर्यावरणीय नियमों के अनुपालन को बढ़ावा देना है।

## डिग्गी पुलिस ने दो अलग अलग मामलो में सात जनो को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा पुलिस वृत की डिग्गी पुलिस ने नशाखोरो के विरूद्ध कड़ी कार्रचाई करते हुए खुले आम नशा करने के आरोप में पांच जनो को व दो शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है। इस बाबत जानकारी देते हुए डिग्गी पुलिस थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा नशाखोरी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम व वृताधिकारी आशिष प्रजापत के निकटतम सुपरवीजन में मन थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में कांस्टेबल प्रहलाद , कमल कुमार, हंसराज, व चालक कन्हैयालाल को शामिल किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हूए थाना क्षैत्र में एलएनटी रोड पर रेलवे के पुराने खण्डर भवन में स्मेक पीते हुए आरोपी सीताराम पुत्र श्रवण माली निवासी चांदसेन खिड़की, इमरान पुत्र नियाज मोहम्मद निवासी सोड़ा रोड डिग्गी, निखिल पुत्र भागचन्द वर्मा निवासी अम्बेडकर कालोनी डिग्गी, प्रशान्त पुत्र कैलाश शर्मा निवासी चौपड़ चौराया डिग्गी व मनीष पुत्र रूपरानारायण सैनी निवासी डिग्गी पांच जनो को गिरफ्तार किया गया।

**दो शातिर चोर गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद :** थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि थाना क्षैत्र के धोली स्थित जीएसपी कम्पनी के मोबाईल टावर से तार चोरी करते हुए मुललिम दिनेश पुत्र किशनलाल माली निवासी रैबारी मौहल्ला टोडारायसिंह व किशन पुत्र श्योजी बलाई निवासी मुगलाना थाना घाड़ को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किए माल व अन्य उपकरण बरामद किए हैं।

## राजस्थान विद्युत संघर्ष समिति ने जिला कलेक्टर कार्यालय पर किया प्रदर्शन, निजीकरण पर रोक की मांग, सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (विष्णुदत्त धीमान)।** राजस्थान विद्युत संघर्ष समिति ब्यावर के तमाम कर्मचारियो ने जिला कलेक्टर कार्यालय पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और उपखण्ड अधिकारी गौरव बुढानिया को एक ज्ञापन सौंपकर विद्युत के क्षेत्र मे उत्पादन, प्रसारण एवं वितरण निगमों मे भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं एवं माडल के नाम पर किये जो रहे अंधाधुंध निजिकरण पर रोक लगाने की मांग की हैं। इससे पूर्व मे भी राज्य के मुख्यमंत्री को राजस्थान विद्युत संघर्ष समिति ने आग्रह किया था। परन्तु कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाये गये। संयुक्त संघर्ष समिति ने बीएमएस, इनटक, एटक, सीटू, राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन, पावर इंजिनियरिंग एसोसिएशन, आर एस ई बी इंजीनियरिंग एसोसिएशन, बिजली इंजीनियंरिंग आफ जोधपुर डिस्कोम राजस्थान विद्युत कर्मचारी संघ, आल राजस्थान इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लायज् फेडरेशन, विद्युत कर्मचारी फेडरेशन, राजस्थान विद्युत लेखाकर्मी संघ, राजस्थान राज्य विद्युत मंत्रायली कर्मचारी संघ, राजस्थान विद्युत मंत्रायली एवं अधिनस्थ कर्मचारी संघ व कर्मचारी मजदूर संघ के सैकडो कार्यकर्ता विद्युत विभाग कार्यालय से नारे लगाते हुये जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां जिला कलेक्टर की अनुपस्थिति मे उपखण्ड अधिकारी गौरव बुढानिया ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मे नाम का ज्ञापन लिया।

इस ज्ञापन मे वितरण के क्षेत्र मे तीनों डिस्काम मे वर्तमान मे अधिकतर कार्य आउटर सोर्स, एफआरटी, ठेके व सीएलआरसी इत्यादि नामों से नीजि भागीदारी द्वारा करवाये जा रहे हैं। अब एचएएम माडल के तहत 33/11 केवी ग्रीड के फीडर सेग्रीगेशन व सीलराइजेशन के नाम पर आउटसोर्स कर नीजि हाथों मे दिया जा रहा है जो कि ग्रीड सफ्टी कोड का सीध सीधा उल्लंघन हैं। इसके कारण एचएएम माडल के तहत 33/11 केवी ग्रीड नीजि हाथों मे देने से राज्य व देश की सामरिक सुरक्षा को किसानो /जनता के आन्दोलनों, प्रदर्शनों एवं युद्ध के समय मे खतरा उत्पन्न हो सकता हैं।

इसी तरह प्रसारण निगम जो कि वर्षो से लाभ देने वाला संस्थान है उसके बावजूद इसके ग्रीडो का संचालन क्लस्टर के माध्यम से ठेके पर देकर करवाया जा रहा हैं एवं अब इनविट के माध्यम से प्रसारण की आर्थिक सुदृढता व लाभकारी स्थिति मे विशेष योगदान देने वाले 765 केवी व 400 केवी ग्रीड सब स्टेशन से प्राप्त होने वाली आय को इस माडल के माध्यम से नीजि भागीदारों को बांटकर प्रसारण को भी हानी का निगम बनाने का प्रयास किया जा रहा हैं। संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को सोंपे गये ज्ञापन मे बताया पांचों विद्युत निगमों में कार्यरत कर्मचारियों को लगभग एक वर्ष पूर्व ओ.पी.एस. योजना का फार्म भरवाकर सदस्य बना दिया गया है परन्तु अभी तक ओ.पी.एस योजना राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.13 (12) वित्त (नियम) ध् 2021 जयपुर दिनांक 20.04.2023 की बिन्दु संख्या 1.5 में स्पष्ट उल्लेख है कि 'पुरानी पेंशन योजना संस्था में लागू होने के बाद नियोक्ता अंशदान के रुप में कोई कटौती सीपीएफ योजना के अन्तर्गत नहीं की जायेगी' की अनुपालना में आज दिनांक तक सीपीएफ कटौती बन्द कर जी.पी.एफ कटौती शुरु नहीं की गई।

विद्युत प्रशासन व राज्य सरकार द्वारा कर्मचारी व अधिकारियों के इस लोकतांत्रिक विभाग बचाने हेतु दिये गये ज्ञापर पर संज्ञान लेने व देश, उद्योग व श्रमिक हित मे लोकतांत्रिक श्रमिक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

## जिला कलक्टर चितौड़गढ़ ने भूपालसागर की ग्रा.पं. फलासिया में ग्रामीणों के सुने अभाव-अभियोग

### मेधावी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सम्मानित कर संवाद किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन/चित्तौड़गढ़ ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** जिला कलक्टर चितौड़गढ़ आलोक रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत समिति भूपालसागर क्षेत्र की ग्राम पंचायत फलासिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।जिसमे जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कतारबद्ध ग्रामीणों के अभाव-अभियोग सुने तथा इनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उल्लेखनीय है कि जिला कलक्टर चितौड़गढ़ आलोक रंजन ने भूपालसागर क्षेत्र की ग्राम पंचायत फलासिया के राजकीय विद्यालय में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुवे कहाकि रात्रि चौपाल का आयोजन इसलिए करते हैं कि ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर आमजन को राहत प्रदान की जा सके।इस रात्रि चौपाल में पट्टा,पीएम आवास, खाद्य सुरक्षा,कृषि कनेक्शन,किसान सम्मान निधि, बिजली,अतिक्रमण हटाने सहित सरकारी विभागों से 45 प्रकरणों में आमजन की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण किया तथा अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।क्षेत्र में पेयजल समस्या के निराकरण हेतु विकास अधिकारी व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिये।साथ ही आरओ वाटर प्लांट की जांच,विद्यालय में खेल मैदान विकास हेतु प्रस्ताव भिजवाने,विद्युत विभाग अधिकारियों को 11 हजार केवी लाइन हटाने हेतु डिमांड नोट,झूलते तारों को हटाने सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत कराने,सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने सहित बीडीओ को ग्राम पंचायतों का नियमित निरीक्षण करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। इस मौके पर जिला कलक्टर आलोक रंजन द्वारा बोर्ड परीक्षाओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया।साथ ही विद्यार्थियो से संवाद में कहाकि विद्यार्थी जीवन में सोशल मीडिया का कोई उपयोग नहीं है।सोशल मीडिया से दूर रहे।मोबाइल का उपयोग सिर्फ पढ़ाई हेतु करें।जिला कलक्टर द्वारा पौधरोपण हेतु दान करने वाले शिक्षको को सम्मानित किया गया।

## आरणी में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आगाज, ग्रामीणों ने मशाल रैली निकाल बाल विवाह नहीं कराने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** नन्ही उम्र खेलने, पढ़ने और आगे बढ़ने का समय है , बचपन में बच्चों को बाल विवाह के दलदल में डालना किसी पाप से कम नहीं , बाल विवाह समाज पर कलंक है हमे सभी को मिलकर इसे मिटाना होगा । उक्त विचार राशमी तहसील के तहसीलदार बेनी प्रसाद सरगरा ने भारत सरकार के महिला एवम् बाल विकास मंत्रालय के आह्वान पर ज़िले के राशमी तहसील के आरणी ग्राम पंचायत में गायत्री सेवा संस्थान, उदयपुर एवम् जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलाइंस के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऽबाल विवाह मुक्त भारतऽ अभियान के आगाज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होंने बच्चों के बीच उपस्थित होकर गायत्री सेवा संस्थान द्वारा बाल संरक्षण के लिए किए प्रयासों की सराहना की ।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला समन्वयक अमित राव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित इस अभियान से निश्चित ही बाल विवाह की रोकथाम एवम् जन-जागरूकता में काफ़ी सहायता मिलेगी ।

इस दौरान गायत्री सेवा संस्थान के कार्यकर्ता अब्दुल वहीद ने बताया कि ज़िले में ज़िला प्रशासन के साथ मिलकर प्रात: 10 बजे से शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिसमे प्रात: ज़िले के चयनित राजकीय विद्धालयों में दिल्ली में चल रहे कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया और बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलवाई गई एवम् शाम को समापन आरणी ग्राम पंचायत में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम् मशाल यात्रा निकालकर किया गया । गाँव में बाल विवाह मुक्त समाज का संदेश देते हुए मशाल यात्रा निकाली और बाल विवाह नहीं करवाने की शपथ ली ।

कार्यक्रम में ज़िला प्रशासन के अधिकारी, स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनी, जनप्रतिनिधि, वार्ड पंच रोशन जाट ,गणपत पाराशर, ओम टेलर , तुलसीराम जाट, हीरालाल माली एवम् ग्रामीण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए । कार्यक्रम का संचालन स्थानीय शिक्षक चांदमल टेलर ने किया।

## कौशल विकास कार्यक्रम का उद्घाटन, 30 दिन तक चलेंगी ब्यूटीशियन क्लासे

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णुदत्त धीमान)।** एमएसएमई विकास कार्यालय भारत सरकार जयपुर राजस्थान द्वारा ब्यूटीशियन का पूर्णकालिक 30 दिवसीय उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम का उद्घाटन गिरीश कुमार सहायक निदेशक एमएसएमई जयपुर द्वारा अर्यमा सेवा समिति डिग्गी चौक पर किया गया संस्था अध्यक्ष बलवंत भाटी द्वारा अतिथियों का माला व साफा पहनकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि गिरीश कुमार ने महिलाओं को कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा स्वरोजगार व रोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया अग्रणी जिला मैनेजर मनीष सिंह ठाकुर द्वारा बैंक ऋण भुगतान सब्सिडी की विस्तृत जानकारी प्रदान की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी महिला को प्रदान की गई संस्था अध्यक्ष बलवंत भाटी ने कार्यक्रम पश्चात ऋण दिलवाने में काम से जोड़ने का आश्वसन दिया।

## 150 किलोमीटर की नाकोड़ा पैदल यात्रा कर लौटी वंदना नाहर का हुआ स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णुदत्त धीमान)।** श्री तपोगच्छ मूर्ति पूजक संघ के पूर्व मंत्री समाज सेवी वकील चंद नाहर की पुत्री वंदना नाहर के श्री नाकोड़ा महा तीर्थ की पैदल यात्रा से लौटने के बाद कुंदन नगर में भावभीना स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु श्रावक श्राविकाओं ने श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ भगवान एवम श्री नाकोड़ा भैरव देव के जयकारे लगाये।

नाकोड़ा तीर्थ के ट्रस्टी रमेश कुमार परख ने बताया कि वंदना नाहर ने पाली मारवाड़ से नाकोड़ा तीर्थ की लगभग 150 किलोमीटर की यात्रा पैदल चलकर 10 दिन में पूरी की। वंदना के साथ पाली से पैदल संघ यात्रा में 800 से ज्यादा यात्री साथ थे। साधु संतो एवम साध्वी मंडल का पावन सानिध्य भी इस दिव्य पैदल यात्रा के यात्रियों को मिला।

### कुंदन नगर में किया सम्मान

कुंदन नगर निवासी ब्रजलता वकील चंद नाहर की



पुत्री वंदना का गुरुवार देर रात्रि ब्यावर पहुंचने पर कुंदन नगर वासियों ने भावभीना स्वागत किया। कैलाश बोहरा, धनपत हिंगड़, प्रकाश जैन, महावीर बुरड़, सुनील बोहरा, विशाल नाहर सहित महिला मंडल की भावना हिंगड़ इशु नाहर, नीरू जैन, चंचल बोहरा, मंजू बोहरा, सिंपल श्रीश्रीमाल, पिंकी बुरड़, कविता गेलडा, उषा गर्ग, उर्मिला तातेड, डिम्पल गर्ग आदि ने वंदना नाहर का ढोल ढमाको के साथ वरघोड़ा निकालते हुए माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर महिला मंडल ने श्री भैरव दादा के भजनों की स्वर लहरियों व चोबीसी गीतो से क्षेत्र को गूंजा दिया। वंदना के इस साहसिक कदम की नगर वासियों ने भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए दिव्य अनुमोदना की।

### 23 दिसम्बर को वंदना गिरनार तीर्थ पैदल करेगी

समाज सेवी प्रकाश जैन ने बताया कि वंदना ने नाकोड़ा पैदल यात्रा से पूर्व मारवाड़ सिरोही से नाकोड़ा तीर्थ, एवम श्री आदिनाथ तीर्थ की नवानु यात्रा भी कर चुकी है। उन्होंने बताया कि आगामी 23 दिसंबर को वंदना पुनः पालीतना जैन तीर्थ से श्री गिरनार जैन तीर्थ की पैदल यात्रा करेगी। इस यात्रा में देश के विभिन्न हिस्सों से 1800 से ज्यादा पैदल यात्री हिस्सा लेंगे।

## अवैध खनन से भरा डंपर जब्त

# दरीबा रोड़ पर अवैध खनन से भरे डंपर पर पुलिस की कार्यवाही



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में अवैध खनन माफियाओं की धर पकड़ व परिवहन को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रेलमगरा पुलिस ने एक डंपर जब्त किया.रेलमगरा पुलिस थाना इंचार्ज प्रभु सिंह चुण्डावत के अनुसार पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार रेलमगरा थाना सर्कल में अवैध खनन व परिवहन रोकने के लिए पुलिस की विशेष निगरानी की जा रही है।इस क्रम में पुलिस थाने से एएसआई शंकर सिंह मय जाब्ते ने रेलमगरा बस स्टैण्ड के पास दरीबा जाने वाले रोड़ पर एक डंपर को रूकवा कर तलाशी ली। पुलिस की पूछताछ में डंपर अवैध खनन से भरा पाया गया। जिसके बाद पुलिस की टीम ने अवैध खनन परिवहन करने पर डंपर को जब्त कर पुलिस थाने खड़ा करवाया। साथ ही पुलिस ने आगे की कार्यवाही के लिए माइनिंग विभाग को सूचित किया।

## पहलवान मनीष पुरोहित का केलवा में गो भक्तो द्वारा किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** केलवा में गोभक्तो द्वारा स्वागत की गया पहलवान मनिष पुरोहित का अब तक 450 से ज्यादा किलोमीटर की पैदल यात्रा कर चुके हैं,उनका में लक्ष्य गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलवाना व गो हत्या बंद करवाना है गांव गांव जाकर जागरूक करना है। आज चारभुजा नाथ जी की यात्रा के दौरान केलवा चौपाटी पहुंचे पर गो प्रधान प. स. सुरेश सोनी, गो भक्त मुकेश हिन्दू , गो भक्त कमलेश पालीवाल, प्रदीप पालीवाल, नितेश पालीवाल,मनिष पालीवाल, मुकेश जोशी, श्याम भारती, लक्ष्मीनारायण पालीवाल, धर्मेश रेबारी, एवम् समस्त गो भक्तो द्वारा इकलाई व माला द्वारा स्वागत किया गया।

## कृशा डूंगरवाल को ऊर्जा मंत्रालय के पावर ग्रिड कॉपोरेशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में प्राप्त हुआ पुरस्कार



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 के चित्रकला शिक्षक डी.आर. गोचर ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 7 कि छात्रा कृशा डूंगरवाल और कक्षा 6 के छात्र प्रसून गोयल ने भारत सरकार के उपक्रम पावर ग्रिड कॉरपोरेशन जो कि ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन आता है द्वारा ऊर्जा संरक्षण हेतु नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में चतुर्थ पुरस्कार प्राप्त कर अपने विद्यालय व अपने अभिभावकों को गौरांवित किया। इसके लिए पावर ग्रिड कॉरपोरेशन की ओर से जयपुर मे हुए कार्यक्रम मे कृशा डूंगरवाल को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार के रूप में 7500+2000=9500 रूपये की राशी प्रदान की गई। प्रसून गोयल को 2000 रूपये कि राशि का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया इस उपलब्धि पर प्राचार्य दिलीप सिंह व उप-प्राचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने भी इन्हें बधाई दी। कृशा और प्रसून के पिता श्री रामचंद्र और सतीश कुमार एन.पी.सी.आई.एल. आर आर साइट मे कार्यरत हैं।

## पर्यावरण स्वीकृति के लिए विशेष छूट योजना : प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 2 महीने का दिया समय

### पहली बार आवेदन करने वालों को लाभ

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** उद्योगों और प्रतिष्ठानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय जयपुर द्वारा विशेष छूट योजना की शुरुआत की गई। जिसके तहत राजसमंद जिले में अब ऐसे उद्योग व प्रतिष्ठान जो पर्यावरण स्वीकृति के बिना चल रहे थे वो अब आवेदन कर अपने उद्योग की स्थापना की स्वीकृति व संचालन की स्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल राजसमंद के क्षेत्रीय अधिकारी आशीष कुमार बौरासी के अनुसार उन उद्योगों और प्रतिष्ठानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष छूट योजना शुरू की गई है, जो जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत पहले से स्थापित या संचालित होने से पहले स्थापना की स्वीकृति और संचालन की स्वीकृति प्राप्त नहीं कर पाए हैं।

### समृद्ध भारत अभियान, भरतपुर

# समावेशी विकास की कायर्योजना बनाने के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय कायर्शाला प्रारम्भ

## समावेशी विकास के लिए प्राकृतिक खेती, गौ पालन और कुटीर उद्योगों को देना होगा बढ़ावा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( आशीष वर्मा )।** समृद्ध भारत अभियान द्वारा समावेशी विकास की कायर्योजना बनाने के लिए आयोजित की गयी दो दिवसीय राष्ट्रीय कायर्शाला शुक्रवार को राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय परिसर में प्रारम्भ हुयी जिसमें मुख्य अतिथि कनेरी मठ के मठाधिपति कड सिद्धेश्वर स्वामी मौजूद रहे और अध्यक्षता बीकानेर के संत शिरोमणि स्वामी विमशार्नन्द ने की। इस कायर्शाला में देशभर से आए संत शिरोमणि कृषि वैज्ञानिक सामाजिक चिंतक और जनप्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। कायर्शाला के शुभारम्भ के अवसर पर कनेरी मठ के मठाधिपति कड सिद्धेश्वर स्वामी ने कहा की आज हमारे देश में कृषि कार्यों में रासायनिक खादों के निरंतर उपयोग की वजह से करीब 30 प्रतिशत भूमि बंजर होती जा रही है और पशुओं की संख्या में भी निरंतर गिरावट आ रही है साथ ही परम्परागत उद्योग धंधे बंद होने के कारण बेरोजगारी की समस्या बढ़ती जा रही है। यदि यही स्थिति रही तो देश में खाद्यान्न संकट पैदा होगा और बेरोजगारी की भीषण समस्या पैदा हो जाएगी इसे रोकने के लिए हमें परम्परागत खेती अथार्त प्राकृतिक खेती पर ध्यान देना होगा और पशुपालन के साथ-साथ कुटीर उद्योगों को भी प्रोत्साहित करना होगा। उन्होनें बताया गया कि जब देश में कुटीर उद्योग कार्यरत थे जब देश की जीडीपी 43 प्रतिशत थी जो आज घटकर 6 से 7 प्रतिशत तक ही रह गयी है। मठाधिपति ने कहा कि इस कायर्शाला में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए संत जो प्राकृतिक खेती, गौ पालन, वृक्षारोपण, कुटीर उद्योग व ग्राम विकास के क्षेत्रों में काय र्कर रहे हैं उनके ज्ञान को संकलित किया जाएगा और सरकार व आम लोगों तक पहुंचाकर इन कार्यों को प्रोत्साहन देने के लिए जागरूक किया जाएगा। कायर्शाला की अध्यक्षता करते हुए बीकानेर के संत शिरोमणि विमशार्नन्द महाराज ने कहा कि भारत को पुन: विश्वगुरू बनाने के लिए जरूरी है कि हमारी प्राचीन व परम्परागत खेती, तकनीकी एवं ज्ञान को विस्तारित किया जाए। जिसके लिए सबको मिलकर काय र्करना होगा क्योंकि अकेली सरकार इस काय र्को नहीं कर पाएगी। उन्होनें युवाओं से भी आग्रह किया कि वे ऋषि मुनियो द्वारा इजात की गयी पद्धतियों की महत्वता को समझें और उसे अपने जीवन में समावेश करें। कायर्शाला में मोहबा के पूव र्सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल, पदमश्री अवाड र्प्राप्त सोनीपत हरियाणा के कमल सिंह चैहान, पलवल हरियाणा के आचाय र्बृजमणि, महामंडलेश्वर नवर्दा शंकर पुरी, हमीरपुर बुन्देलखंड के आचाय र्रविन्द्र, गुडगांवा के ब्रिगेडियर डॉ. राजाराम आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्रारम्भ में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया और कायर्शाला की उपादेयता पर विस्तार से जानकारी दी।

### कायर्शाला में देश के प्रमुख संत, कृषि वैज्ञानिक सामाजिक चिंतक ले रहे हैं भाग




# बूथ समितियों के गठन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** बूथ समिति गठन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक डाक बंगले पर भाजपा जिला मंत्री एवं शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा व चुनाव प्रभारी रमेश गढ़वाल ने भारत माता एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया । इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नए आयाम स्थापित किया जा रहे हैं । प्रदेश की जनता ने उपचुनाव में अपना पूर्ण समर्थन दिया है । चुनाव प्रभारी रमेश गढ़वाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक में 24 बूथों पर संयोजक नियुक्त किए गए हैं जल्दी ही वार्ड समितियों का गठन भी पूर्ण करने के लिए संयोजकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं । इस अवसर पर शहर महामंत्री राजेश चौधरी, करण सिंह राजावत, पार्षद रामविलास बलाई, नितिन छाबड़ा, शंकर सैनी, दुर्गा शंकर सेन, सीताराम रैगर, कमलेश सैनी, लक्ष्मण खटाना, सियाराम शर्मा, जितेंद्र धारवाल, जय नारायण कुमावत, गोवर्धन जैन, जॉनी केसवानी, रमेश वकील, रामचरण पारीक,कैलाश नटवाड़ा, रामगोपाल सेवलिया, सुरेश राजवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिजली का करंट लगने से एक की हुई मौत दूसरा घायल



बढ़ता राजस्थान।

**गंगापुर सिटी( नि.स. )।** जिला अस्पताल में मामला सामने आया है कि गंगापुर सिटी समीप गांव छर्रा में बोरवेल मशीन की फिटिंग करने के दौरान हादसा हो गया। पुलिस ने बताया कि भूरसिंह पुत्र अमर सिंह एवं अमर सिंह पुत्र घीशा गुर्जर निवासी मच्छीपुरा बोरवेल मशीन फिटिंग कर रहे थे इसी दौरान ऊपर से गुजर रही 11 केवी हाई टेंशन लाइट से पाइप की लाइन अड़ गई जिस के कारण लगभग चार बजे यह हादसा हुआ है ,हादसे में पिता पुत्र दोनों गंभीर घायल हो गए जिन्हें घायल अवस्था में निजी साधन से जिला अस्पताल गंगापुर सिटी पहुंचाया गया। चिकित्सकों के द्वारा जांच करने पर भूर सिंह नामक युवक को मृत घोषित कर दिया तत्पश्चात मृतक भूर सिंह गुर्जर के शव को मुर्दाघर में रखवा दिया गया ।

सूचना मिलने पर ग्रामीणों का जिला अस्पताल में तांता लग गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस के द्वारा युवक का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया एवं घायल पिता अमर सिंह गुर्जर को गंभीर अवस्था में जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

# निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का धरना प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान




**गंगापुरसिटी( नि.सं )।** विद्युत निगम में निजीकरण को रोकने की मांग को लेकर राजस्थान विधुत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले निगमकर्मी शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। जिला इकाई के निगमकर्मी धरना स्थल से कलक्टर कार्यालय तक रैली भी निकाली। संघर्ष समिति से जुड़े मनीष शर्मा और तरुण ने बताया कि राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ, राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोशिएशन, नागालैंडीय विद्युत मंडल श्रमिक महासंघ राजस्थान, एपी पॉवर इन्जनियरिंग एसोशिएशन,

राजस्थान विद्युत मंत्रालयिक एवं अधिनस्थ कर्मचारी संघ, राजस्थान विद्युत कर्मचारी संघ और विद्युत कर्मचारी फैडरेशन से जुड़े सभी उपखण्डों के निगमकर्मी सुबह 10 बजे गंगापुरसिटी अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय पर एकत्रित हुए। बाद में उन्होंने सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक धरना दिया। इसके बाद अधीक्षण अभियन्ता को अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन दिया। यहां से रैली के रूप में सालौदा मोड़, उदेई मोड़, पुरानी चुंगी, फव्वारा चौक होते हुए कलक्टर पहुंच कर जिला कलजतर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

## भलाई की दीवार : चौमहला में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए की पहल



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला में भलाई की दीवार की शुरुआत के साथ, जरूरतमंद गरीबों की मदद के लिए एक अनोखी पहल की शुरुआत हुई है। यह पहल आम नागरिक समिति चौमहला द्वारा शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाना है।इस पहल के तहत, चौमहला कस्बे के रेन बसेरा बस स्टैंड पर भलाई की दीवार की शुरुआत की गई है।जहां जरूरतमंद लोग कपड़े, जूते/चप्पल और अन्य आवश्यक वस्तुओं का लाभ उठा सकते हैं।समिति के संस्थापक अंशुल पटेल ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस पहल में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होंकर जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकते हैं।इस पहल का शुभारंभ आम नागरिक समिति और ग्राम पंचायत कोलवी उर्फ मंडी राजेंद्रपुर चौमहला द्वारा फीता काटकर किया गया है। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि अशोक भंडारी, सुनीता मीणा,अंशुल पटेल, वार्ड पंच साजिद अली,गोपाल डायमा, विपिन जैन,संजय जैन नगर वासी मौजूद रहे।

## वीसी में हुई कर्मयोगी, एक वर्ष के कार्यक्रमों, संपर्क और ई फ़ाइल की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने शुक्रवार को सभी जिलों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर विभिन्न विषयों पर समीक्षा की। उन्होंने आई-गोट कर्मयोगी, राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों, संपर्क पोर्टल पर पेंडिंग प्रकरणों, निस्तारण की स्थिति, ई फ़ाइल पर निस्तारण की प्रगति आदि की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने दिसंबर माह में सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर सभी को दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी वीसी कक्ष में अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी जुड़े। वीसी के पश्चात अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## महिला बकरी पालको ने किया संस्थान का भ्रमण

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में शुक्रवार को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण बैंक, नाबार्ड एवं दिशा बारसीडी समाज सेवी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आजिविका उद्याम विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत परबतसर ब्लाक के 130 बकरी पालक महिलाओं के दल ने संस्थान का भ्रमण कर विभिन्न जानकारी प्राप्त की। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. अमरसिंह मीणा ने बताया कि भ्रमण पर आए बकरी पालक महिलाओं के दल को संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने महिलाओं को वैज्ञानिक तरीके से बकरी पालन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण के दौरान संस्थान के कई वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारियो सहित महिला बकरी पालक महिलाओं के दल में शामिल महिलाऐं मौजुद रही।

## युवक ने पेड़ पर कपड़े का फांसी का फंदा लगा कर की आत्महत्या


बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विद्याधर नगर थाना इलाके में स्थित एक पार्क में युवक ने पेड़ पर कपड़े का फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के साथ ही आत्महत्या के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है। थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि थाना इलाके में स्थित सेक्टर-6 में रिद्धी-सिद्धी टावर के सामने पार्क-ग्रीन बेल्ट बना हुआ है। पार्क में बहुत ही कम लोगों का आना-जाना रहता है। जहु गुरूवार की रात पार्क में पेड़ पर फंदा लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह पार्क में घूम रहे लोगों को पेड़ से एक युवक फंदे पर लटका दिखाई दिया। पार्क में युवक के आत्महत्या करने का पता चलने पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका-मुआयना कर सबूत जुटाए।

पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में कपड़े के फंदे से युवक ने फंदा पेड़ पर लगाया था। मृतक की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया ।

# चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी या नहीं, आज होगा फैसला

## आईसीसी की मीटिंग पोस्टपोन; सरकार ने कहा- टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी



नई दिल्ली।

अगले साल फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी या नहीं, इसका फैसला कल होगा। इसके लिए दुबई में आईसीसी ने सभी बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग बुलाई थी, लेकिन फैसला नहीं निकल पाने के कारण मीटिंग को पोस्टपोन कर दिया। सूत्रों ने बताया, अब मीटिंग शनिवार को होगी। पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिलने के बाद भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर वहां जाने से मना कर दिया था। तब यह माना जा रहा था कि एशिया कप की तरह चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट भी हाइब्रिड मॉडल पर होगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले भारत के सभी मैच लाहौर में कराने और मैच के बाद खिलाड़ियों को भारत भेजने का प्रस्ताव रखा था। भारत ने इसे नहीं माना तो ने हाइब्रिड मॉडल के लिए भी मना कर दिया।

आईसीसी के सूत्रों ने बताया, आज बोर्ड मेंबर्स की कुछ देर मीटिंग हुई थी। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सभी बोर्ड मिलकर सॉल्यूशन निकालना चाह रहे हैं। कुछ दिनों बाद बोर्ड की मीटिंग होगी, जिसमें वेन्यू पर फाइनल फैसला ले लिया जाएगा।

विदेश मंत्रालय ने कहा, किसी भी हाल में पाकिस्तान नहीं जाएगा भारत भास्कर ने गुरुवार को बताया था कि बीसीसीआई को सरकार से पाकिस्तान नहीं जाने के आदेश मिले हैं। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने कहा, बीसीसीआई ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर पाकिस्तान जाने से मना किया है। टीम इंडिया किसी भी हाल में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। अगर आईसीसी भारत के बिना टूर्नामेंट खेलना चाहता है तो टीम उसके लिए भी तैयार है। पीसीबी नहीं माना तो भारत टूर्नामेंट कराने के लिए तैयार भारत सरकार ने बीसीसीआई से यह तक कह दिया है कि अगर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी करवाने से मना किया तो भारत इसकी मेजबानी करेगा। अगर आईसीसी ने भारत को मेजबानी सौंपी तो सरकार की ओर से पूरा सपोर्ट मिलेगा। इतना ही नहीं, चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए भारत आने वाली टीमों के प्लेयर्स को वीजा मिलने में भी दिक्कत नहीं आएगी।

पीसीबी हाइब्रिड मॉडल के लिए कभी नहीं मानेगा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि वे हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट कराने को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनका रुख बहुत स्पष्ट है। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए जो भी सबसे अच्छा हो सकता है, हम वो करेंगे। यह पूरी तरह से सही नहीं हैं कि हम भारत में खेलने जाए और वे यहां नहीं खेलें। जब तक भारत, पाकिस्तान में अपनी टीम भेजने से इनकार करता रहेगा, तब तक पाकिस्तान टीम भी भारत की यात्रा नहीं करेगी। हमने आईसीसी से कहा है कि फैसला जो भी हो, बराबरी के आधार पर हो।

नकवी बोले, मुझे उम्मीद जय शाह आईसीसी के बारे में सोचेंगे नकवी ने बीते गुरुवार को कहा, जय शाह दिसंबर में पदभार संभालने जा रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि आईसीसी में पहुंचने के बाद वह आईसीसी के बारे में सोचेंगे। जब कोई भी ऐसे पद पर पहुंचता है तो उन्हें सिर्फ कमेटी की भलाई के बारे में सोचना चाहिए।

### आईसीसी ने बीसीसीआई से पूछा था- टीम इंडिया को पाकिस्तान न भेजने की वजह बताएं

**आईसीसी ने बीसीसीआई से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान न भेजने के लिए लिखित में जवाब मांगा था। पाकिस्तानी चैनल जियो न्यूज की रिपोर्ट के हवाले से लिखा, पीसीबी ने आईसीसी से भारत के जवाब की लिखित कॉपी मांगी है।**

### पीसीबी ने आईसीसी को लिखा था- पाकिस्तान क्यों नहीं आ सकता भारत

**पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम इंडिया के पाकिस्तान न जाने को लेकर आईसीसी से जवाब मांगा था। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी स्पोक्सपर्सन ने बताया था, पाकिस्तान में सुरक्षा की दिक्कत नहीं है। इसीलिए न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमों ने यहां का दौरा किया था। जब ये टीमें आ सकती हैं तो टीम इंडिया क्यों नहीं?**

### पाकिस्तान ने स्टेडियम को रेनोवेट कराया

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर लगातार तैयारी कर रहा है। पीसीबी ने तीनों स्टेडियम का काम तकरीबन पूरा कर लिया है। उन्होंने लाहौर, कराची और रावलपिंडी स्टेडियम के रेनोवेशन पर 12.5 बिलियन पाकिस्तान रुपए खर्च किए हैं।

इस बीच, भारत सरकार ने पहले ही अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। बीसीसीआई ने आईसीसी को बताया था कि टीम टूर्नामेंट को पाकिस्तान में नहीं खेलेगी। अगर पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल पर नहीं मानता है, तो फिर टूर्नामेंट दूसरे देश में शिफ्ट हो सकता है।

पूरा मामला अगले साल खेले जाने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है। सुरक्षा करणों से बीसीसीआई ने भारतीय टीम पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है। बीसीसीआई भारत के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर कराना चाहता है। लेकिन पीसीबी ने हाइब्रिड मॉडल से मना कर दिया है

# शुभमन गिल पिंक बॉल से नेट्स करते दिखे

## ऑस्ट्रेलिया पीएम 11 के खिलाफ मैच खेल सकते हैं; पर्थ में चोटिल हुए थे

कैनबरा।



भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल अंगूठे की चोट से उबर गए हैं। वे शुक्रवार को कैनबरा में नेट्स करते देखे गए हैं। वे आकाश दीप और यश दयाल की बॉल खेल रहे थे। इससे पहले गिल ने थ्रो-डाउनर से प्रैक्टिस की। 25 साल के शुभमन गिल 30 नवंबर से प्रधानमंत्री इलेवन के साथ प्रैक्टिस मैच में खेलते नजर आ सकते हैं। वे पर्थ टेस्ट से पहले प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके अंगूठे में फ्रैक्चर था।

चोट के कारण छोड़ना पड़ा था पर्थ टेस्ट गिल को अंगूठे की चोट के कारण पर्थ टेस्ट छोड़ना पड़ा था। उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल को मौका दिया गया था, हालांकि पडिक्कल उस मौको को भुना नहीं सके थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में महज 25 रन बनाए थे। वे पहली पारी में खाता भी नहीं खोल सके थे। कप्तान रोहित के साथ करेंगे वापसी शुभमन गिल कप्तान रोहित शर्मा के साथ एडिलेट टेस्ट में वापसी करेंगे। रोहित शर्मा पैटरनिटी लीव के कारण पर्थ टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं थे। वे 15 नवंबर को दूसरी बार पिता बने थे और इसी के चलते वे पहले टेस्ट मैच में सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं थे। एडिलेड टेस्ट 6 दिसंबर से होगा, 30 नवंबर से प्रैक्टिस मैच भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एडिलेड ओवल मैदान पर 6 दिसंबर से खेलना है। यह डे-नाइट मुकाबला पिंक बॉल से खेला जाना है। इससे पहले दोनों टीमों 30 नवंबर से भारत और पीएम 11 के बीच 2 दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेला जाना है। प्रैक्टिस मैच भी पिंक बॉल से ही खेला जाना है।

# क्राइस्टचर्च टेस्ट-ब्रूक की सेंचुरी, इंग्लैंड पहली पारी में 319 पार

## ओली पोप ने फिफ्टी जमाई, 45 रन पर गंवा दिए थे 3 विकेट; न्यूजीलैंड 348/10

क्राइस्टचर्च।




हैरी ब्रूक और ओली पोप की पारियों के दम पर इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च टेस्ट में मजबूत वापसी कर ली है। शुक्रवार को स्टंप्स तक इंग्लिश टीम ने 5 विकेट पर 319 रन बनाए। हैरी ब्रूक 163 बॉल पर 132 रन बनाकर नाबाद हैं। कप्तान बेन स्टोक्स (76 गेंद पर नाबाद 37 रन) उनका साथ दे रहे हैं। इंग्लिश टीम ने लंच ब्रेक तक 45 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। ओपनर जैक क्रॉले शून्य पर आउट हुए, जबकि जैकब बिथेल ने 10 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 रन का योगदान दिया। हैरी ब्रूक ने दोहरी साझेदारी की इंग्लैंड के बैटिंग ऑलराउंडर हैरी ब्रूक ने दोहरी साझेदारियां की। उन्होंने ओली पोप के साथ 5वें विकेट के लिए 188 बॉल पर 151 रन जोड़े। फिर पोप के आउट होने के बाद बेन स्टोक्स के साथ नाबाद 97 रन की साझेदारी कर चुके हैं। ओली पोप 98 बॉल पर 77 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टिम साउदी ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच कराया। न्यूजीलैंड की टीम 348 रन पर ऑलआउट कीवियों ने दिन की शुरुआत 319/8 के स्कोर से की। टीम ने आखिरी 2 विकेट 29 रन बनाने में गंवा दिए और 348 रन पर ऑलआउट हो गई। 41 रन से पारी को आगे बढ़ाने वाले ग्लेन फिलिप्स ने अपनी फिफ्टी पूरी की और 58 रन पर नाबाद लौटे। वहीं, टिम साउदी 15, विलियम ओरूर्क शून्य पर आउट हुए।

स्वास्थ्य

# अदरक का गर्म पानी पीने से होते है ये फायदे



अदरक में कई तरह की औषधीय गुण और स्वाद होते हैं। यह हर खाने का स्वाद बढ़ा सकता है। ऐसे में अगर आप अदरक का गर्म पानी पीते हैं, तो इससे शरीर को कई लाभ मिलते हैं। अदरक का गर्म पानी पीने से आप आसानी से अपना वजन कम कर सकते हैं। इसका स्वाद आपके गले की खराश को दूर करता है। इससे आपका कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्रित रहता है। इससे आपका पाचन तंत्र सही रहता है और बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। इससे आपको हृदय संबंधी समस्याएं भी नहीं कम होने की संभावना रहती है। अदरक का गर्म पानी पीने से ब्लड शुगर लेवल भी कंट्रोल में रहता है। दरअसल अदरक में विटामिन सी, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, जिंक, कॉपर, मैंगनीज और क्रोमियम पाए जाते हैं। इससे आपका इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है।



### वजन घटाने के लिए फायदेमंद

वजन घटाने के लिए अदरक का पानी काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इससे आपका पेट भरा हुआ महसूस होता है। दरअसल अदरक के सेवन से शरीर में थर्मोजेनेसिस यानी गर्मी पैदा करने वाली प्रक्रिया बढ़ती है। इन दोनों से वजन नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा इसमें विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो शरीर का वजन तेजी से कम हो सकता है।

### पाचन तंत्र में सहायक

अदरक का पानी आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अदरक का उपयोग करने से कब्ज, डायरिया और अपच जैसी समस्याएं नहीं होती है। अदरक में पाए जाने वाला जिंजरोल पाचन तंत्र में मस्कुलर एक्टिविटी को बढ़ाकर पाचन में मदद करने के साथ ही पेट फूलने की समस्या को कम कर सकता है। यह ब्लोटिंग और पेट में ऐंठन की समस्या को भी दूर करता है।

### ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करे



अदरक में टैनिन, पॉलीफेनोलिक, फ्लेवोनॉयड्स और ट्राइटरपेनॉइड जैसे यौगिक होते हैं, जो ब्लड शुगर कम करने में मददगार साबित हो सकता है। साथ ही अदरक में मौजूद जिंजरोल शरीर में अल्फा एमाइलेज और अल्फा ग्लूकोसिडेस एंजाइम को बेहतर करके डायबिटीज को नियंत्रित कर सकता है। अदरक में एंटी डायबिटिक प्रभाव पाया जाता है, जो आपके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल कर सकता है।

### गले की खराश दूर करे

बहुत लोगों को मॉनसून के मौसम में गले की खराश और वायरल फीवर जैसी दिक्कत हो सकती है। ऐसे में आप अदरक का गर्म पानी पी सकते हैं। इससे गले की खराश और सूजन दूर हो सकती है। इससे गले का संक्रमण भी दूर हो सकता है।

### कोलेस्ट्रोल लेवल कम करे

अदरक में कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करने की क्षमता होती है। अदरक का पानी शरीर में मौजूद लिपिड को कम कर सकता है। अदरक का सेवन करने से एचडीएल यानी अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर में इजाफा हो सकता है। इससे हृदय समस्याएं और हाई ब्लड प्रेशर की दिक्कत भी नहीं होती है।

# आंखों का जाला कैसे दूर करें? इसके आसान घरेलू नुस्खे

**आंख से जुड़ी ज्यादातर समस्याएं बढ़ती उम्र के साथ देखने को मिलती हैं। हालांकि आज के समय में खानपान से जुड़ी गड़बड़ी और भागदौड़ भरी जीवनशैली के कारण आंखों की समस्याएं कम उम्र के लोगों में भी देखी जा रही हैं। आंख से जुड़ी समस्या जैसे आंख की रोशनी कम होना, आंख में दर्द और इन्फेक्शन, कॉर्निया में दिक्कत आदि अब कम उम्र के लोगों में भी हो रही है। उम्र से जुड़ी आंखों की एक समस्या है आंख में जाला पड़ना। आंख का जाला वैसे तो बढ़ती उम्र के कारण होने वाली समस्या है, लेकिन कुछ कारणों से कम उम्र के लोगों में भी यह समस्या देखने को मिलती है। आंख का जाला एक ऐसी समस्या है, जिसकी वजह से आंख की रोशनी कमजोर हो जाती है और देखने में परेशानी होती है।**

**आंख का जाला क्या है :** आंख का जाला बढ़ती उम्र के कारण होने वाली एक समस्या है। इस समस्या में मरीज को धुंधला दिखना शुरू हो जाता है या देखने में परेशानी होती है। कई बार यह समस्या मोतियाबिंद के कारण होती है, लेकिन कुछ लोगों में आंख के आगे एक परत बनने की वजह से इस समस्या का सामना करना पड़ता है। आंख का जाला एक गंभीर समस्या है और सही समय पर इसका इलाज न होने पर मरीज को दिखाई देने के अलावा आंखों में लालिमा, आंख में दर्द और कई दूसरी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। यह समस्या बढ़ने पर कई गंभीर स्थितियों का कारण बनती है।

### आंख में जाला पड़ने की समस्या में आपको ये लक्षण दिखाई देते हैं

- आंख से कम दिखना
- आंख के आगे अंधेरा छाया रहना
- आंख में दर्द और जलन
- आंखें लाल होना
- आंखों में खुजली होना
- भ्रम या मानसिक समस्या

### आंख का जाला हटाने के उपाय

आंख में जाला अक्सर बढ़ती उम्र के कारण होता है। इस समस्या को दूर करने के लिए आपको सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। सही समय पर इलाज और डॉक्टर की सलाह लेने पर आप इस समस्या को आसानी से दूर कर सकते हैं। आंख का जाला हटाने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खों को भी अपना सकते हैं।

# खून साफ करने के लिए पिएं ये हर्बल चाय, सेहत को मिलेंगे कई फायदे

**शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शरीर की गंदगी (टॉक्सिन्स) को बाहर निकालना बहुत जरूरी है। अगर आपके शरीर की गंदगी बाहर नहीं निकलती है, यानी बॉडी डिटॉक्स नहीं होता है, तो ये गंदगी आपके खून में जमा होने लगती है। इसके कारण आपकी स्किन का ग्लो खो जाता है, स्किन पर मुंहासे-फुंसियां आदि होने लगते हैं और कई अन्य तरह की समस्याएं आनी शुरू हो जाती हैं। बॉडी को डिटॉक्स करने के वैसे तो बहुत सारे तरीके हैं। लेकिन अगर आप बहुत आसानी से और बिना मेहनत अपने खून की गंदगी साफ करना चाहते हैं, तो डाइट में कुछ खास हर्बल चाय को शामिल कर सकते हैं, जो बॉडी और ब्लड दोनों को डिटॉक्स करेंगी। इन चाय को पीने से शरीर हेल्दी रहेगा और बीमारियों से बचाव होगा।**



**तुलसी चाय :** तुलसी रक्त को साफ करने का काम आसानी से करती है। रोज तुलसी की 10 से 12 पत्तियां खाने से खून साफ होने में मदद मिलती है। तुलसी की चाय बनाने के लिए एक गिलास पानी लें। उसमें 10 से 12 तुलसी की पत्तियां डालें। पानी जब आधा रह जाए, तो छान कर इस पानी को चाय की तरह सिप करके पिएं। इस चाय को आप सुबह या शाम कभी भी आसानी से पी सकते हैं।

**नींबू की चाय :** नींबू शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकालने में मदद करता है। इसमें मौजूद विटामिन सी और मिनरल्स शरीर के खून को साफ करने के साथ-साथ पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाने का काम करते हैं। नींबू की चाय बनाने के लिए एक गिलास गुनगुने पानी में थोड़ी चायपत्ती डालें और उबालें। इसके बाद इसे छानकर आधा नींबू को निचोड़ लें। इसे आप सुबह खाली पेट इसका सेवन कर सकते हैं। स्वाद बढ़ाने के लिए शहद या काला नमक भी मिला सकते हैं। कोई बीमारी या दिक्कत होने पर डॉक्टर के परामर्श पर ही इसका सेवन करें।

**दालचीनी और गुड़ की चाय :** दालचीनी शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करती है। वहीं गुड़ शरीर से विषाक्त पदर्थों को निकालने में मदद करता है। दालचीनी और गुड़ की चाय बनाने के लिए एक गिलास पानी में थोड़ी सी दालचीनी तोड़कर डालें और एक छोटा टुकड़ा गुड़ का डालें। पानी जब आधा रह जाए तो छान कर सिप करके पिएं।

**पुदीने की चाय :** पुदीने की चाय बनाने के लिए पुदीने की 4-5 पत्तियां लें। पैन में 1 गिलास पानी रखें। उसमें पुदीने की पत्तियां डालें। पानी जब अच्छे से उबल जाए, तो छानकर उसमें शहद डालकर पी लें। ये चाय शरीर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालकर खून को साफ करने में मदद करेगी।

**अदरक और गुड़ की चाय :** अदरक शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करती है। वहीं गुड़ शरीर के विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर शरीर को हेल्दी रखने में मदद करता है। गुड़ और अदरक की चाय बनाने के लिए गैस पर एक गिलास पानी रखें। उसमें कूटकर कुछ अदरक के टुकड़े और गुड़ डालें। जब पानी आधा रह जाए तो गैस से उतार कर छान लें और पिंए। ये शरीर के खून साफ करने के साथ बॉडी को हेल्दी रखने में मदद करेगा।

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते, और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# पीएम मोदी 3 दिन के ओडिशा दौरे पर, कार्यकर्ताओं से बोले : पहले ओडिशा, फिर हरियाणा और महाराष्ट्र हमने सरकार बनाई, ये आपका सामर्थ्य है

भुवनेश्वर। बढ़ता राजस्थान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार से 3 दिन के ओडिशा दौरे पर हैं। भुवनेश्वर में उन्होंने कार्यकार्ताओं को संबोधित किया और हालिया विधानसभा चुनावों और उपचुनाव में भाजपा की जीत का श्रेय उन्हें दिया। पीएम ने कहा कि पहले भाजपा ने ओडिशा में जीत दर्ज की, फिर हरियाणा और फिर महाराष्ट्र में। ये भाजपा की विशेषता है और भाजपा कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। यह पहला मौका है जब कोई पीएम राज्य में 3 दिन तक रुकेगा। पीएम मोदी भुवनेश्वर के लोकसेवा भवन कन्वेंशन सेंटर में 30 नवंबर और 1 दिसंबर को होने वाली डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। कॉन्फ्रेंस में एनएसए अजीत डोभाल, खुफिया ब्यूरो के अधिकारी, राज्यों के डीजीपी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और स्पेशल प्रोटेक्शन गार्ड के चीफ शामिल हो रहे हैं।

### पीएम के भाषण की प्रमुख बातें...

**1. ओडिशा के लोगों का स्नेह मेरे लिए यादगार**

पीएम ने कहा कि पांच दिन पहले मुझे दिल्ली में ओडिशा पर्व के शानदार समारोह में शामिल होने का अवसर मिला था। ओडिशा पर्व में ओडिया विरासत और गौरव के वो भव्य दर्शन, ओडिशा के लोगों का स्नेह और अपनापन मेरे लिए बहुत ही यादगार पल हैं।

**2. ओडिशा चुनाव के नतीजों ने सभी को हैरान किया**

पीएम ने कहा कि चुनाव से कुछ महीने पहले तक बड़े-बड़े पॉलिटिकल एक्सपर्ट ओडिशा में भाजपा को पूरी तरह से खारिज कर रहे थे। ये लोग कह रहे थे कि ओडिशा में भाजपा इतनी बड़ी ताकत बन ही नहीं सकती कि वो अपने बलबूते पर सरकार बना ले। लेकिन नतीजों ने सबको हैरान कर दिया। क्योंकि, भाजपा की केंद्र सरकार ने ओडिशा के लोगों के लिए जो काम किया और दिल्ली में रहकर भी ओडिशा के लोगों के साथ अपनेपन का जो नाता बनाया, वो ओडिशा में घर-घर तक पहुंच चुका था।

**3. जो सत्ता को जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, वो अपनी हार का गुस्सा जनता पर निकाल रहे हैं**

पीएम मोदी ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है। राजनीतिक दल अपनी बात जनता के बीच पहुंचाने के आंदोलन भी करते रहते हैं, लेकिन ये सब लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा में रहकर किया जाता है। लेकिन पिछले कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव आपने महसूस किया होगा। भारत के संविधान की भावनाओं को कुचला जा रहा है, लोकतंत्र की सारी मान-मर्यादाओं को अस्वीकार किया जा रहा है। जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है। देश की जनता किसी और को आशीर्वाद दे, इसका गुस्सा उन्हें जनता पर भी है। इस स्थिति ने उनके अंदर इतना गुस्सा भर दिया है कि वो देश के खिलाफ साजिश करने में जुटे हैं।



## मणिपुर में 13 दिन बाद खुले स्कूल-कॉलेज

**इंफाल।** 13 दिनों तक बंद रहने के बाद इम्फाल और जिरीबाम में स्कूल और कॉलेज शुक्रवार को फिर से खुल गए। एजुकेशन डायरेक्टरेट ने गुरुवार को इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर, काकचिंग, थौबल और जिरीबाम जिलों में स्कूल दोबारा खोले जाने का आदेश दिया था। हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने भी सभी सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज और स्टेट यूनिवर्सिटीज को शुक्रवार से ही खोलने के आदेश जारी किया था। जिरीबाम में सुरक्षा बलों और कुकी उग्रवादियों के बीच गोलीबारी के बाद 16 नवंबर से सभी स्कूल और कॉलेज बंद थे। झड़प में 10 उग्रवादी मारे गए थे। इसके बाद उग्रवादी राहत शिविर से एक मैतेई परिवार के छह लोगों को अगवा कर ले गए थे। कुछ दिनों बाद मणिपुर और असम में जिरी और बराक नदियों में उनके शव मिले थे।

## अजमेर शरीफ विवाद को लेकर महबूबा मुफ्ती के निशाने पर आए पूर्व सीजेआई, कहा- देश की धर्मनिरपेक्ष नींव को हिलाया जा रहा

नई दिल्ली

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के एक फैसले की कड़ी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि इसमें देश को सांप्रदायिक आधार पर विभाजित करने की क्षमता है। मीडिया को संबोधित करते हुए, उन्होंने बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त की और उन घटनाओं का हवाला दिया जो समुदायों के बीच और कलह पैदा कर सकती हैं। अजमेर शरीफ दरगाह के भीतर शिव मंदिर का दावा करने वाले एक मुकदमे पर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि निर्णय दिया गया कि जो भी स्थान संदिग्ध हो उसका सर्वे कराया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट का 1991 का फैसला कहता है कि धार्मिक स्थल की 1947 वाली स्थिति को बदला नहीं जा सकता।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने एक ऐसा फैसला दिया जिसके चलते अब तक मस्जिदों में ही शिवलिंग खोजे जाते थे लेकिन अब दरगाहों में भी खोजे जाते हैं और वह भी अजमेर शरीफ जैसी दरगाहें जहां मुसलमानों से ज्यादा हिंदू दर्शनार्थी आते हैं।

# संसद की कार्यवाही 2 दिसंबर तक स्थगित

## 4 दिन में कुल 40 मिनट कार्यवाही चली; विपक्ष ने अडाणी और संभल पर सरकार को घेरा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी। 4 दिन में सदन की कार्यवाही सिर्फ 40 मिनट चली। हर दिन औसतन दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में करीब 10-10 मिनट तक कामकाज हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने अडाणी और संभल मुद्दा उठाया। विपक्षी सांसद कार्यवाही के दौरान लगातार हंगामा करते रहे। स्पीकर ने कई बार उन्हें बिठाने की कोशिश की, मगर विपक्ष शांत नहीं हुआ। शुक्रवार को स्पीकर ओम बिरला ने कहा- सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। मैं आशा करता हूं सभी सदस्य सदन को चलने देंगे। देश की जनता संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है। सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार (2 दिसंबर) तक स्थगित कर दी गई। राहुल ने बुधवार को संसद के बाहर कहा था कि अडाणी पर अमेरिका में 2 हजार करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है। उन्हें जेल में होना चाहिए। मोदी सरकार उन्हें बचा रही है। संसद के दोनों सदनों के स्थगित होने पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, मुझे उम्मीद है कि सरकार बड़ा दिल दिखाएगी और विपक्ष को महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने का मौका देगी। सरकार को ऐसा तरीका खोजना चाहिए, जिससे विपक्ष अपनी बात कह सके और सरकार अपनी बात रख सके। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि वह कौन सा मुद्दा उठाना चाहती है और कब। क्या सरकार ने कहा था कि अडाणी, मणिपुर, संभल, चीन और विदेश नीति पर चर्चा होगी? सरकार की तरफ से कुछ नहीं आया। उन्होंने न तो विषय स्पष्ट किया और न ही तारीख। जिस दिन वे विषय और तारीख स्पष्ट कर देंगे, हम सदन चला पाएंगे। लेकिन हम सरकार में एक नया अहंकार देख रहे हैं।



# हिमाचल सीएम सुक्खू ने की पीयूष गोयल से मुलाकात

## स्पेशल औद्योगिक पैकेज और परिवहन सब्सिडी बहाल करने की मांग, शिक्षा मंत्री धर्माणी रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मिलकर हिमाचल को विशेष औद्योगिक पैकेज देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने के लिए जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर हिमाचल को विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान किया जाए। उन्होंने हिमाचल जैसे पहाड़ी क्षेत्रों के लिए पहले की तरह परिवहन सब्सिडी योजना को भी फिर से शुरू करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण परिवहन की लागत काफी अधिक है। उन्होंने निर्यात प्रोत्साहन के लिए औद्योगिक अधोसंरचना विकास परियोजनाओं, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं तथा प्रमाणन प्रयोगशालाओं के लिए उदार वित्तीय सहायता देने का भी आग्रह किया।



### पूंजीगत सब्सिडी जारी करने का आग्रह

**मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास योजना (आईडीएस) के तहत पूंजीगत सब्सिडी की लंबित राशि जारी करने तथा आईडीएस के तहत लंबित मामलों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार की सभी मागों और मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा तथा प्रदेश को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।**

# सीएम के कहने के बावजूद बुजुर्ग-डॉक्टर एसीबी में खड़ा है : किरोड़ीलाल

## कहा : हमारी सरकार संवेदनशील, लेकिन यहां शून्यता क्यों?, धरने पर बैठे पीड़ित

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा जयपुर के झालाना स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने आगरा रोड पर 5000 करोड़ के वेटरनरी कॉलेज पर कब्जा करने की शिकायत की। उन्होंने कहा- सीएम भजनलाल शर्मा को कह दिया। इसके बाद भी 92 साल का बुजुर्ग एसीबी के दरवाजे पर खड़ा है। मैं इसे उचित नहीं मानता। यह बिल्कुल भी ठीक नहीं है। हमारी सरकार संवेदनशील है, लेकिन यहां पर न जाने संवेदन शून्यता क्यों है? यह मेरे भी समझ से बाहर है। किरोड़ीलाल ने कहा- राजस्थान में निवेशकों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

अगर निवेशक की प्रॉपर्टी पर ही कब्जा हो गया। सरकार को जल्द से जल्द कब्जा हटाकर निवेशकों की प्रॉपर्टी फिर से इन्हें दिलानी चाहिए। मुख्यमंत्री की सुनवाई क्यों नहीं हो रही, इस सवाल पर किरोड़ी ने कहा- इस जवाब तो मुख्यमंत्री ही दे सकते हैं। मैं मंत्री हूं, मेरे विभाग में तो अधिकारी मेरी सुनते ही हैं भाई।



# 800 साल पुरानी अजमेर दरगाह पर कोर्ट केस गलत : गहलोत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने अजमेर दरगाह परिसर में शिव मंदिर होने के दावे से उठे विवाद को लेकर बीजेपी, आरएसएस और पीएम नरेंद्र मोदी पर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने कहा- 15 अगस्त 1947 तक बने जो भी धार्मिक स्थान जिस स्थिति में हैं, वे उसी में रहेंगे, यह कानून बना हुआ है। उन पर सवाल उठाना गलत है।

गहलोत ने ये भी कहा- अजमेर दरगाह 800 साल पुरानी है। दुनियाभर से लोग यहां आते हैं। दुनिया के मुल्कों के मुस्लिम भी आते हैं, हिंदू भी आते हैं। प्रधानमंत्री कोई भी हो, कांग्रेस, बीजेपी या किसी दल के हों, पंडित नेहरू के जमाने से मोदी जी तक तमाम प्रधानमंत्री की तरफ से दरगाह में चादर चढ़ती है। चादर चढ़ाने के अपने मायने होते हैं। आप चादर भी चढ़ा रहे हैं और आपकी पार्टी के लोग कोर्ट में केस भी कर रहे हैं। आप भ्रम पैदा कर रहे हैं तो लोग क्या सोच रहे होंगे?



जहां अशांति है वहां विकास नहीं हो सकता, वहां विकास ठप हो जाता है। ये बात किसको कहनी चाहिए, ये बातें मोदी जी और आरएसएस को करनी चाहिए। देश अभी वो चला रहे हैं।

### 15 अगस्त, 1947 तक बने धर्मस्थलों पर सवाल उठाना गलत

पूर्व सीएम ने कहा- जहां तक मुझे जानकारी है, धार्मिक स्थान किसी भी धर्म के हों, 15 अगस्त 1947 तक जो बने हुए हैं, उस पर सवाल नहीं होना चाहिए, इसका कानून बना हुआ है। जब से आरएसएस, बीजेपी सरकार आई है, आप देख रहे हो, देश में धर्म के नाम पर राजनीति चल रही है। चुनाव चाहे महाराष्ट्र का हो, चाहे हरियाणा का हो, चाहे पार्लियामेंट का हो, सारे चुनाव ध्रुवीकरण के आधार पर जीते जा रहे हैं। खुलकर धर्म के आधार पर ये लोग टिकट बांट रहे हैं। देश में स्थिति तो बड़ी विकट है। यह स्थिति आसान नहीं है। यह तो इनको खुद को देखने की बात है, जो आज शासन में हैं।

### पक्ष और विपक्ष में बढ़ गईं दूरियां

गहलोत ने कहा- शासनकर्ता की जिम्मेदारी बहुत बड़ी होती है। सत्ता में जो हैं, उनकी जिम्मेदारी होती है कि विपक्ष को साथ लेकर चलें, विपक्ष की भावना का आदर करें, जो कि ये नहीं कर रहे हैं। पक्ष और विपक्ष में दूरियां बढ़ती जा रही हैं, वह अपनी जगह है। पूर्व सीएम बोले- जब 15 अगस्त 1947 की स्थिति में संसद में कानून पास हो गया, उसके बावजूद मंदिर दरगाह में क्या था, पहले क्या था उसी में फंसे रहेंगे तो देश के मूल मुद्दों का क्या होगा?

# कांग्रेस में ऊपर से नीचे तक बदलाव की जरूरत : खड़गे

## कहा : हमें चुनावी रणनीति में सुधार करना होगा, माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की दिल्ली में मीटिंग हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- चुनाव परिणामों से निराश नहीं होना चाहिए। पार्टी को मजबूत करने के लिए ऊपर से लेकर नीचे तक बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें चुनावी रणनीति में भी सुधार करना होगा, माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं होता है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बैठक में एक बार फिर ईवीएम पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ईवीएम ने चुनाव प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है, चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए। खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कोई भी अंकगणित परिणामों को सही नहीं ठहरा सकता। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से महाविकास अघाड़ी ने प्रदर्शन किया, उस हिसाब से विधानसभा के परिणाम देखकर चुनावी पंडित भी भ्रमित हैं।

### मीटिंग में खड़गे की पूरी बात 5 पॉइंट में...

1. संगठन में ऊपर से नीचे तक बदलाव की जरूरत खड़गे ने कहा- राज्य चुनावों में उम्मीद से कम प्रदर्शन हमारे लिए चुनौती है। पार्टी नेताओं में एकता की कमी, एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी चुनावों में हमें नुकसान पहुंचा रही है, इस पर सख्त अनुशासन की जरूरत है। पार्टी को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर से लेकर एआईसीसी तक बदलाव लाने होंगे।
2. माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं खड़गे ने बैठक में कहा- चुनाव का माहौल हमारे पक्ष में होने से जीत की गारंटी नहीं मिलती। टाइम बाउंड स्ट्रैटेजी बनाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। विधानसभा चुनावों के लिए एक साल पहले से तैयारी करनी होगी, मतदाता सूचियों की जांच करनी होगी।
3. हमें अपनी चुनाव रणनीति में सुधार करना होगा खड़गे ने कहा- महाराष्ट्र में कोई भी अंकगणित परिणामों को सही नहीं ठहरा सकता। एमवीए के लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद चुनाव पंडित भ्रमित हैं। हमें अपनी चुनाव रणनीति में सुधार करना होगा। दुष्प्रचार, गलत सूचना का मुकाबला करने के तरीके विकसित करने होंगे।
4. कांग्रेस के लिए सत्ता में आना महत्वपूर्ण खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के लिए सत्ता में आना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे देश भर में लोगों के एजेंडे को लागू करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के अच्छे नतीजों के बाद विधानसभा चुनाव के नतीजों ने हमें झकझोर दिया, हमें कड़े कदम उठाने होंगे।
5. मणिपुर से लेकर संभल तक बहुत गंभीर मसले हैं खड़गे ने कहा- बातें बहुत सी हैं। मणिपुर से लेकर संभल तक का बहुत गंभीर मसले है। बीजेपी देश का ध्यान अपनी विफलताओं से भटकाने के लिए कई धार्मिक मुद्दों को विभिन्न माध्यमों से हवा देने की कोशिश कर रही है। हमें सत्ता में बैठी विभाजनकारी ताकतों को हर हालत में हराना है। क्योंकि हमने ये शानदार देश बनाया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com